www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 22 मार्च, 2024 | वर्ष-16 | अंक -347 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए






शिवकुमार ने कहा, कर्नाटक में बाकी सीटों के लिए 02

■ नैतिकता के आधार पर केजरीवाल इस्तीफा दें : विजेन्द्र गुप्ता
■ हनुमान जयंती पर शुष्क दिवस व सार्वजनिक ... 03

■ अफगानिस्तान के साथ सशस्त्र संघर्ष नहीं चाहता ...
■ ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने की चीनी विदेश मंत्री ... 07

माधुरी दीक्षित ने कहा, होली पर अपने बच्चों की बहुत याद ... 10




# ईडी ने केजरीवाल को किया गिरफ्तार

## आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के पहलू की जांच के सिलसिले में किया गिरफ्तार

- ईडी ने करीब दो घंटे तक की पूछताछ
- गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में गुहार
- सुरक्षा के किए गए थे कड़े इंतजाम
- आतिशी बोली, मुख्यमंत्री बने रहेंगे





■ गिरफ्तारी का विरोध करते आप कार्यकर्ता

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गुरुवार रात प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के पहलू की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया। आम आदमी पार्टी के संयोजक श्री केजरीवाल को ईडी के अधिकारी दो घंटे की पूछताछ करने के बाद उनके निवास से गिरफ्तार कर लिया गया। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनकी कानूनी टीम सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाने के लिए पहुंच गई थी। गिरफ्तारी के बाद दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। इससे पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने आज दिन में श्री केजरीवाल की गिरफ्तारी से बचने की अर्जी को खारिज कर दिया था। उसके बाद ईडी अधिकारियों की टीम मुख्यमंत्री के आवास पर तलाशी के लिए पहुंची और दो घंटे तक पूछताछ की। केजरीवाल मंत्रिमंडल के सहयोगी सौरभ भारद्वाज ने सोशल मीडिया मंच पर एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया है। ईडी की टीम किसी बाहरी व्यक्ति को मुख्यमंत्री के आवास के अंदर जाने की अनुमति नहीं दे रही थी। दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मुख्यमंत्री आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि यहां ईडी छापेमारी की गई है। पुलिस किसी को अंदर नहीं जाने दे रही है।

### गिरफ्तारी से भाजपा को हराने का इरादा मजबूत होगा : येचुरी

**नई दिल्ली।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के नेता सीताराम येचुरी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि इससे भाजपा को हराने का जनता का इरादा मजबूत होगा। श्री येचुरी ने बृहस्पतिवार को देर शाम सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि माकपा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करती है। उन्होंने कहा कि यह दूसरी बार है जब इंडिया समूह के वर्तमान मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया है।

### डरा हुआ तानाशाह, एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की निंदा की है और कहा कि डरा हुआ तानाशाह, एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। श्री गांधी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, डरा हुआ तानाशाह, एक मरा हुआ लोकतंत्र बनाना चाहता है। मीडिया समेत सभी संस्थाओं पर कब्ज़ा, पार्टियों को तोड़ना, कंपनियों से हफ्ता वसूली, मुख्य विपक्षी दल का अकाउंट फ्रीज़ करना भी 'असुरी शक्ति' के लिए कम था, तो अब चुने हुए मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी भी आम बात हो गई है।



बैंक खाते सील करने पर कांग्रेस भड़की

# चुनाव के समय खाते सील करना लोकतंत्र पर हमला

## प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव के समय आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के घातक

> प्रधानमंत्री द्वारा कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु बनाने का सुनियोजित प्रयास चल रहा है। हमारे खातों से जबरन पैसा छीना जा रहा है : **सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

> भाजपा के पास फाइव स्टार ऑफिस, हमारे खाते भी सीज। चुनाव में सभी राजनीतिक दलों के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो : **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस**

### खड़गे, सोनिया व राहुल ने की प्रेस कांफ्रेंस

नई दिल्ली, 21 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के वक्त उसके बैंक खाते सील कर प्रमुख विपक्षी दल को सोची समझी रणनीति के तहत आर्थिकरूप से पंगु बनाया जा रहा है ताकि वह चुनाव नहीं लड़ सके और ऐसा कर मोदी सरकार लोकतंत्र को नष्ट करने के काम में जुटी हुई है ।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, कांग्रेस सांसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन तथा पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित विशेष सयुंक्त संवाददाता सम्मेलन में आज कहा कि पार्टी के बैंक खाते आयकर नहीं देंगे का आरोप लगाकर सील किए गए हैं और अब पार्टी अपने खाते में जमा 285 करोड़ रुपए का इस्तेमाल भी नहीं कर सकती है। ऐसे हालात में पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करना भी

### पार्टी के लिए चुनाव प्रचार करना कठिन हुआ

कठिन हो गया है। पार्टी पर यह करवाई 05 साल तथा 35 साल पुराने मामले में की जा रही है। प्रमुख विपक्षी दल को चुनाव के समय इस तरह आर्थिक रूप से पंगु बनाना लोकतंत्र के घातक है। श्री खड़गे ने कहा लोकतंत्र के लिए चुनाव अनिवार्य होता है, साथ ही यह भी आवश्यक है कि सभी राजनीतिक दलों के लिए लेवल प्लेयिंग फील्ड हो।

## सार संक्षेप

### चुनाव आयोग ने 13 अधिकारियों के किए तबादले



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने वर्तमान चुनावों में तंत्र की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चार राज्यों- गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में आठ गैर-कैडर पुलिस अधीक्षकों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पांच गैर-कैडर जिलाधिकारियों का तबादला कर दिया है। आयोग ने गुरुवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में समान अवसर प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, उसने आज इन गैर-कैडर अधिकारियों के लिए स्थानांतरण आदेश जारी किए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने फैक्ट चेक यूनिट पर लगाई रोक



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार की उस अधिसूचना पर रोक लगा दी है, जिसमें फैक्ट चेक यूनिट लागू करने का आदेश जारी किया था। सरकार के इलेक्ट्रोनिक्स और आईटी मंत्रालय ने 20 मार्च को ही आईटी (संशोधन) कानून के तहत फैक्ट चेक यूनिट के नियम लागू करने की अधिसूचना जारी की थी। आईटी संशोधन कानून 2023 के नियमों को बॉम्बे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

### सरकार की ऑनलाइन सट्टेबाजी के विज्ञापनों से बचने की सलाह



**नई दिल्ली।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर सभी प्रभावशाली लोगों को सरोगेट विज्ञापन सहित ऑफशोर ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों के प्रचार या विज्ञापन से बचने की सलाह दी है। कि इन विज्ञापनों और सट्ट्रेबाजी तथा जुए का उपभोक्ताओं, विशेषकर युवाओं पर गलत सामाजिक-आर्थिक प्रभाव पड़ता है। सोशल मीडिया मध्यस्थों को भी सलाह दी गई है कि वे इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने का कार्य करें।

# चुनाव आयोग ने एसबीआई से मिला सारा डाटा अपलोड किया



- बॉन्ड के सीरियल नंबर जैसी डिटेल भी शामिल
- 900 से अधिक पन्नों में जनता के सामने आए आंकडे

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। हजारों करोड़ रुपए का चुनावी चंदा लेने के लिए इस्तेमाल किए गए- इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े महत्वपूर्ण डेटा को चुनाव आयोग ने एक बार फिर आम जनता के सामने पेश किया है। इस बार पुराने आंकड़ों से अधिक विवरण शेयर किए गए हैं। भारतीय स्टेट बैंक से मिले नए आंकड़ों-सूचनाओं में चुनावी बॉन्ड के खरीदार का नाम, भुनाने वाली पार्टी का नाम और बॉन्ड के सीरियल नंबर जैसी डिटेल भी शामिल है। डेटा सार्वजनिक कर आयोग ने बताया कि उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर बॉन्ड से जुड़ी पूरी डिटेल पढ़ी सकती है।

चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोक में एसबीआई ने 21 मार्च को इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा मुहैया कराया। आयोग ने पूरी जानकारी- जिस स्थिति में मिला वैसे ही आधार पर वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा 900 से अधिक पन्नों में आम जनता भी देख सकती है।

# भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि ने मांगी माफी

## हलफनामा दायर कर कहा, भविष्य में ऐसा नहीं होगा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। भ्रामक विज्ञापन के मामले में पतंजलि आयुर्वेद ने माफी मांग ली है। पतंजलति आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बिना शर्त माफी मांगी। हलफनामा में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि वह ये सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे विज्ञापन आगे से जारी न हों। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी मंशा सिर्फ देश के नागरिकों को आयुर्वेदिक उत्पादों का इस्तेमाल करते हुए स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को 2 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा था।

लोकसभा चुनाव

### भाजपा की तीसरी सूची जारी

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने गुरुवार को तीसरी लिस्ट जारी कर दी। पार्टी ने लिस्ट में 9 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। भाजपा ने तेलंगाना की पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन को चेन्नई साउथ से टिकट दिया है। तमिलिसाई सौंदरराजन तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गई थीं।

एक फीसदी लोगों के पास देश की 40 फीसदी संपत्ति

# 2014 से 2023 के बीच आय में असमानता तेजी से बढ़ी



■ वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब की रिपोर्ट ने दी जानकारी


**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों की कमाई और संपत्ति उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इन लोगों के पास देश की कुल संपत्ति का 40.1 फीसदी हिस्सा है। कुल आय में इनकी हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है। यह अब तक का रिकॉर्ड है। यह दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील और अमेरिका से भी अधिक है। आर्थिक आंकड़ों की गुणवत्ता काफी खराब है। हाल ही में इसमें गिरावट देखी गई है। भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत आबादी का आमदनी में हिस्सा ऊंचे स्तर पर है। यह संभवत: सिर्फ पेरू, यमन और कुछ अन्य देशों से ही कम है। वर्ल्ड इनइक्वालिटी लैब की भारत में आमदनी और संपदा में असमानता, 1922-2023 : अरबपति राज का उदय शीर्षक की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में भारत में असमानता ब्रिटिश राज से भी ज्यादा हो गई है। आजादी के बाद 1980 के दशक की शुरुआत तक अमीर और गरीबों के बीच आय व धन के अंतर में गिरावट देखी गई थी, लेकिन 2000 के दशक में इसमें रॉकेट की तरह इजाफा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, 2014-15 से 2022-23 के बीच आय में असमानता सबसे तेजी से बढ़ी है।

### कर से जुड़ीं नीतियां जिम्मेदार

इसके पीछे कर से जुड़ीं नीतियां जिम्मेदार हैं। वैश्विक उदारीकरण की चल रही आर्थिक लहर का लाभ उठाने के लिए यह जरूरी है कि आय और संपत्ति दोनों के लिहाज से कर लगाया जाए। स्वास्थ्य, शिक्षा और न्यूट्रिशन जैसी चीजों पर सरकारी निवेश को बढ़ाया जाए। इससे अमीर वर्ग ही नहीं, बल्कि एक औसत भारतीय भी तरक्की कर सकेगा।

### 1982 में अमीरों का हिस्सा था 30 फीसदी

रिपोर्ट के अनुसार, आजादी के समय देश की आय में 10 फीसदी सबसे अमीर लोगों का हिस्सा 40 फीसदी था जो 1982 में घटकर 30 फीसदी पर आ गया। 2022 में यह बढ़कर 60 फीसदी हो गया।



# देश

उवाच "'यह बात बिल्कुल सच है कि मुझे कांग्रेस में शामिल होने के लिए ऑफर मिला है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि मैं कहां से चुनाव लड़ूंगा, लेकिन मेरी जीत तय है, कांग्रेस नेताओं ने मुझे विश्वास दिलाया है कि वो मेरे साथ हुए अन्याय के खिलाफ मेरा पक्ष लेंगे : **डीवी सदानंद गौड़ा, भाजपा सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 30.1 | 16.4 |
| मुंबई | 38.8 | 21.4 |
| कोलकाता | 28.4 | 18.1 |
| चेन्नई | 33.7 | 27.4 |

### पहले चरण की अधिसूचना के साथ ही जम्मू कश्मीर में हलचल तेज हुई

## जितेंद्र सिंह ने उधमपुर से पर्चा भरा, कांग्रेस की मुकाबले में लाल सिंह को उतारने की तैयारी

**जम्मू,** 21 मार्च (देशबन्धु)। कल लोकसभा सीटों के पहले चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में सियासी हलचल ने जोर पकड़ लिया है। पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है। इसके लिए इस संसदीय क्षेत्र से दो बार सांसद रहे डॉ जितेंद्र सिंह ने आज कठुआ में अपना नामांकन भरा। उन्होंने हैट ट्रिक बनाने की उम्मीद तो जताई है पर इसी सीट पर कांग्रेस द्वारा चौधरी लाल सिंह को मैदान में उतारने के कारण मुकाबला कांटे का हो गया है। उधमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार डा जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को कठुआ के जिला उपायुक्त कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र रैना, ग्रेट खली उर्फ दलीप सिंह व अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। कठुआ के कालीबाड़ी में रोड शो करते हुए बड़ी संख्या में भाजपा समर्थकों के साथ जितेंद्र सिंह उपायुक्त कार्यालय के करीब पहुंचे।

नामांकन भरने के बाद कठुआ शहर के रामलीला मैदान में उन्होंने एक रैली को संबोधित भी किया। डा जितेंद्र सिंह पर भाजपा ने तीसरी बार भरोसा जताया है। इससे पहले 2014 व 2019 में वह इसी लोकसभा सीट से विजयी हुए हैं और पीएमओ मंत्री रहे हैं। वहीं, अपना नामांकन दाखिल करने से पहले जितेंद्र सिंह ने सुबह जम्मू स्थित अपने घर पर पूजा की। पर इस सीट पर मुकाबला कांटे का लगने लगा है क्योंकि पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस से दो बार सांसद रह चुके चौधरी लाल सिंह का गुरुवार को जम्मू पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ जो कल ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं और कांग्रेस उन्हें डा जितेंद्र सिंह के मुकाले उतार रही है। बुधवार को लगभग 10 साल के बाद फिर लाल सिंह ने कांग्रेस में वापसी की थी। इन दस सालों में वह भाजपा के साथ रहे। विधायक बन कर प्रदेश में मंत्री भी रहे। फिर भाजपा से अलग होकर खुद की पार्टी डोगरा स्वाभिमान संगठन बनाई। अब एक बार फिर कांग्रेस से हाथ मिलाया है। चौधरी लाल सिंह ने कांग्रेस की टिकट से उधमपुर सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं। हालांकि कांग्रेस की ओर से इस सीट पर उम्मीदवार की घोषणा किया जाना अभी बाकी है। लाल सिंह 2004 और 2009 में उधमपुर की सीट से जीत हासिल कर चुके हैं। अगर कांग्रेस एक बार फिर लाल सिंह को उधमपुर सीट से मैदान में उतारती है तो इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो जाएगा। इस बीच





पहले चरण में उधमपुर लोकसभा सीट के लिए मतदान होना है

जेल में बंद इंजीनियर रशीद को अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) ने उत्तरी कश्मीर की बारामुल्ला लोकसभा सीट से उम्मीदवार के रूप में नामित किया है। रशीद द्वारा स्थापित एआईपी की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने बताया कि सर्वसम्मति से पार्टी प्रमुख को लोकसभा उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है।

पार्टी प्रवक्ता फिरदौस बाबा ने कहा कि हमें उम्मीद है कि चुनाव से पहले उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो वह तिहाड़ जेल से ही चुनाव लड़ेंगे। बाबा ने कहा कि दोषी न ठहराए जाने तक संविधान किसी भी आरोपी को चुनाव लड़ने की इजाजत देता है। रशीद को एनआईए ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को रद्द करने से दो दिन पहले गिरफ्तार किया था और बाद में यूएपीए की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### शिवकुमार ने कहा, कर्नाटक में बाकी सीटों के लिए टिकट फाइनल, जल्द होगी घोषणा

**बेंगलुरु,** 21 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि राज्य की शेष लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस ने सब कुछ तय कर लिया है पत्रकारों से बात करते हुए, शिवकुमार ने कहा कि पार्टी अब उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु के टिकटों पर चर्चा कर रही है। शिवकुमार कर्नाटक कांग्रेस के प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा, 'मेरे 40 साल के राजनीतिक करियर में इस बार ज्यादातर युवाओं, महिलाओं, पढ़े लिखे और नए चेहरों को टिकट दिया गया है। वे चुनाव जीतेंगे और आने वाले दिनों में पार्टी के स्तंभ बनेंगे।' यह पूछे जाने पर कि क्या केवल मंत्रियों के बेटे और बेटियां ही इस श्रेणी में आते हैं, शिवकुमार ने कहा कि टिकट उन्हें दिया जाता है जो मांग करते हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी नामांकित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'हम उन लोगों को टिकट नहीं दे सकते, जिन्होंने मांगे ही नहीं। सबसे पहले, उनकी अपनी इच्छा होनी चाहिए और उनमें प्रतिबद्धता होनी चाहिए।' कांग्रेस ने कर्नाटक से आठ उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है और अन्य उम्मीदवारों की घोषणा की जानी है, हालांकि चार सीटों पर असमंजस की स्थिति है। शिवकुमार ने कहा कि इसके लिए एक दौर की बातचीत हो चुकी है और आगे की चर्चा वर्चुअल मोड में होगी।



## अन्नाद्रमुक ने तमिलनाडु, पुडुचेरी के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की

**चेन्नई,** 21 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु की विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को राज्य के साथ-साथ पुडुचेरी के 17 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी और अंतिम सूची जारी की, जिसमें कई नए चेहरे हैं और एक महिला को भी मैदान में उतारा गया है। अन्नाद्रमुक तमिलनाडु के 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि पांच सीटें अपने सहयोगी डीएमडीके और एक-एक सीट पुथिया तमिलगम और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के लिए छोड़ेगी। वह पुडुचेरी की एकमात्र सीट पर भी चुनाव लड़ेगी। पार्टी महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री एडप्पादी के. पलानीस्वामी द्वारा यहां पार्टी मुख्यालय में जारी की गई दूसरी सूची में तीन को छोड़कर तुलनात्मक रूप से सभी नए चेहरे शामिल हैं। इसमें एक महिला - शिमला मुथुचोझन भी शामिल हैं, जो द्रमुक नेता और पूर्व मंत्री एस.पी. सारंगा पांडियन की बहू हैं। शिमला मुथुचोझन तिरुनेलवेली से चुनाव लड़ेंगी। वह इस महीने की शुरुआत में द्रमुक छोड़ने के बाद पार्टी में शामिल हुईं। पार्टी ने उन्हें 2016 के विधानसभा चुनाव में दिवंगत अन्नाद्रमुक सुप्रीमो जे. जयललिता के खिलाफ मैदान में उतारा था। तमिलनाडु में 16 उम्मीदवारों की पहली सूची में कोई महिला उम्मीदवार नहीं होने के कारण पार्टी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। दूसरी सूची में तीन बार के विधायक आर. कुमारगुरु भी शामिल हैं, जिन्होंने 2016 के चुनाव में डीएमडीके नेता और अभिनेता, विजयकांत को हराया था, लेकिन 2021 में कल्लाकुरिची से अपने द्रमुक प्रतिद्वंद्वी से हार गए और भारतीय संस्थान के पूर्व छात्र सिंगाई टी. रामचंद्रन भी शामिल हैं, जो ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम), अहमदाबाद और कोयंबटूर से पार्टी के पूर्व विधायक गोविंदरासुम के बेटे हैं। जयललिता द्वारा रामचंद्रन को एआईएडीएमके आईटी विंग का सचिव बनाया गया था, लेकिन मार्च 2016 में उनकी जगह 'एस्पायर' के. स्वामीनाथन को नियुक्त किया गया। फरवरी 2017 में जब पार्टी विभाजित हुई, तो रामचंद्रन पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम के नेतृत्व वाले खेमे के साथ थे। अन्य उम्मीदवार हैं जी. प्रेमकुमार (श्रीपेरंबुदूर), एस. पशुपति (वेल्लोर), आर. अशोकन (धर्मपुरी), एम. कलियापेरुमल (तिरुवन्नामलाई), पी. अरुणाचलम (तिरुप्पुर), कार्तिक अप्पुसामी उर्फ ए. कार्तिकेयन (पोल्लाची), पी. करुप्पैया (तिरुचि), एन.डी. चंद्रमोहन (पेरम्बलूर), पी. बाबू (मयिलादुथुराई); पनागुडी ए. जेवियरडॉस (शिवगंगा), आर. शिवसामी वेलुमणि (थूथुकुडी), बेसिलियन नाज़रेथ (कन्नियाकुमारी) और डी. लोकेश तमिलसेल्वन (नीलगिरी-एससी)। जी तमिलवेंदन पुडुचेरी से चुनाव लड़ेंगे।



■ 17 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी और अंतिम सूची जारी की

■ 39 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से 32 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

## सार संक्षेप

### जेल में ही मनेगी हेमंत सोरेन की होली, 14 दिनों के लिए हिरासत बढ़ी

**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए की विशेष कोर्ट ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी। अब, 4 अप्रैल तक हेमंत सोरेन रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में ही रहेंगे। गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत में हेमंत सोरेन की पेशी हुई और इसके बाद न्यायिक हिरासत की अवधि बढ़ा दी गई। रांची के बड़गाईं अंचल में 8.50 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीदारी करने के मामले में ईडी ने हेमंत को 31 जनवरी को आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### अखिलेश यादव को झटका अपना दल कमेरावादी से भी टूटा गठबंधन

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन को एक बड़ा झटका लगा है। रालोद के बाद अपना दल (कमेरावादी) भी गठबंधन से अलग हो गई है। इसका ऐलान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने खुद किया। अखिलेश यादव ने साफ कर दिया है कि सपा और पल्लवी पटेल की अपना दल (कमेरावादी) के बीच कोई गठबंधन नहीं है। 2022 के चुनाव तक ही गठबंधन था, 2024 में कोई गठबंधन नहीं है। गुरुवार को लखनऊ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 में अपना दल (कमेरावादी) से हमारा गठबंधन था, जो अब टूट गया है। दरअसल, रालोद प्रमुख जयंत चौधरी भी सपा से अपना गठबंधन खत्म कर भाजपा के साथ चले गए हैं। अब, पल्लवी पटेल की अपना दल (कमेरावादी) से गठबंधन खत्म होने का ऐलान खुद अखिलेश यादव ने कर दिया। अपना दल (कमेरावादी) ने मिर्ज़ापुर, फूलपुर और कौशांबी सीट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है।

### सीट बंटवारे से पहले राजद उम्मीदवारों को सिंबल, भाजपा का कटाक्ष

**पटना।** लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसता नजर आ रहा है। ऐसे में बिना सीट बंटवारे के महागठबंधन में शामिल राजद द्वारा कथित तौर पर कई उम्मीदवारों को सिंबल बांटने पर भाजपा ने कटाक्ष किया है। भाजपा ने कहा कि राजद ने ऐसा कर कांग्रेस और वामपंथियों को अपनी औकात बता दी है। भाजपा के प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि राजद बिहार में कांग्रेस की दुकानदारी बंद करना चाहती है। बिना सीट बंटवारे के सिंबल बांटकर राजद ने कांग्रेस और वामपंथियों की औकात दिखा दी है। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद ऐसे नेता हैं जो कहते हैं, वह करते नहीं हैं और जो करते हैं, वह कहते नहीं हैं।

## लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना में 10 करोड़ रुपए की नकदी जब्त

**हैदराबाद,** 21 मार्च (एजेंसियां)। तेलंगाना पुलिस ने राज्य में 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले अब तक 10 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। वहीं, हैदराबाद में पुलिस विभाग के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को सीसीटीवी के माध्यम से शराब के परिवहन की निगरानी का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने अब तक की तलाशी के दौरान बिना लाइसेंस के हथियार, विस्फोटक, जिलेटिन की छड़ें और सोना भी जब्त किया है। आदर्श आचार संहिता के क्रियान्वयन को लेकर मुख्य सचिव शांति कुमारी द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की गई बैठक में यह जानकारी दी गई। उन्होंने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए समन्वय बनाकर काम करने को कहा। बैठक में पुलिस, उत्पाद शुल्क, वाणिज्यिक कर, वन, राजस्व, परिवहन एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में भी उसी भावना से और अधिक कुशलता से काम करें, जैसा उन्होंने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में किया था। अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सीमावर्ती इलाकों में विशेष चेक पोस्ट स्थापित करने के अलावा, पड़ोसी राज्यों के चेक पोस्ट के साथ समन्वय करके प्रभावी निगरानी बढ़ा दी गई है। चुनाव के संचालन और आचार संहिता के कार्यान्वयन के लिए सभी प्रमुख विभागों द्वारा विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं।

राज्य में विभिन्न विभागों द्वारा चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं। इनमें पुलिस विभाग के 444 चेक पोस्ट और नौ अंतरराज्यीय चेक पोस्ट हैं। परिवहन विभाग द्वारा 15 चेक पोस्ट एवं 52 प्रवर्तन दल गठित किये गये हैं। ये चेक पोस्ट चौबीसों घंटे काम करेंगे। परिवहन विभाग की टीमों द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान 34.31 लाख रुपये जब्त किए गए। वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा 16 अंतरराज्यीय चेक पोस्ट स्थापित किये गये हैं तथा 31 रणनीतिक बिंदुओं पर विशेष निगरानी की जा रही है।



■ तलाशी के दौरान बिना लाइसेंस के हथियार, विस्फोटक, जिलेटिन की छड़ें और सोना भी जब्त किया

## दो अलग मंत्रालयों में चल रही थी एक ही नंबर की दो इनोवा कार

■ जोगेन्द्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस और सरकारी महकमे कितनी भी चौकसी बरतें लेकिन इसके बावजूद गोरखधंधा करने वाले ऐसा फ्रॉड करने से बाज नहीं आते जिससे सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो जाते हैं। नई दिली इलाके में धोखाधड़ी का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पुलिस को भी हैरत में डाल दिया है। ये मामला एक ही मालिक द्वारा चलवाई जा रही समान नंबर की दो कारों का है जो केन्द्र सरकार के अलग- अलग मंत्रालय में कॉन्ट्रैक्ट पर चल रही थी। इस घटना से अति संवेदनशील इलाकों में स्थित केन्द्र सरकार के मंत्रालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़ा हो गया है। नई दिल्ली जिला पुलिस के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली जिसमें तुगलक रोड इलाके में एक जैसी दो इनोवा गाड़ियां देखे जाने की शिकायत की गई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद तत्काल छानबीन शुरू की दी और कुछ ही घंटो में एक ही नंबर की दोनों इनोवा कार को जब्त कर लिया। तुगलत रोड थाने में इस बाबत आईपीसी की धारा 471 (जाली दस्तावेज को असली के रूप में इस्तेमाल करना) और 482 (झूठे संपत्ति चिह्न का इस्तेमाल करना) के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने दोनों इनोवा कार के मालिक को हिरासत में लिया है और पूछताछ की जा रही है। पुलिस को वाहन स्वामी से पूछताछ में पता चला है कि दोनों इनोवा कार फरीदाबाद के एक पते पर रजिस्टर्ड है। वाहन स्वामी दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में रहता है। उसकी एक गाड़ी का नंबर असली था और उस पर कमर्शियल नंबर प्लेट लगी थी। लेकिन दूसरी गाड़ी का नंबर व प्लेट नॉन कमर्शियल थी। वाहन स्वामी की कमर्शियल कार पहले से केन्द्र सरकार के एक मंत्रालय में अनुबंध के आधार पर चल रही थी। उसने अपनी दूसरी गाड़ी पर भी पहली गाड़ी की कमर्शियल नंबर प्लेट व कागज लगाकर एक अलग मंत्रालय में अनुबंध के आधार पर चलवानी शुरू कर दी। ये ना सिर्फ कानूनन धोखधड़ी की श्रेणी में आता है वरन यातायात नियमों के मुताबिक भी यह अपराध है। बता दें कि केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और उनके विभागों में सरकारी वाहनों की कमी के कारण अनुबंध पर ट्रासपोर्ट कंपनियों से गाड़ियों का मंगवाइ जाती है। ट्रांसपोर्ट कंपनियां छोटे वेंडरों से उनकी कार लेकर उन्हें मंत्रालयों और विभागों में लगवा देते हैं। वाहन स्वामी से उसकी कार की आरसी लेकर उन्हें मंत्रालय के भीतर आने जाने का पास भी मिल जाता है। लेकिन इस घटना के बाद सवाल खड़ा हो गया है कि दिल्ली के सरकारी मंत्रालयों इस तरह के कितने वाहन चल रहे है जिनसें कभी भी सुरक्षा का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।

सुरक्षा पर सवाल !




## सतना लोकसभा सीट से विधानसभा के प्रतिद्वंद्वी फिर आमने-सामने

**सतना,** 21 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की सतना लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होने जा रहा है। अब से चार माह पहले हुए विधानसभा चुनाव के प्रतिद्वंदी एक बार फिर आमने-सामने हैं। कांग्रेस ने जहां विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को अपना उम्मीदवार बनाया है, वहीं भाजपा ने चार बार से सांसद और अभी हाल ही में विधानसभा चुनाव हारने वाले गणेश सिंह को मैदान में उतारा है। सतना लोकसभा सीट की स्थिति पर गौर करें तो एक बात साफ हो जाती है कि यहां पिछड़े वर्ग की बहुलता है। इसी बात को ध्यान में रखकर भाजपा ने जहां गणेश सिंह को एक बार फिर मौका दिया है, दूसरी ओर कांग्रेस ने सिद्धार्थ कुशवाहा को मैदान में उतारा है।



गणेश सिंह कुर्मी जाति से आते हैं, वहीं सिद्धार्थ का नाता कुशवाहा जाति से है। इन दोनों ही जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां अच्छी खासी है। वहीं इस सीट पर ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या ज्यादा नहीं है। इस सीट के इतिहास पर गौर करें तो अब तक 15 लोकसभा चुनाव हुए हैं, जिनमें कांग्रेस पांच बार जीती है। भाजपा, जिसमें जनसंघ और जनता पार्टी भी शामिल है, नौ बार जीती है। इसके अलावा 1996 में बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार भी जीता है। इन 15 चुनावों में जहां सात बार पिछड़े वर्ग के व्यक्ति को जीत मिली, वहीं दो बार अल्पसंख्यक भी चुनाव जीते हैं। यहां कांग्रेस अंतिम बार 1991 में जीती थी, जब अर्जुन सिंह निर्वाचित हुए थे।

■ कांग्रेस ने सिद्धार्थ कुशवाहा व भाजपा ने गणेश सिंह को मैदान में उतारा

### कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना के बेटे ने भाजपा का दामन थामा

**भोपाल,** 21 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में गुरुवार का दिन कांग्रेस और खासकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के लिए बड़े झटके देने वाला रहा। कमलनाथ के करीबी दीपक सक्सेना ने कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा देने के साथ कांग्रेस ही छोड़ दी तो शाम होते-होते दीपक सक्सेना के बेटे अजय सक्सेना ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने छिंदवाडा से महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री एवं कांग्रेस के पूर्व मंत्री तेजी लाल सरेयाम की बहू सुहागवती सरेयाम, कांग्रेस के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता दीपक सक्सेना के पुत्र अजय सक्सेना को भाजपा की सदस्यता दिलाई। छिंदवाड़ा के 400 से अधिक कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## लोकसभा चुनाव आते ही बिहार में बाहुबलियों की बहार

**पटना,** 21 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव आते ही बिहार में बाहुबलियों की बहार आ गई है। हाल के दिनों में देखा गया है कि कई दबंग, बाहुबली और जेल में सालों की सजा काट चुके नेता और उनके परिजन अब बिहार में सियासी दलों की पसंद बन रहे हैं। वैसे, बिहार के लिए यह कोई नई बात नहीं है। यहां दबंग और बाहुबलियों की राजनीति में पूछ होती रही है। एक बार फिर उनकी पूछ बढ़ गई है। बाहुबली के रूप में चर्चित पूर्व सांसद की पत्नी लवली आनंद ने अपने बेटे के साथ हाल ही में राजद को छोड़कर जदयू की सदस्यता ग्रहण की थी। लवली आनंद के शिवहर से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है। बिहार में आनंद मोहन के नाम कई अपराधिक मामले दर्ज हुए थे। आनंद मोहन हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे, लेकिन बिहार सरकार के कानून में परिवर्तन करने के बाद वे जेल से रिहा हो गए।

बुधवार को दिल्ली में अपनी पार्टी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय करने वाले पप्पू यादव भी इस चुनाव में कांग्रेस की जरूरत बन गए हैं। पप्पू यादव भले पिछले कई वर्षों से राजनीति में सक्रिय रहे हों, लेकिन उनकी पुरानी छवि बाहुबली की रही है। उनपर हत्या, रंगदारी, अपहरण सहित कई मामले दर्ज हुए थे। यादव के पूर्णिया से चुनावी मैदान में उतरने की चर्चा है। वहीं 17 साल जेल की सजा काटकर बाहर आए अशोक यादव के भी लोकसभा चुनाव में चुनावी मैदान में उतरने की बात सामने आई है। उन्होंने दो दिन पहले ही शादी की है। अब चर्चा है कि राजद उनकी पत्नी को मुंगेर से चुनावी मैदान में उतार सकती है। शादी करने के बाद अशोक यादव अपनी पत्नी के साथ लालू प्रसाद के पास आशीर्वाद लेने भी पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इसके अलावा भी कई बाहुबली या उनका परिवार इस चुनाव में चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं।



**तैयारी** *पांच लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू*

## उम्मीदवारों को लेकर पार्टी के अंदर की कलह दूर करने में जुटे महायुति और एमवीए

**मुंबई, 21 मार्च (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र के पांच लोकसभा क्षेत्रों में नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस बीच महायुति और महा विकास अघाड़ी (एमवीए) उम्मीदवारों को लेकर पार्टी के अंदर कलह को दूर करने में जुट गए हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल को मनाने के लिए उनसे बात की।**

दरअसल बारामती निर्वाचन क्षेत्र में अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा उम्मीदवार सुनेत्रा पवार की जीत के लिए उनकी सक्रिय भागीदारी जरूरी थी, जहां उनका मुकाबला शरद पवार की बेटी और मौजूदा सांसद सुप्रिया सुले से है। फडणवीस का हस्तक्षेप जरूरी था। हालांकि, पाटिल भाजपा का दामन थाम चुके हैं, लेकिन वह 2014 में इंदापुर निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव और 2019 के चुनावों में राकांपा (यूनाइटेड) उम्मीदवार दत्ता भरणे से अपनी हार को अभी तक नहीं भूले हैं। पाटिल ने 2014 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। लेकिन बाद में वह भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने 2019 का विधानसभा चुनाव भाजपा उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। पाटिल और पवार के बीच प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। इसलिए, देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को पाटिल और उनके बच्चों के साथ एक बैठक की। उन्होंने उन्हें मतभेदों को दूर करने और सुनेत्रा पवार की जीत के लिए अजीत पवार के साथ बैठक आयोजित करने का आश्वासन दिया। हर्षवर्धन पाटिल ने बारामती लोकसभा सीट का हिस्सा 'इंदापुर' के अपने समर्थकों से बात करने के बाद अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया है।

भिवंडी सीट पर भाजपा ने केंद्रीय मंत्री कपिल पाटिल को उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया। हालांकि, पाटिल और मुरबाड़ से भाजपा विधायक किसन कथोरे के बीच मतभेद पहले भी दोनों के बीच सुलह के प्रयासों के बावजूद सामने आए हैं। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जल्द ही पाटिल और कथोरे को शांत करने के लिए भेजा जाएगा, ताकि पाटिल जीत हासिल कर सकें।

भाजपा उत्तरी महाराष्ट्र के रावेर, जलगांव और धुले लोकसभा क्षेत्रों के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही है। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं के एक वर्ग ने पार्टी की पहली सूची में घोषित उम्मीदवारों के खिलाफ आपत्ति जताई है। पार्टी ने एक बार फिर पूर्व भाजपा नेता एकनाथ खडसे की बहू रक्षा खडसे को उम्मीदवार बनाया है, जबकि जलगांव में मौजूदा सांसद उन्मेश पाटिल की जगह सुमिता वाघ को मैदान में उतारा है। इसी तरह, धुले निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदा सांसद सुभाष भामरे को फिर से उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है। हालांकि, भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी जीत सुनिश्चित करने के लिए इन तीन निर्वाचन क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को साथ लेने को लेकर बहुत आशावादी है। माधा निर्वाचन क्षेत्र में, भाजपा और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के नेताओं ने मौजूदा सांसद रणजीत सिंह नाइक निंबालकर के दोबारा नामांकित करने का विरोध किया।



उल्टा पुल्टा

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला : चांद तो रात में निकलता हैं, आज दिन में कैसे निकल आया ?
लड़की बोली : अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

# नैतिकता के आधार पर केजरीवाल इस्तीफा दें : विजेन्द्र गुप्ता



**शराब घोटाले व जलबोर्ड घोटाले के असली सूत्रधार अरविंद केजरीवाल है : सचदेवा**

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने विधायक विजेन्द्र गुप्ता के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिती में संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में केजरीवाल को हाई कोर्ट ने आईना दिखाया है और अब तो स्पष्ट हो गया है कि दिल्ली में शराब घोटाले और जलबोर्ड घोटाले के असली सूत्रधार अरविंद केजरीवाल है।

प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की केजरीवाल सरकार के राजनीतिक भ्रष्टाचार का पटाक्षेप अब नज़दीक है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मांग की कि अगर अरविंद केजरीवाल के अंदर थोड़ी भी नैतिकता हो तो जब तक जांच के बाद निर्णय नहीं आ जाता तब तक वह अपने पद से इस्तीफा दें और ईडी जांच में सहयोग करें।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि पिछले कई दिनों से अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक नौटंकी दिल्ली देख रही है और उम्मीद है कि अब जल्द ही उसका पर्दाफाश हो जाएगा। जिस निर्लज्जता से अरविंद केजरीवाल ने शराब घोटाला और जल बोर्ड में घोटाला किया उसी निर्लज्जता के साथ कानून का उल्लंघन करने की कोशिश कर रहे हैं।

सचदेवा ने कहा है की देश में सभी को कानून समान अधिकार देता है लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल घमंड में ई.डी. के सम्मन पर पेश होने की जगह सिर्फ बहानों में उलझ कर रह गए। हमेशा भागते रहे लेकिन आज जब दिल्ली हाई कोर्ट ने फटकार लगाई है तो इस पूरे मामले में रास्ता साफ हो गया है।

## भाजपा ने साधा मंत्री आतिशी पर निशाना



**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अभय वर्मा एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की मंत्री आतिशी का यह कहना कि आज केजरीवाल की जीत हुई बेहद हास्यास्पद है। दिल्ली वाले जानना चाहते हैं की आतिशी किस तरह न्यायलय द्वारा दो दिन में दूसरी बार केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रोक लगाने से इंकार को उनकी जीत मानते हैं। भाजपा नेताओं ने कहा है की दो दिन की सुनवाई में ना न्यायालय ने मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी पर रोक लगाई ना ही ईडी की जांच पर रोक और यह कहना अतिश्योक्ति ना होगा कि जिसके आतिशी जैसे दोस्त या समर्थक हों उसे दुश्मनों की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती।

## मोदी की गारंटी सफलता व विकास की गारंटी : मलिक



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी सफलता और विकास की गारंटी है। यह कहना है लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संसाधन विभाग के सह प्रमुख रामदास मालिक आर डी मलिक का। राजधानी दिल्ली में गुरुवार को उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी की गारंटी सफलता और विकास की गारंटी है। आर डी मलिक ने स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से भी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करने की अपील भी की। मलिक ने कहा कि हम सबको प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी नीतियों का प्रचार प्रसार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज हर गरीब कह रहा है वो खुद जीता है। आज हर वंचित के मन में भावना है वो खुद जीता है। आज हर किसान यही सोच रहा है वो खुद जीता है। आज हर आदिवासी भाई-बहन ये सोचकर खुश है कि वो खुद जीता है। आज विकसित भारत के आह्वान की जीत, वंचितों को वरीयता देने की सोच की जीत हुई है। आज दुनिया देख रही है कि जनता सोच-समझकर पूर्ण बहुमत वाली सरकार के लिए वोट कर रही है।

## हनुमान जयंती पर शुष्क दिवस व सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग



**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के पीठाधीश्वर एवं संरक्षक अध्यक्ष महंत सुरेश शर्मा ने दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को पत्र लिखकर हनुमान जयंती पर शुष्क दिवस और सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। अपने पत्र में सुरेश शर्मा ने ने कहा है कि श्री हनुमान का जन्मोत्सव को दिल्ली ही नहीं बल्कि दुनियाभर में करोड़ों हिन्दू अनुयायी श्रद्धा पूर्वक मनाते हैं। यह पर्व हर वर्ष मनाया जाता है। प्रभु राम भक्त हनुमान के प्रति लोगों की असीम आस्था है। इस आस्था के मद्देनजर हनुमान जयंती के दिन शुष्क दिवस के साथ ही अवकाश की घोषणा का आगाज दिल्ली से किया जाए। ऐसा करने से आध्यात्मिक सनातनी परंपरा के अनुकूल संदेश देशभर में जाएगा। साथ ही अन्य सरकारें भी दिल्ली के निर्णय के अनुकूल यह पहल करने के लिए प्रेरित होंगी। पंडित सुरेश शर्मा ने एलजी ने निवेदन किया है कि 23 अप्रैल 2024 को श्री हनुमान जयंती को शुष्क दिवस और सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। सुरेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने अपने पत्र की एक प्रतिलिपि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी भेजकर यह मांग की है।

**सार संक्षेप**

### अखिल भारतीय प्रतियोगिता स्प्लैश के विजेताओं की घोषणा

**नई दिल्ली।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 7-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर वार्षिक अखिल-भारतीय प्रतियोगिता स्पलैश के छह राष्ट्रीय विजेताओं की घोषणा की। सभी छह फाइनलिस्टों को हैमलीज, फेबर कैसल, अमेरिकन टूरिस्टर और बोट जैसे साझेदारों की ओर से प्रत्येक को 1 लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी, रोमांचक हैम्पर्स और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट दिए जाएंगे और प्रत्येक उपविजेता को 50 हजार रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। पहल पर बोलते हुए एक्सिस बैंक के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अनूप मनोहर ने कहा कि हम सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देना चाहते हैं और इस प्रतियोगिता को बड़ी सफलता बनाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए विजेताओं को बधाई देना चाहते हैं।

### ज्वेलरी कारीगरों व सुनारों को 'विश्वकर्मा' के रूप में दी जाएगी मान्यता

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय एमएसडीई और शीर्ष व्यापार निकाय, जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जीजेईपीसी के बीच एक समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया, जिसमें जीजेईपीसी को प्रधान मंत्री पीएम विश्मकर्मा योजना के लिए कार्यान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया। धर्मेंद्र प्रधान की गरिमामयी उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार; और जीजेईपीसी के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची राय इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपस्थित थे। जीजेईपीसी के कार्यकारी निदेशक सब्यसाची राय ने कहा कि कुशल भारत विकसित भारत आदर्श वाक्य के तहत, यह समझौता ज्ञापन भारत के कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में गति को बढ़ावा देगा।

### किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने खोला 20 वां शोरूम

**नई दिल्ली।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने अपना एक्सक्लूसिव शोरूम राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र एनसीआर के नोएडा में भारत का बीसवां और दिल्ली एनसीआर का चौथा शोरूम स्थापित करते हुए विकास की रफ़्तार जारी रखी है। इस नये स्टोर के लॉन्च के साथ किसना ने अपनी रिटेल रणनीति की दिशा में प्रगतिशील कदम बढ़ाना जारी है, क्योंकि कंपनी डायमण्ड ज्वैलरी को भारत की सारी आधुनिक महिलाओं के लिये सुलभ बनाने के अपने वादे और विजन को पूरा करना चाहती है। हरि कृष्णा ग्रुप के खदानों से लेकर बाजार तक के तंत्र में किसना सभी अवसरों और बजट के लिए लगातार बदलने वाली उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप है। शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया और किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी डायरेक्टर पराग शाह मौजूद थे।

### साइबरलॉकर वेबसाइटों से कॉपीराइट कंटेंट हटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेटफ्लिक्स, अमेज़ॅन और यूनिवर्सल सिटी स्टूडियो सहित प्रमुख एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्मों के बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) का उल्लंघन करने वाले तीन कथित साइबरलॉकर वेबसाइटों से कॉपीराइट कंटेंट हटाने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति अनीश दयाल ने निर्देश जारी करते हुए साइबरलॉकरों से उन फंकशन्स को समाप्त करने के लिए कहा है जो कॉपीराइट कंटेट को हटाने के बाद भी उन्हें फिर से अपलोड करने की अनुमति देते हैं।

## लोकसभा चुनाव के लिए एसवीकेपी ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए समाज विकास क्रांति पार्टी एसवीकेपी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पहली सूची में एसवीकेपी ने 16 लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा की है। एसवीकेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंह सदर जौनपुर से चुनाव लड़ेंगे। एसवीकेपी की पहली लिस्ट में 5 महिलाएं हैं।





■ जौनपुर से चुनाव लड़ेंगे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

दिल्ली में आयोजित एक प्रेस वार्ता में एसवीकेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी करते हुए बताया कि समाज विकास क्रांति पार्टी ने कुल 16 सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा की है जिनमें दिल्ली के सात सीटों में से चार सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसमें चांदनी चौक से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील सक्सेना, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से अमरजीत सिंह, पश्चिमी दिल्ली से एडवोकेट गुलशन सोलंकी और दक्षिणी दिल्ली से नेहा शर्मा को अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा यूपी के चंदौली से सुजीत मिश्रा, गाजीपुर से मनोज मुरारी यादव, लखनऊ ईस्ट से कुमारी ज्योति सिंह, गौतम बुद्धनगर से शिखा मिश्रा, सदर आजमगढ़ से संतोष फूलचंद, गाजियाबाद से पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मीडिया प्रभारी राजकपूर सिंह, मिर्जापुर से अरुण गुप्ता, गोरखपुर से जितेन यादव, आसाम के सोनीततपुर से रेखा डरनाल, महाराष्ट्र के दक्षिण मुंबई से तस्लीम वासिम और उत्तर पश्चिम मुंबई से हरिशंकर यादव को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। अशोक सिंह ने कहा कि उन्होंने सभी स्वच्छ छवि के उम्मीदवारों को टिकट देने का काम किया है जिन पर कोई भी आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य देश के हर नागरिक को सशक्त बनाना है। देश में बढ़ते भ्रष्टाचार को समाप्त करना और अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार देना उनकी पार्टी का प्रमुख लक्ष्य है।

उन्होंने कहा कि देश की ताकत बने किसानों, देश का भविष्य विद्यार्थियों और युवाओं तथा महिलाओं की सुरक्षा को अपने मुख्य एजेंडे में रखते हुए विकास की गति प्रदान करना है।



■ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, मुकुल वासनिक व सुप्रिया श्रीनेत चुनाव आयोग को अपनी शिकायत देने के बाद बाहर निकलते हुए। फोटो : इम्तियाज खान

## इस्कॉन द्वारका में रंगबिरंगे फूलों की होली

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। साल के सबसे बड़े त्योहारों में से एक होली में बस कुछ ही दिन शेष बचे हैं। इसीलिए होली का रंग-गुलाल उड़ाने की धूम हर ओर देखने को मिल रही है। सूरज की चटक धूप इस ओर इशारा कर रही है कि बादाम की ठंडी ठंडाई प्रसाद, रंगीले गुलाल और ब्रज के पकवान खाने का मौसम आ गया है। उस पर 'लट्ठमार होली' और 'मटका फोड़' होली उत्सव के आनंद को और भी दुगुना कर देती है।



■ माखन, मिश्री के संग खेलेंगे 'मटका फोड़' होली
■ ब्रज के पकवानों सहित एक लाख व्यंजनों का भोग अर्पण

24 व 25 मार्च को दिल्ली के श्री श्री रुक्मिणी द्वारकाधीश मंदिर इस्कॉन द्वारका सेक्टर 13 में गौर पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय होली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लाल-पीले-नीले रंग-बिरंगे 5 हजार किलो फूलों की पंखुड़ियों के साथ भगवान कृष्ण के संग होली खेली जाएगी। इस दिन 'लट्ठमार होली' का भी विशेष आकर्षण रहेगा। भक्तों की टोली जमकर 'लट्ठमार होली' खेलेगी। वहीं के ब्रज की तीखे पकवान बादाम की ठंडी ठंडाई प्रसाद के साथ उत्सव के आनंद को और भी बढ़ाएंगे। भगवान कृष्ण को भक्तों के अनेक मिश्रित भावों में पकवानों के साथ-साथ 100 किलो के केक का भोग भी लगेगा और दिनभर एक लाख व्यंजनों का भोग भगवान को अर्पण किया जाएगा। उत्सव में लगभग डेढ़ लाख लोगों की भागीदारी रहेगी। पूर्णिमा के दिन मनाए जाने वाले होली के इस त्योहार को गौड़ीय वैष्णव परंपरा में 'गौर पूर्णिमा' के नाम से भी जाना जाता है। इसी दिन आज से लगभग 540 वर्ष पूर्व पश्चिम बंगाल के नदिया नामक गांव में चैतन्य महाप्रभु ने कृष्ण रूप में अवतार लिया था।

## अंतरराष्ट्रीय मोबाइल फोन तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने गुरुवार को पांच लोगों की गिरफ्तारी के साथ एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ करने का दावा किया है, जो कथित तौर पर राष्ट्रीय राजधानी, आस-पास के इलाके और नेपाल में छीने गए या चोरी किए गए मोबाइल फोन की बिक्री और खरीद में शामिल था। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से 473 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। इनके खिलाफ दिल्ली और एनसीआर में चोरी और स्नैचिंग के 91 मामले दर्ज हैं। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड निवासी पारस जोशी (34), रवींद्र मदान (56), सतीश कुमार उर्फ सोनू (36) इंद्र बहादुर (36) और मान सिंह (53) के रूप में हुई। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि एक टीम पिछले साल दिल्ली और एनसीआर से चोरी या छीने गए मोबाइल फोन की बिक्री में शामिल गिरोह के का पता लगाने के लिए काम कर रही थी।

## जेएनयू छात्रसंघ चुनाव, प्रत्याशी से दुर्व्यवहार का आरोप

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शुक्रवार को छात्र संघ चुनाव होने हैं। चुनाव से ठीक पहले गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने आरोप लगाया कि चुनाव समिति द्वारा अभाविप के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी उमेश चंद्र अजमीरा के साथ दुर्व्यवहार किया गया। छात्र संगठन का कहना है कि उमेश को भाषण देने से रोका गया। आरोप लगाया गया कि यह कृत्य पूरी तरह से पक्षपाती, असंवैधानिक एवं तानाशाही वाला है। छात्र संगठन ने इस कृत्य को एक स्वस्थ छात्र संघ चुनाव के लिए घातक बताया।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**पहला शुद्धिपत्र**

**टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-R1-23-24-E3**

**कार्य का नाम:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य।

| टेंडर नं.: 30-ELECT-49-T-R1-23-24-E3 | |
|---|---|
| पहले प्रकाशित | संशोधन |
| **कार्य का नाम:** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार रेल भवन, एनआरएम और मोती बाग में स्थापित मौजूदा डीजी सेटों में ईंधन तंत्र प्रणाली के रूपांतरण के संबंध में विद्युत कार्य। | प्रशासनिक कारणों से रद्द किया गया |
| **निविदा की अनुमानित लागत:** रु. 107.54 लाख | |
| **कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली | |
| **बयाना राशि:** रु. 2,03,800.00 | |
| **निविदा निवेदन की दिनांक व समय:** 26.03.2024, 12:00 बजे | |
| **निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 26.03.2024, 12:00 बजे | |

उपर्युक्त निविदा के निविदा दस्तावेज को संशोधित किया गया है, कृपया www.ireps.gov.in पर उपलब्ध संशोधित दस्तावेजों को देखें और तदनुसार अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करें। 898/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## सलाह — होली में रसायनिक रंगों से रहे दूर, शरीर रहेगा स्वस्थ

# पानी के गुब्बारे से आंखों में लगती है चोट

**नई दिल्ली, 21 मार्च (देशबन्धु)। होली में रासायनिक रंग न सिर्फ त्वचा, आंख, कान को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि शरीर के दूसरे अंग भी प्रभावित होते हैं। पिछले साल रसायनिक रंगों व पानी के गुब्बारों से पीड़ित होकर 500 से अधिक लोग दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे थे। इन मरीजों को एम्स, सफदरजंग, डॉ. राम मनोहर लोहिया, लोकनायक, गुरु नानक आई सेंटर, जीटीबी, डीडीयू, संजय गांधी सहित अन्य अस्पतालों में इलाज के लिए लाया गया था। इन मरीजों में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे थे। डॉक्टरों का कहना है कि अक्सर बच्चे पानी के गुब्बारे का इस्तेमाल लापरवाही से करते हैं।**

■ बीते होली में 500 से अधिक लोग घायल होकर पहुंचे थे अस्पताल
■ रसायन रंग से त्वचा हो जाती है खराब

ऐसे में बच्चों की आंखों में चोट लग जाती है। कई बार आंख की पुतली तक प्रभावित हो जाती है। गुरु नानक आई सेंटर में ऐसे कई बच्चे पहुंचे थे। इसके अलावा लोकनायक में ऐसे बच्चे पहुंचे थे जिन्हें रंगों के कारण नुकसान हुआ था। डॉक्टरों का कहना है कि आंखों को सुरक्षित रखकर होली खेलनी चाहिए। कोशिश करनी चाहिए कि आंखों को सुरक्षित करने के लिए चश्मा पहने जिससे रंग या गुब्बारा आंख तक न पहुंच पाए।



**शरीर के इन हिस्सों पर ज्यादा असर**
बाल | त्वचा | आंख | कान

### त्वचा को नुकसान पहुंचाता है रसायन

दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉ. आरपी पाराशर ने कहा कि अक्सर देखा गया है कि होली के सामान्य रंग में माइका, कॉपर सल्फेट, लेड ऑक्साइड सहित अन्य नुकसानदायक रसायन होते हैं। इनके कारण त्वचा काफी खराब हो सकती है। इन रंगों को लगाने से त्वचा पर जलन, रेडनेस की समस्या हो सकती है।

### फूलों से बना सकते हैं रंग

प्राकृतिक रंग के लिए टेसू के फूलों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसकी मदद से लाल रंग का गुलाल या रंग बना सकते हैं। गुलाबी रंग के लिए चुकंदर, हरे रंग के लिए मेहंदी, पालक या धनिया के पत्ते व पीले रंग के लिए गेंदे के फूल, कच्ची हल्दी या हल्दी पाउडर को प्रयोग में लाया जा सकता है। यह सभी त्वचा के लिए सुरक्षित होने के साथ इनके औषधीय फायदे भी होते है।

लोकनायक अस्पताल के आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ. रितू सक्सेना ने कहा कि होली के दिन ऐसे मरीज काफी आते हैं जिनकी त्वचा संवेदनशील होती है।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 06235028B | स्क्वायर होलो सेक्शनस | 2285000 किलोग्राम | 10-04-24 |
| 02 | 09242425 | कास्ट स्टील बोल्स्टर | 41 नग | 15-04-24 |
| 03 | 09242577 | 22.22 एम एम डाया लॉक बोल्ट | 32959 सेट | 15-04-24 |
| 04 | 10240037 | फायर रिटार्डाट कर्टेन फैब्रिक (ब्राउन कलर) | 16129 मीटर | 15-04-24 |
| 05 | 02241855 | हाई कैपेसिटी इंटर वेहिकुलर कौपलेरस | 231 सेट | 15-04-24 |
| 06 | 19243521 | सस्पेंशन स्प्रिंग (सेकेंडरी) | 249 नग | 15-04-24 |
| 07 | 16240661 | जर्नल बेअरिंग असेंबली फॉर एच एच पी लोकस | 261 सेट | 16-04-24 |
| 08 | 09242214 | वुडेन क्लम्प | 78320 सेट | 22-04-24 |
| 09 | 09242284 | स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 133 नग | 22-04-24 |
| 10 | 16244551 | डब्लू डब्लू गवर्नर मेंटेनेंस किट | 129 सेट | 24-04-24 |
| 11 | 15235178A | डबल गर्डर EOT क्रेन 10T | 04 नग | 01-05-24 |
| 12 | 15235183A | एच-बीम वेल्डिंग लाइन | 01 नग | 06-05-24 |
| 13 | 77239072 RGC | रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर 950 एम एम लांग स्टील फिश प्लेट्स | 3000 सेट | 21-05-24 |

निविदा शर्तें -1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं 103/2023-2024 दिनांक 20.03.2024 896/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "

शहर के प्रमुख चौराहा के साथ-साथ आंतरिक गलियों के प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन हेतु मिट्टी डलवाई गई है। लगभग 242 स्थान पर मिट्टी डलवाई गई है तथा व्यवस्थित किया गया है साथ होलिका दहन सफलता पूर्वक हो इसके लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया गया है : **एनके चौधरी, मुख्य अभियंता निर्माण**

### अवैध निर्माण को लेकर प्राधिकरण ने चलाया बड़ा अभियान

## 175 करोड़ की जमीन अवैध कब्जा मुक्त

**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने अवैध निर्माण को लेकर एक बड़ा अभियान चलाया। पहला सोरखा जाहिदाबाद में करीब 35 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। दूसरा अभियान सेक्टर-76 में चलाया गया। यहां करीब 45 करोड़ रुपए की जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराया गया। तीसरा अभियान सेक्टर-79 में में करीब 12 हजार वर्गमीटर अवैध निर्माण हटाया गया। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए आंकी जा रही है।

सोरखा जहिदाबाद में जमीन पर कब्जा करते हुए अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। यहां टीन शेड की बाउंड्री करवाकर पक्का निर्माण शुरू कराया जा रहा था। प्राधिकरण की वर्क सर्किल-6 के वरिष्ठ प्रबंधक केवी सिंह की अगुआई में दस्ता ने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां बनी टीन शेड और बाउंडरी वाल को हटाया गया।

प्राधिकरण ने जमीन को कब्जा में लिया। फेंसिंग करवाई जा रही है। प्राधिकरण को शिकायत मिली थी कि वर्क सर्किल-6 के गांव सोरखा जाहिदाबाद में प्राधिकरण की



■ **सोरखा जहिदाबाद और सेक्टर-76 और 79 में चलाया अभियान**

अधिसूचित जमीन खसरा नंबर-322 पर कब्जा कर यहां प्लाटिंग की जा रही है। इसके करीब 3500 वर्गमीटर जमीन पर बाउंडरी कराई गई है। नियोजन विभाग से जानकारी ली गई। जमीन प्राधिकरण की अधिसूचित और मास्टर प्लान 2031 के अनुसार योजना में शामिल भूमि निकली। प्राधिकरण ने स्थानीय थाना प्रशासन को जानकारी दी। गुरुवार दोपहर को प्राधिकरण की टीम ने जेसीबी और 50 कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे।

यहां हल्का विरोध करने की कोशिश की गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। इसके बाद जेसीबी की मदद से अवैध निर्माण को ध्वस्त करते हुए जमीन को कब्जे में लिया। इसके बाद प्राधिकरण का दस्ता सेक्टर-76 गया। यहां करीब 5 हजार वर्गमीटर जमीन पर अवैध निर्माण कर कब्जे करने का प्रयास किया जा रहा था। यहां दुकानें बनाकर उनमें कबाड़ का काम किया जा रहा था।

जेसीबी की मदद से खसरा नंबर-18 से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इस जमीन की कीमत करीब 45 करोड़ रुपए है। फेंसिंग कर यहां प्राधिकरण भूमि का बोर्ड लगाया गया। तीसरे चरण में प्राधिकरण के दस्ता ने सेक्टर-79 में अवैध निर्माण को ध्वस्त कर करीब 12 हजार वर्गमीटर जमीन को अपने कब्जे में लिया। यहां खसरा नंबर 770 पर अवैध निर्माण चल रहा था। इस जमीन की कीमत करीब 95 करोड़ रुपए है।

प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने लोगों से अपील की है कि इस तरह के कलोनाइजर से जमीन या प्लाट न खरीदे। इससे आपकी जीवन भर जमा पूंजी फंस सकती है। प्राधिकरण से जानकारी लेने के बाद ही पैसा इन्वेस्ट करे।

## होली पर्व पर निगम ने किए विशेष प्रबंध

### शहरवासियों से नगर आयुक्त ने की स्वच्छता की अपील

**गाजियाबाद,** 21 मार्च (देशबन्धु)। नगर निगम निर्माण विभाग ने आने वाले त्योहारों को लेकर योजना बनाई हुई है। जिसकी क्रम में संबंधित व्यवस्थाओं को धरातल पर लाया जा रहा है। होली पर्व से

■ **होलिका दहन के स्थान पर मिट्टी डलवा रहा है निगम**

पूर्व गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर में होलिका दहन के लिए सड़कों पर मिट्टी डलवाई गई है। लगभग 242 स्थान पर मिट्टी डाली गई है। सड़क पर सीधा होलिका दहन न हो इसके लिए शहरवासियों को संदेश भी दिया गया है, साथ ही जलकल विभाग द्वारा भी होली के दिन जल आपूर्ति की समय सीमा बढ़ाने के लिए टीम को कहा गया है। स्वास्थ्य विभागने भी सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने की योजना बनाई है तथा होलिका दहन के उपरांत वेस्टिज को उठाने के लिए टीम को कहा गया है।

मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी ने बताया कि शहर के प्रमुख चौराहा के साथ-साथ आंतरिक गलियों के प्रमुख स्थानों पर होलिका दहन हेतु मिट्टी डलवाई गई है।





**होलिका दहन उपरांत समय से हो उठान, स्वास्थ्य विभाग सफाई का रखे ध्यान : नगर आयुक्त**

लगभग 242 स्थान पर मिट्टी डलवाई गई है तथा व्यवस्थित किया गया है साथ होलिका दहन सफलता पूर्वक हो इसके लिए आरडब्ल्यूए पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों से भी समन्वय किया गया है, गाजियाबाद नगर निगम के अन्य विभाग भी इसी क्रम में त्योहारों पर विशेष व्यवस्था कर रहे हैं नगर आयुक्त की शहर वासियों से अपील नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शहरवासियों से स्वच्छता के लिए अपील भी की गई है जिसमें शहर वासियों से सीधा सड़क पर होलिका दहन न करने के लिए भी अपील की गई है जिससे स्वच्छ होली खेलने के लिए भी अपील की गई है साथ ही शहर की स्वच्छता में सहयोग करने के लिए भी अपील की गई है, जल की बर्बादी न हो इसका विशेष ध्यान रखने के लिए भी अपील की गई है।

### सार संक्षेप

#### होली पर दो घंटे अतिरिक्त पानी की सप्लाई

**नोएडा।** नोएडा में होली पर लोगों को पर्याप्त पानी मिलेगा। प्राधिकरण ने इसकी तैयारी कर ली है। रूटीन के साथ होली के दिन दोपहर 12 से 2 बजे तक अतिरिक्त पानी की सप्लाई की जाएगी। जिससे लोगों को दिक्कत न हो। वहीं आवश्यकता पड़ने पर टैंकर से सप्लाई भी की जाएगी। कॉल सेंटर पर शिकायत की जा सकती है।

#### कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**नोएडा।** श्री राम मित्र मंडल द्वारा सेक्टर-20 स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा में आचार्य विष्णु कांत पाराशर ने बृज में अनेकों बाल लीलाएं की, माखन चोरी की। उन्होंने कहा कि भगवान तो चित्त को चुराते हैं। माखन का तो बहाना है। श्री कृष्ण ने अघासुर, पूतना, बकासुर का उद्धार किया। कालिय नाग का मर्दन किया। मां यमुना भक्ति स्वरूपा हैं तो उसमें कालिया नाग जैसे देहाध्यास वृत्ति को दूर किया। इंद्र देव का अभिमान दूर कर गिरिराज की पूजा करायी। इस मौके पर अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा, उमाशंक़र गर्ग, कथा संयोजक अनिल गोयल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सत्यनारायण गोयल उपस्थित रहे।

#### तमंचों के साथ तीन गिरफ्तार

**बुलंदशहर।** ककोड़ कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को तमंचों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान धनौरा बंबे के पास से संदिग्ध हालात में खड़ी कार की जांच की। जांच के दौरान कार सवार दो लोगों की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों से दो तमंचे बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम नितिन कुमार व इशु निवासी दादरी बताया। दूसरी तरफ पुलिस टीम वैर रोड़ पर जांच कर रही थी। तभी पुल के पास युवक को संदिग्ध हालात में देखकर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक से एक तमंचा बरामद किया गया। आरोपी ने अपना नाम ललित निवासी वैर वादशाहपुर बताया। थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि तीनों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

#### एमिटी में 11वे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

**नोएडा।** एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा गुरुवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें देश विदेश के छात्रों, उद्यमियों, शोधार्थियों, वैज्ञानिकों ने सिग्नल प्रोसेसिंग एवं इंटिग्रेटेड नेटवर्क पर चर्चा की। सम्मेलन का शुभारंभ इसरों के चेयरमैन और अंतरिक्ष विभाग के चेयरमैन डॉ. एस सोमनाथ और एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान द्वारा किया गया। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, डॉ अतुल चौहान, डॉ. विवेक लाल, डॉ. जॉन एम जेनकिन्स, डॉ. बलविंदर शुक्ल और डॉ. डब्लू सेल्वामूर्ती उपस्थित रहे।

**Name Change**

I, Babita W/o Ranpal Singh R/o 3rd B- 49, Nehru Nagar, Ghaziabad U.P 201001 have changed my name to Babita Singh W/o Ranpal Singh for future purposes.

## सपा प्रत्याशी ने किया आचार संहिता का उल्लंघन, मुकदमा दर्ज



■ **नोएडा के थाना फेज-1 में मुकदमा दर्ज**
■ **डीएनडी पर किया था स्वागत**
■ **गाड़ियों से निकला था काफिला**

**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध नगर में एक दिन पहले ही समाजवादी पार्टी ने डॉ. महेंद्र नागर का टिकट काटकर राहुल अवाना को टिकट दिया था। गुरुवार को डीएनडी पर इनका स्वागत किया गया। इस दौरान एसयूवी गाड़ियों का काफिला डीएनडी से नोएडा की ओर निकाला गया। थाना फेज-1 पुलिस ने आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में राहुल अवाना और 8 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज बाकी अज्ञात है।

दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें दिख रहा था कि समाजवादी पार्टी के नेता सांसद पद के उम्मीदवार राहुल अवाना का स्वागत कर रहे हैं। नोएडा पुलिस को करीब 17 सेकंड का यह वीडियो मिला। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमे की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को दे दी है। इस दौरान रोड पर पूरा काफिला निकाला गया। जिसका भी वीडियो वायरल हुआ। इस दौरान रोड ब्लाक हो गई। आवाजाही में लोगों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। यही नहीं कुछ आंतरिक मार्गों पर जाम भी लगा।

बता दे एक दिन पहले ही अखिलेश का करीबी माने जाने वाले राहुल अवाना का टिकट फाइनल किया गया था। इससे पहले डॉक्टर महेंद्र नागर को यहां से टिकट दिया गया था। राहुल अवाना का पहले भी विवादों से नाता रहा है।

गुर्जर बाहुल सीट और यूथ पर पकड़ होने की वजहसे राहुल को टिकट दिया गया। जिसका नाजारा आज देखने को भी मिला। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**गाजियाबाद,** 21 मार्च (देशबन्धु)। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र, लखनऊ के आदेश एवं जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद के निर्देश पर होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग होली पर्व में प्रयुक्त होने वाले खाद्य पदार्थों में



मिलावट की रोकथाम के लिए जनपद गाजियाबाद में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एन.एन. झा के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक-21 मार्च 2024 को खाद्य कारोबारकर्ता बालाजी खोया भण्डार, चौपला मन्दिर,, एमके ट्रेडर्स सुखीमल डासना गेट, पूनम स्वीट्स, शहीद पार्क, मालीवाडा, गाजियाबाद, ओम बीकानेर स्वीट्स, डासना गेट एवं मोहन कन्फेशनरी, गोविन्दपुरी, मोदीनगर, से खाद्य पदार्थों- खोया, नमकीन, कलाकन्द, बर्फी एवं रंगीन कचरी के नमूनें संकलित किये गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों विजय कुमार, मीरा सिंह, जयपाल सिंह, महेन्द्र प्रताप सिंह, विनीता सिंह, शैलेन्द्र सिंह, द्वारा उक्त कार्रवाई की गई। अरविन्द कुमार यादव, सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय, खाद्य सुरक्षा एवं औशधि प्रशासन, जनपद गाजियाबाद द्वारा उक्त कार्रवाई की जानकारी दी कि उपर्युक्त संकलित नमूनों को जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला प्रेशित किया जा रहा है। जांच के उपरान्त एवं जांच परिणाम के अनुसार खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के प्राविधानों के अंतर्गत यथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## निगम ने सड़कों पर शुरू कराया रोड मार्किंग व कैट आई का कार्य

**गाजियाबाद,** 21 मार्च (देशबन्धु)। शहर में कई मुख्य मार्गों का जीर्णोद्धार कराया गया है पांचो जोन में विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं आवागमन सरल और सुविधाजनक रहे। इसके लिए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नवनिर्मित सड़कों पर रोड मार्किंग तथा कैट आई का कार्य प्रारंभ कर रहा है, स्टॉपर साइड पटरी तथा अन्य आवश्यक स्थान पर थर्मोप्लास्ट पेट से रोड मार्किंग का कार्य कराया जा रहा है जिससे रात्रि में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान गाजियाबाद नगर निगम रख रहा है। नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को नई बनाई जा रही सड़कों पर तत्काल रोड मार्किंग के लिए निर्देश दिए हैं साथ ही दिशा सूचक लगाने के लिए भी कहा गया है, रात्रि में सड़कों पर यात्रियों को चलने में समस्या न आए इसके लिए रोड मार्किंग के निर्देश पर कार्य तेजी से चल रहा है, वसुंधरा वैशाली विजय नगर प्रताप विहार राजेंद्र नगर संजय नगर लोहिया नगर तथा अन्य मुख्य मार्गों पर थर्मोप्लास्ट पेट के माध्यम से रोड मार्किंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा अन्य स्थानों पर भी तेजी से कार्य होता दिखाई दे रहा है जिसकी मॉनिटरिंग निर्माण विभाग के अवर अभियंता भी कर रहे हैं।

शहर के विकास कार्यों में निर्माण विभाग की अहम भूमिका दिखाई दे रही है महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों में भी विकास कार्य



■ **साईनैज लगाने के लिए नगर आयुक्त ने दिए निर्देश**

तेजी से हुए हैं शहर में आवागमन सुविधाजनक रहे इसके लिए नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग को लगातार मॉनिटरिंग के लिए कहा गया है तथा शहर में आवश्यकता अनुसार दिशा सूचक लगाने के लिए भी निर्देश दिए हैं रोड मार्किंग प्राथमिकता पर करने के लिए कहा गया है।

## कारखाने में छापा मारकर 120 किलो काजू किए सीज



■ **खराब क्वालिटी के काजू से बनाई जा रही थी मिठाई**
■ **1 लाख रुपए से ज्यादा है कीमत**

**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। मिलावटी मिठाई को लेकर खाद्य विभाग का अभियान जारी है। गुरुवार को नोएडा के कई प्रतिष्ठानों से 9 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए लिए गए। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अर्चना धीरान ने बताया कि पर्थला खंजरपुर, सेक्टर-122 बृजवासी स्वीट्स के कारखाने पर छापा मारकर कुल 06 नमूने- मिल्क केक, गुझिया, गुलाब जामुन, खोया, सोन पापड़ी व काजू का नमूना जांच हेतु लिया गया।

काजू की क्वालिटी खराब होने यूज बाई डेट अंकित न होने के कारण 120 किग्रा काजू सीज किया गया। इसकी कीमत करीब 1 लाख 800 रुपए है। इस काजू का प्रयोग मिठाई इत्यादि में किया जा रहा था। पर्थला खंजरपुर स्थित ब्लिंक इट स्टोर से कुल 3 नमूने- गुझिया, नमक पारा व बेदमी पूरी आटा का नमूना जांच के लिए लिया गया। सेक्टर-22 चौड़ा रघुनाथपुर स्थित दुकानों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपभोक्ताओं को त्योहार के अवसर पर जागरूक किया गया। इस अवसर पर लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार के अधिकार के प्रयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा। नमूनों को जांच के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी। इस निरीक्षण टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आर पी गुप्ता, राम नरेश, विशाल गुप्ता, विजय बहादुर, मुकेश कुमार, नेहा व रेनू सिंह शामिल रहे।

## एल्विश की जमानत पर सुनवाई आज

■ **पुलिस ने एफआईआर में 27/27ए और सेक्शन 20 को हटाया, चार और धाराएं बढ़ाई**


**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। एल्विश यादव के लिए आज का दिन काफी अहम है। उसे जेल में रहना पड़ेगा या फिर बाहर आएगा। जमानत पर एक बजे कोर्ट अपना फैसला सुनाएगा। एल्विश पर पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर धारा 8/22/29/30/32 एनडीपीएस एक्ट में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा धारा 284/289/120बी/9/39 /48ए/49/50/51 पहले से लगी है। एनडीपीएस एक्ट में जिन धाराओं को लगाया गया है उसमें कम से कम 7 साल की सजा हो सकती है। एल्विश के वकील ने गुरुवार को कोर्ट में पुलिस की नई धाराओं को बेल एप्लीकेशन में बढ़ाते हुए याचिका दायर की। एफआईआर में जिन धाराओं को बढ़ाया था उनमें से कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22/29/30/32 को माना है और साथ ही धारा 27/27 ए को कोर्ट ने नहीं माना। इसका मतलब है कि ये धाराएं एल्विश के ऊपर से हटा दी गईं है। इसके अलावा सेक्शन 20 को भी हटा दिया गया है। हालांकि, स्पेशल एनडीपीएस एक्ट 29 अभी नहीं हटी है, जिसमें बड़ी सजा का प्रावधान है। बता दे इस मामले में स्टिंग के बाद पकड़े गए राहुल और पांच सपेरों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। अब देखना ये है कि कोर्ट क्या फैसला करती है।

वकीलो की हड़ताल के चलते बिते चार दिनों से सुनवाई नहीं हो सकी थी। बुधवार को पुलिस ने इस मामले में एल्विश के दोस्त विनय और मीडिएटर ईश्वर को गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धाराओं में जेल भेजा है। डीसीपी क्राइम ने बताया कि था विनय से डिमांड की जाती थी। जिसके लिए विनय ईश्वर से संपर्क करता था और ईश्वर राहुल का दोस्त है।

### जमानत के लिए क्या बनाया गया आधार

एल्विश के वकील प्रशांत राठी ने बताया कि हमें पूरी उम्मीद है एल्विश को कल जमानत मिल जाएगी। एल्विश के पास से कोई भी नशे का सामान या कुछ भी रिकवर नहीं किया गया। जिनके पास से वेनम , सांप बरामद हुआ यानी राहुल और पांच सपेरे सभी को जमानत मिल चुकी है। एफएसएल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने एल्विश पर एनडीपीएस एक्ट लगाया। लेकिन ये वेनम राहुल और सपेरों से मिला था। एल्विश राहुल और सपेरों को नहीं जानता कोई सीधा लिंक पुलिस के पास नहीं है।

## चुनाव के मद्देनजर डीएम व पुलिस कमिश्नर ने ली अधिकारियों की बैठक



**गाजियाबाद,** 21 मार्च (देशबन्धु)। आईटीएस मोहनगर, गाजियाबाद के सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र और जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल और सैक्टर पुलिस ऑफिसर के साथ बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष ने कहा कि आप सभी लोगों की ड्यूटी निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए लगी हैं। इसलिए इस बात का ध्यान में रखते हुए कार्य करें। निर्वाचन में ड्यूटी लगने से पूर्व आप किस पद पर रहे, यह बात भूल जाएं। वर्तमान में आप के पास जो पद और जिम्मेदार हैं उसके प्रति आपको ध्यान रखना चाहिए। साथ ही जिस पद पर आपकों नियुक्त किया गया है उस पद की गरिमा, पावर, नियमों सहित अन्य की आपकों पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। इस बैठक के दौरान आपकों इन सब बातों की जानकारी दी

■ **निर्वाचन में हम सभी का एक ही लक्ष्य है चुनाव सकुशल सम्पन्न कराना : इन्द्र विक्रम सिंह**
■ **अपने पदों की गरिमा को समझते हुए गुणवत्तापूर्ण करें कार्य : पुलिस कमिश्नर**

गई है। इसलिए ईमानदारी, कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। निर्वाचन में हम सभी की एक ही जिम्मेदारी हैं कि हम लोकसभा चुनाव को सकुशलता, शान्ति व गुणवत्ता के साथ सम्पन्न करवाना है। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह, एसडीएम मोदीनगर डॉ. पूजा गुप्ता, परियोजना निदेशक प्रदीप नारायण दीक्षित अन्य अधिकारियों सहित जोनल/सैक्टर मजिस्ट्रेट, जोनल/सैक्टर पुलिस ऑफिसर उपस्थित रहे।

## गरीब, बुजुर्ग, नौजवान व मजदूरों को मिले उनका हक : त्यागी

**गाजियाबाद,** 21 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के प्रदेश महासचिव डॉ. बीपी त्यागी लगातार लोगों से मिलकर



उनकी समस्याओं को जानने का धरातल पर वास्तविक प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में उनकी टीम हिंडन विहार क्षेत्र पहुंची जहां उन्होंने लोगों को बेहद कष्ट दायक स्थिति में देखा इसके बाद उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के साथ नाइंसाफी नहीं की जा सकती जिन्होंने मेहनत को अपना मुकद्दर बनाते हुए राष्ट्र निर्माण में अपने आप को लगा दिया है त्यागी ने कहा कि मजदूर गरीब बुजुर्ग और नौजवानों को निश्चित रूप से उनका हक मिलना चाहिए क्योंकि वे लोग जी तोड़ मेहनत करते हैं और इस मेहनत का लाभ कहीं न कहीं देश को पहुंचता है त्यागी ने लोगों के बीच पहुंचकर सिर्फ एक ही नारा बुलंद किया कि हम सब एक हैं धर्म जाति में हमें बटना नहीं है बल्कि हमें विकास की राह को चुना है और आगामी लोकसभा चुनाव में बेहद सोच समझ कर एक ऐसे उम्मीदवार को अपना बहुमूल्य वोट देना है जो धर्म जाति की नहीं बल्कि विकास तरक्की की बात करता हो।

## चाइल्ड पीआईजाई में मनाया गया डाउन सिंड्रोम दिवस

**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के चाइल्ड पीजीआई में अंतरराष्ट्रीय डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया। रोगियों और उनके परिवारों की भागीदारी की। डॉक्टर डॉ. मयंक निलय (सहायक प्रोफेसर, मेडिकल जेनेटिक्स) ने बताया कि किसी भी गुणसूत्र की अतिरिक्त प्रतिलिपि के कारण होने वाले विकारों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए मार्च को दुनिया भर में ट्राइसॉमी जागरुकता माह के रूप में मनाया जाता है। इस प्रकार 21 मार्च ट्राइसॉमी 21, यानी डाउन सिंड्रोम के संबंध में सभी को संवेदनशील बनाने का दिन है।



उन्होंने बताया कि डाउन सिंड्रोम वाले शिशुओं में गुणसूत्र 21 में से एक की अतिरिक्त प्रतिलिपि होती है। मनुष्य में सामान्यत: 46 गुणसूत्र होते हैं। इन बच्चों में हल्की से मध्यम बौद्धिक विकलांगता होती है। इन सीमाओं के बावजूद, यदि परिवार और डॉक्टरों द्वारा उचित देखभाल की जाए तो ऐसे बच्चे बुनियादी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। लगभग 1000 जीवित जन्मों में से एक में होता है। इसलिए उपचार और रोकथाम के लिए जागरूकता आवश्यक है। डबल मार्कर, एनआईपीटी और क्वाड्रपल स्क्रीनिंग टेस्ट जैसे विभिन्न एन्यूप्लोइडी स्क्रीनिंग परीक्षणों की मदद से गर्भवती महिलाओं में भ्रूण में डाउन सिंड्रोम के जोखिम के बारे में बताया जा सकता है। इसके अलावा अगर कम उम्र में ही उचित स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी शुरू कर दी जाए तो ये बच्चे चमत्कार कर सकते हैं। डाउन सिंड्रोम वाले कई बच्चे मॉल, रेस्तरां और यहां तक कि आईटी क्षेत्र में भी काम कर रहे हैं। डाउन सिंड्रोम से पीड़ित लगभग 50 परिवारों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों के लिए ड्राइंग, कहानी सुनाना, संगीत आदि सहित कई मनोरंजक गतिविधियां शामिल थीं।

## जनपद में 32 आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध

**नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। जिले में 32 आयुर्वेदिक दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें ऑर्थोनिल, योगी केयर, झंडू लालिमा, हाइपावर मूसली, हेपलिव और लिव-52 सीरप जैसी दवाएं शामिल है। इसके लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय ने इसके लिए आदेश जारी किया है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉक्टर धमेंद्र कुमार केम ने बताया कि अलग-अलग जगहों से लिए गए नमूनों की जांच में मतिलवाटी और नकली होने का पता चला। इसके बिक्री के अलावा आपूर्ति और निर्माण पर भी रोक लगा दी गई है। लोगों से अपील की गई है इन दवाओं को नहीं खरीदे। इसकी बिक्री करने वालों पर कानूनी कारईवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन दवाओं के नमूने जुलाई और अगस्त में लिए गए थे। उन्होंने कहा कि मिलावट के मामले में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। ऐसे में एक निर्देश आने की उम्मीद है।

विश्वास गुड़ हेल्थ कैप्सूल, पेननिल चूर्ण, एज फिट चूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, स्लीमेक्स चूर्ण, दर्द मुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगी केयर, माइकान गोल्ड कैप्सूल, डाइबिंट शुगर केयर टैबलेट, हाइपावर मूसली कैप्सूल, डाइबियोग केयर, झंडू लालिमा ब्लड एंड स्किन प्यूरिफायरए हेल्थ गुड़ सीरप, हेपलिव डीएस सीरप, सिस्टोन सीरप, बायना प्लसऑयल, वातारिन ऑयल, लिव-52 टैबलेट, न्यू रिविल, बोस्टा एमआर टैबलेट।

उवाच

एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिए बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जाएंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए : **मनीष कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन अधिकारी**



# राया के पास बसाई जाने वाली हेरिटेज सिटी की डीपीआर पर लगी शासन की मुहर

## 6.9 किमी लंबा व 6 लेन का एक्सप्रेस वे, रिवरफ्रंट होगा विकसित, डूब क्षेत्र में नहीं होगा निर्माण

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में राया के पास बसाई जाने वाली हेरिटेज सिटी की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) पर शासन की मुहर लग गई है। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बिड इवैल्यूशन कमेटी (पीपीपीबीईसी) की बैठक बुधवार को लखनऊ में हुई। कुल 3000 एकड़ में प्रस्तावित इस हेरिटेज सिटी का प्रथम चरण 753 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके विकास पर 6000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे, जबकि जमीन की कीमत 1200 करोड़ रुपए है। सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई डीपीआर पर शासन की मुहर लगने के बाद अब विकासकर्ता कंपनी के चयन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। दरअसल वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को यमुना एक्सप्रेस वे से जोड़ने के लिए जीरो प्वाइंट से 101 किमी पर बनाए जाने वाले ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के किनारे 3000 एकड़ में हेरिटेज सिटी बसाई जाएगी। इसका प्रथम चरण 753 एकड़ में विकसित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 12 गांव आ रहे हैं। यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट से 101 व 102 किमी के बीच से वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर तक 6.9 किमी लंबे ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाना है, जो 6 लेन का होगा। परामर्शदाता कंपनी सीबीआरई सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की डीपीआर को शासन स्तर पर गठित उच्च स्तरीय कमेटी की मुहर लगने क बाद अब इस महत्वपूर्ण परियोजना के आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है। प्रथम चरण में 753 एकड़ जमीन अधिग्रहित की जाएगी, इस पर 1200 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। वहीं विकास पर 6000 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

- प्रथम चरण में 753 एकड़ में विकसित की जाएगी हेरिटेज सिटी
- विकास कार्य पर खर्च होंगे 6000 करोड़ व जमीन की कीमत 1200 करोड़
- 10 साल में किया जाएगा विकास, जल स्रोतों को किया जाएगा संरक्षित
- वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर को जोड़ने के लिए बनेगा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे

परामर्शदाता कंपनी द्वारा तैयार की गई डीपीआर के मुताबिक हेरिटेज सिटी में कथावाचनालय, हाट बाजार, लाइट साउंड शो, हस्तशिल्प बाजार, आश्रम, घाट, वन, लेक एंड वाटरबॉडी, मथुरा कला तथा संस्कृति, योगा केंद्र एंड प्राकृतिक चिकित्सालय, पार्क, ध्यानकेंद्र, धर्मशाला, चिकित्सालय आदि होंगे।

# नोएडा एयरपोर्ट फेस तीन के विस्तार को लेकर जमीन की अड़चन दूर

## विशेषज्ञ समूह की सिफारिशों के साथ 14 गांवों की एसआईए रिपोर्ट को किया गया सार्वजनिक

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण से प्रभावित 14 गांवों के सामाजिक समाघात निर्धारण रिपोर्ट को विशेषज्ञ समूह द्वारा दी गई सिफारिशों के साथ सार्वजनिक कर दिया गया है। विस्थापित हो रहे छह गांवों में से थोरा एवं नीमका गांव को विस्थापन से बचाया जा सकता है। इसके लिए पुनः सर्वे कराने को कहा है। तीन महत्वपूर्ण सिफारिशों के साथ एसआईए की रिपोर्ट को संस्तुति प्रदान करते हुए सरकार को भेजने की सहमति बनी है।

दरअसल नोएडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत थोरा, नीमका, शाहजहांपुर, ख्वाजपुर, रामनेर, किशोरपुर, बनवारीबांस, पारोही, मुकीमपुर, शिवारा, जेवर बांगर, साबौता मुस्तफाबाद, अहमदपुर चौरौली, दयानतपुर बंकापुर एवं रोही समेत 14 गांवों की 1888.9088 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जा रही है। इसका सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन (एसआईए) गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय की टीम द्वारा किया गया था। विवि द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के मूल्यांकन के लिए विशेषज्ञ समूह का गठन गया, जिसकी बैठक बीते 9 फरवरी को हुई थी। तीन महत्वपूर्ण सिफारिशों के साथ एसआईए की रिपोर्ट को विशेषज्ञ कमेटी ने अपनी संस्तुति प्रदान कर दी थी। विशेषज्ञ कमेटी ने सिफारिश की है कि भूमि के मुआवजे को भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 के अनुसार उच्च स्तर पर नियमानुसार तय किया जाए। परियोजना से प्रभावित लोगों एवं परिवारों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुआवजे की दर मौजूदा बाजार मूल्य या सर्किल दरों के अनुसार जो भी अधिक हो नियमानुसार दी जाए। अधिग्रहण से प्रभावित 14 गांवों में से 6 गांवों थोरा, नीमका उर्फ शाहजहांपुर, खाजपुर, रामनेर, किशोरपुर व बनवारीवास का पूर्णरूप से विस्थापन प्रस्तावित है, जिनमें मकान एवं अन्य निर्माण हुए हैं। पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन के नियमानुसार प्रभावित परिवारों को मुआवजा दिया जाए। विशेषज्ञ समिति ने यह भी सिफारिश की है कि यदि संभव हो तो थोरा एवं नीमका गांव का पीडब्ल्यूसी एजेंसी से पुनः सर्वे कराकर विस्थापन होने से बचाने का प्रयास किया जाए। साथ ही नीमका शाहजहांपुर, थोरा एवं अन्य गांवों के प्रभावित परिवारों के लिए घरौनी या कोई अन्य उपयुक्त दस्तावेज जारी करने पर विचार किया जाए। एसआईए रिपोर्ट में की गई संस्तुतियों पर भूमि अधिग्रहण, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित मुआवजा के प्रावधानों के नियमानुसार कार्रवाई की जाए। विशेषज्ञ समूह के सदस्य इससे भी सहमत है कि नोएडा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए 14 गांवों की 1888.9088 हेक्टेयर भूमि अति न्यूनतम सीमा तक है और इससे कम विस्थापित किए जाने वाले कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है।

- नए भूमि अधिग्रहण के अनुसार उच्च स्तर पर दिया जाए मुआवजा

# मतदान के दिन वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र लाना होगा अनिवार्य

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव में मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परंतु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघर द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार आदि वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि एपिक में, प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिए बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जाएंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा हेतु मतदाता सूचना पर्ची बीएलओ के माध्यम से मतदान तिथि से कम से कम 5 दिन पूर्व वितरित करने के निर्देश दिये गए हैं। मतदाता सूचना पर्ची पर मतदेय स्थल, मतदान का दिनांक व समय आदि का उल्लेख रहता है। मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जाएगा। मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए मतदाता सूचना पर्ची के साथ वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई 01 साथ लाना अनिवार्य होगा।

# लोकसभा चुनाव में लगे अधिकारियों ने फूलमंडी में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## फूलमंडी से ही पोलिंग पार्टी की रवानगी व यही पर होगी मतगणना



**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस कमिश्नर एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में फूल मंडी नोएडा फेस 2 में सभी तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीसीपी बबलू कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान, अपर जिला अधिकारी भू./अ. बच्चू सिंह, अपर जिला अधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनिति, डीसीपी साइबर/नार्कोटिक्स राम बदन सिंह, डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, एसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा पवन कुमार एवं पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस कमिश्नर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुदृढ़ कर ली जाए ताकि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके। बैठक के उपरांत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा फूल मंडी नोएडा फेस 2 में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया।

## पुलिस कमिश्नर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता बूथ का किया निरीक्षण

**ग्रेटर नोएडा।** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से मतदान हेतु बनाए गए बूथों का औचक स्थलीय निरीक्षण किया। पुलिस आयुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने उच्च प्राथमिक प्राथमिक विद्यालय ककराला ख्वासपुर ब्लाक बिसरख नोएडा में पहुंचकर मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पूर्व में बनाए गए बूथों के की स्थिति के बारे में जानकारी ली। पुलिस आयुक्त एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि बूथों पर आने-जाने वाले रास्ते जहां पर खराब है उसको ठीक कर लें एवं जनपद में जितने बूथ बनाए गए हैं वहां पर आने जाने वाले रास्ते एवं बूथों के अंदर प्रकाश आदि की व्यवस्था को पूर्व में ही सुनिश्चित करा लें। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिन मतदान कार्मिकों की ड्यूटी मतदान केन्द्रों व बूथों पर लगाई जाएगी उनके लिए भी बिजली, पानी आदि की समस्त सुविधाएं मुहैया कराई जाए। उन्होंने मतदान केन्द्रों व बूथों पर रैंप, बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए, ताकि आने वाले वोटरों को कोई समस्या न हो। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदेय स्थलों से संबंधित थानाध्यक्ष एवं चौकी इचांर्ज को निर्देश दिए कि मतदान से पूर्व अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथों के आसपास सभी कानून व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप बनाई रखी जाए ताकि मतदान के दौरान मतदान कार्मिकों एवं वोटरों को अपने बूथों पर आने में किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।



# गुर्जर विरासत एंड संकल्प कुंभ गीतों के टी-शर्ट की हुई लॉन्चिंग



**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। शहीद विजय सिंह पथिक स्टेडियम में गुर्जर विरासत एवं संकल्प कुंभ के बैनर तले होने वाले जश्न ए खेल आयोजन को लेकर स्टेडियम का गीतों की टीम ने दौरा किया और इस अवसर पर गीतों की टीम ने 31 मार्च को होने वाले खेलों को लेकर खिलाड़ियों के लिए गीतों की लोगों वाली टी शर्ट लॉन्च की गई। जश्न ए खेल के माध्यम से गांव में छुपी हुई प्रतिभाओं को ओलंपिक जैसे बड़े प्लेटफॉर्म तक पहुंचाने का उद्देश्य है। इस अवसर पर ओलंपियन कैप्टन अमरीश अधाना, ब्रह्म सिंह पोस्टमास्टर, अंकित लोहिया, रजनीश चौधरी, पवन आनंद, पवन भड़ाना, कपिल भाटी दतावली, संजय भाटी, मनोज नागर प्रधानाचार्य, राष्ट्रीय खिलाड़ी गीता नागर, अनिल भाटी, नितिन नागर, नीरज पंवार, सहित कई लोग मौजूद रहे।

# तमंचे के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

**दनकौर,** 21 मार्च (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली पुलिस ने कस्बे के पास से एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि ऊंची दनकौर निवासी जलीस कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। बुधवार की रात पुलिस ने यमुना एक्सप्रेस वे के पास से आरोपी को संदिग्ध अवस्था में तमंचे के साथ घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था। उससे पहले ही पुलिस आरोपी को दबोच लिया। संजय सिंह का कहना है कि आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया गया है।

# होली मिलन समारोह में श्रीरामलला की मूर्ति देकर किया गया सम्मानित




**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। एक्यूरेट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें संस्थान प्रबंधन के साथ फैकल्टी, डीन, डायरेक्टर, स्टाफ मेंम्बर्स ने होली का जमकर उत्सव मनाया और भगवान रामलला की मूर्ति देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुआ। होली महापर्व की परंपरानुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। अवधी और काशी के फगुआ गीत और चौताल की प्रस्तुति और चर्चा हुई। शक्ति शुक्ला ने सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया। डायरेक्टर प्लानिंग डॉ. सुनील मिश्र ने होली के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व को रेखांकित किया। संस्थान के तरफ से एक्यूरेट बिजनेस स्कूल के डायरेक्टर डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अनूप पंत, डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. आर डी गुप्ता, आलोक सिंह, आर के तिवारी, राहुल कुमार, अनिल शर्मा, दीपक दीक्षित, डॉ. योगेश भोमिया आदि उपस्थित रहे। सबने मिलकर हर्षोल्लास से होली मनाई और एक दूसरे को होली महापर्व की शुभकामनाएं दिया। संस्थान की चेयरपर्सन पूनम शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया तथा होली की शुभकामना दिया। शिक्षा क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए विशिष्ट पत्रकार को भगवान रामलला की मूर्ति उपहार स्वरूप भेंट किया गया। लोकतंत्र में मीडिया की चौथे स्तंभ की भूमिका का जिक्र करते हुए प्रोफेसर अन्नू चौहान ने समाज और राष्ट्र में पत्रकारों को नारद मुनि का स्वरूप बताया।

# वृद्धजनों को किया सम्मानित विद्यार्थियों को मिला आशीर्वाद

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। गलगोटियास विश्वविद्यालय में भारत के वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं और संभावनाओं पर गरिमापूर्ण बहुविषयक परिप्रेक्ष्य के साथ बुढ़ापा इस विषय पर दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन। स्कूल ऑफ लिबरल एजुकेशन- शांति शिक्षा और अनुसंधान के उत्कृष्टता केंद्र में स्कूल ऑफलिबरल एजुकेशन की डीन डा. अनुराधा पाराशर के संरक्षण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू, प्रो. वॉइस चॉसलर डॉ. अवधेश कुमार, पूर्व वाइस चांसलर एवं चॉसलर सलाहकार डॉ. रेनु लूथरा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन गौड़ और डॉ. अनुराधा पाराशर ने सरस्वती वन्दना के साथ दीप प्रज्वलन करके किया। वॉइस चॉसलर डॉ. के. मल्लिकार्जुन बाबू ने कहा कि यह सेमिनार भारत में वरिष्ठ नागरिकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव अवश्य पड़ेगा। विवि के चॉसलर सुनील गलगोटिया ने कहा कि जिस परिवार, जिस समाज और जिस राष्ट्र में देश की युवा पीढ़ी अपने माता-पिता, अपने गुरूजनों और अपने से बड़ों का सम्मान करती है। वो राष्ट्र सदैव उन्नति की ही ओर अग्रसर होगा। सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटियास ने कहा कि हमें सदैव अपने बड़ों का सम्मान करना चाहिए। जो व्यक्ति अपने बड़ों का सम्मान करता है उनका सदैव ध्यान रखता है। उसकी आयु, विद्या, यश और बल ये चारों वस्तुऐं जीवन भर बढ़ती ही रहती हैं। इसलिए हमें चाहिए कि हम सदैव जीवन भर अपने बड़े-बुजुर्गों की सेवा में हमेशा-हमेशा तत्पर रहें। इस दौरान आराधना गलगोटिया, डॉ. रेनू लूथरा, प्रो. वॉइस चॉसलर डॉ. अवधेश कुमार मौजूद रहे।




## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 103/एस0टी0-एस0डी0एम0/2024 दिनांक 07.02.2024 के अनुसार मृतक श्रीमती नत्थो पत्नी स्व0 गिरीशचन्द नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर, तहसील व गौतमबुद्वनगर जिनकी मृत्यु दिनांक 20.11.2008 व 07.05.2023 को हो चुकी है, स्व0 गिरीशचन्द पुत्र स्व0 गिरधारी के वारिसान पूर्व में दर्ज किये जा चुके है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| औरंगपुर | 323अ 323ब 624 663/1 | श्रीमती नत्थो पत्नी स्व0 गिरीशचन्द नि0 ग्राम औरंगपुर परगना दनकौर तहसील व गौतमबुद्वनगर | श्री बलराम | 47 | पुत्र |
| | | | श्री विकल | 46 | पुत्र |
| | | | श्री बिरेन्द्र सिंह | 56 | पुत्र |
| | | | श्री विजेन्द्र | 62 | पुत्र |
| | | | श्रीमती सुबोध | 49 | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्व नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 1049/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 06.11.2023 मृतक स्व0 बलजीत पुत्र चेतराम नि0 ग्राम गुनपुरा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर की मृत्यु दिनांक 24.04.2022 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| दनकौर | 285 331 332 333m | स्व0 बलजीत पुत्र चेतराम नि0 ग्राम गुनपुरा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्वनगर | श्रीमति जगन | 76 | पत्नी |
| | | | श्री संजय नागर | 35 | पुत्र |
| | | | श्री धारा | 32 | पुत्र |
| | | | श्री धीरेन्द्र | 30 | पुत्र |
| | | | मनोज | 36 | पुत्र |
| | | | श्रीमती बबली राठी | 37 | पुत्री |
| | | | श्रीमति रीनू भाटी | 35 | पुत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण




पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संपर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# इस्कॉन धूमधाम से मनाएगा गौर पूर्णिमा का उत्सव

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। इस्कान ग्रेटर नोएडा की तरफ से गौर पूर्णिमा त्योहार मनाने जा रहा है, जिसकी जानकारी इस्कान प्रबंधन समिति प्रेस वार्ता के दौरान दी। प्रेस वार्ता में अतुल कृष्ण दास व स्वरुप आनन्द दास ने बताया कि आगामी 23,24 व 25 मार्च को लेबर चौक के पास का मैदान, अल्फा -2, ग्रेटर नोएडा आयोजित हो रहा है। अतुल कृष्ण ने बताया कि गौरपूर्णिमा के बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है, इसी लिए इस उत्सव का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगों में आध्यात्म का ज्ञान हो। इस बार पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत कीर्तन से होगी, इसी के साथ भगवान की कथा होगी, उन्होंने बताया कि कथा से जो ज्ञान मिलता है वह हृदय को बदलता है। पहले दिन वृदावन से 25 लोगों की टीम आ रही है, जो नृत्य नाटिका के माध्यम से भगवान की महिमा को बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस्कान का सेवा का भाव रहता है, मंदिर के आसपास कोई भूखा न रहे। 24 तारीख को ग्रेनो वेस्ट से एक टीम की तरफसे बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 25 मार्च होली के दिन महाप्रभु का प्राकट्य अभिषक किया जाएगा। इसी के साथ ग्रेटर नोएडा के लोग नाट्य की प्रस्तुति देगें, जिसमें भगवान श्रीराम व श्रीकृष्ण के बीच समन्वय को दर्शाया जाएगा। इसी दिन एक हजार किलो फूलों से सजाया जाएगा और राधा कृष्ण का नौकाविहार कराया जाएगा। भगवान के लिए जो भी लाना चाहते हैं वह भोग लगा सकता है। इसी दिन फूलों की होली खेली जाएगी, जिसमें लोग शामिल होंगे। प्रतिदिन सभी सहभागियों के लिए प्रसादम् की व्यवस्था प्रबंधन समिति की तरफसे की जाएगी।



- लेबर चौक के सामने अल्फा-दो में 23,24 व 25 मार्च को उत्सव का होगा आयोजन
- वृंदावन की टीम नृत्य नाटिका से भगवान की महिमा को करेगी प्रदर्शित, नौका विहार होगा आकर्षण


## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्वनगर।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम/सैक्टर-हजरतपुर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-जे.ए.टी.012728, भूखण्ड संख्या-107, क्षेत्रफल-190 वर्ग मीटर श्री गिरवर पुत्र श्री सुल्हड, निवासी-158, तैमूर नगर, दिल्ली के पक्ष में आवंटित किया गया था। आवंटी श्री गिरवर पुत्र श्री सुल्हड की मृत्यु के उपरांत इनके वारिसानों श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री गिरवर, श्रीमती शकुन्तला पत्नी स्व० श्री गिरवर, निवासी-158, तैमूर नगर, दिल्ली, हाल नि0 128, तैमूर नगर, न्यू फ्रेन्ड कालोनी, दिल्ली में से श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री गिरवर, निवासी-158, तैमूर नगर, दिल्ली, हाल नि0 128, तैमूर नगर, न्यू फ्रेन्ड कालोनी, दिल्ली द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में इनके वारिस श्री सुनील कुमार पुत्र स्व० श्री गिरवर, निवासी-158, तैमूर नगर, दिल्ली, हाल नि0 128, तैमूर नगर, न्यू फ्रेन्ड कालोनी, दिल्ली के पक्ष में उक्त भूखण्ड नामांतरित कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# संपादकीय

नई दिल्ली, शुक्रवार 22 मार्च 2024

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## कांग्रेस को परेशान करने का नया हथकण्डा

भारत को बारम्बार 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिस प्रकार से लोकसभा का चुनाव लड़ने के मार्ग में कांग्रेस के लिये अड़चनें पैदा कर रहे हैं उससे साबित होता है कि उनकी आस्था विरोधी दलों को समान परिस्थितियों में चुनाव लड़ने देने में कतई नहीं है। अधिक दुखद बात तो यह है कि केन्द्रीय निर्वाचन आयोग एवं अन्य संवैधानिक संस्थाएं भी इस ओर से आंखें मूंदे बैठी हैं। जैसे-जैसे विपक्ष मजबूत होता जा रहा है, भारतीय जनता पार्टी की सरकार ऐसी अनेक दिक्कतें विपक्ष के लिये खड़े कर रही है। कांग्रेस उसके मुख्य निशाने पर है जो लगातार मजबूत हो रही है। भाजपा की परेशानी का मुख्य सबब भी यही है। जिस तरह के कांग्रेस के नेतृत्व में मुम्बई के शिवाजी पार्क में इंडिया गठबन्धन की रैली सफल हुई है और भाजपा समेत कई दूसरे दलों के अनेक नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं उससे सत्तारुढ़ दल की चिताएं बढ़ गयी हैं। उसके हमले भी कांग्रेस व उसके नेताओं पर बढ़ चले हैं।

नयी बानगी यह है कि सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खाते सील कर दिये हैं जिसके कारण उसे चुनाव लड़ने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। गुरुवार को अपने मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बतलाया कि किस प्रकार से पार्टी के आगे बड़ा वित्तीय संकट खड़ा कर दिया गया है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के अलावा अजय माकन मौजूद थे। उन्होंने जानकारी दी कि 14 लाख रुपये वसूली के एक मामले के बहाने कांग्रेस के 210 करोड़ रुपये आयकर विभाग ने फ्रीज कर रखे हैं। यह मामला 2017-18 का है। इतना ही नहीं 30 साल पहले के एक मामले को लेकर उसे नोटिस दी गई है जब कोषाध्यक्ष सीताराम केसरी हुआ करते थे।

साफ है कि भाजपा कांग्रेस के लिये वह समान अवसर वाली स्थिति बनाने के हक में बिलकुल नहीं है जिसे 'लेवल प्लेईंग फील्ड' कहा जाता है और जिसे सभी दलों को उपलब्ध कराने का वादा केन्द्रीय चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनावों की घोषणा करते वक्त किया था। वैसे भी लोकतंत्र का तकाज़ा, परम्परा एवं नियम यही है कि सभी दलों को एक जैसी परिस्थितियों में चुनाव लड़ने का वह न केवल अवसर प्रदान करे बल्कि वैसी स्थिति को निर्मित भी करे। पिछले कुछ समय से भाजपा ने एक सुनियोजित तरीके से चुनावी लड़ाई की असमान जमीन तैयार कर रखी है। अपनी 10 वर्षीय सत्ता में उसने भरपूर पैसा बटोरा है। कहा तो यह भी जाता है कि 2016 में लाई गई नोटबन्दी का यही उद्देश्य था। इसके माध्यम से जनता की जेब से पैसे निकलवा लिये गये। इतना ही नहीं, 2017-18 में जारी इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना में लाभान्वित होने वाला सबसे बड़ा दल भाजपा ही है। इसमें जितना चुनावी फंड मिला उसका ज्यादातर हिस्सा भाजपा के खाते में गया है। विरोधी दलों को जो राशि मिली है वह बहुत कम है।

वर्तमान दौर में किसी भी चुनाव में धन के महत्व व उसकी आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता। पिछले कुछ अरसे से भाजपा ने जैसे चुनाव लड़े हैं उसने देश के चुनावी तौर-तरीकों को बदलकर रख दिया है। पार्टी की सभाओं-सम्मेलनों में भारी-भरकम राशि खर्च होती है। भाजपा के प्रमुख चेहरे यानी नरेन्द्र मोदी की सभाओं की भव्यता और अधिक होती है। उनके रोड शो, रैलियों आदि के साथ विज्ञापनों पर जो अकूत राशि खर्च होती है उससे भाजपा अन्य से आगे निकल जाती है। चूंकि इन दिनों यह तथ्य भी (खर्च वाला) बहुत अहम हो गया है तथा मतदाताओं के लिये मायने रखता है, अत: इसे यह कहकर नज़रंदाज़ नहीं किया जा सकता कि 'केवल पैसे से चुनाव नहीं लड़ा जाता।' यह सच है कि मतदाता के निर्णय की अंतिम कसौटी पैसा नहीं है लेकिन बहुत से ऐसे मद हैं जिन पर धन राशि की ज़रूरत हर पार्टी को पड़ती है। यात्रा, विज्ञापन, सभाएं, प्रचार सामग्री आदि अपरिहार्य खर्च हैं। धन के बिना किसी भी दल का पिछड़ना स्वाभाविक है। अगर किसी पार्टी के पास उसके प्रयासों से एकत्र की हुई राशि ही न हो तो वह अलग बात है परन्तु कांग्रेस के साथ होता हुआ अन्याय साफ दिखता है कि उसे अपनी ही राशि निकालने नहीं दी जा रही है। फिर, बहुत पुराने मामलों की आड़ में ऐन चुनाव के वक्त पर खातों को फ्रीज़ करना बतलाता है कि भाजपा खर्चों के मामले में बढ़त बनाने के लिये यह षड़यंत्र रच रही है। याद हो कि कांग्रेस ने यह राशि कुछ अरसा पहले क्राउड फंडिंग के जरिये एकत्र की थी। पार्टी के सदस्यों एवं जनसामान्य ने कांग्रेस को आर्थिक मदद की थी। हालांकि वह राशि भी भाजपा के आईटी सेल ने ऑफिशियल वेबसाइट को हैक कर हथियाने की कोशिश की थी।

एक ओर तो प्रमुख विपक्षी दल के पैसे रोके जा रहे हैं दूसरी तरफ देखें तो भाजपा को पैसों की ज़रूरत न केवल चुनाव लड़ने के दौरान वरन बाद में विपक्षी दलों की निर्वाचित राज्य सरकारों को गिराने में भी पड़ती है। इन्हीं पैसों से वह विधायकों व अन्य जनप्रतिनिधियों को खरीदने का काम करती है। यह बात भी अब किसी से छिपी हुई नहीं रह गई है। सम्भवत: भाजपा यह सोचकर ऐसी हरकतों पर उतर आई है कि उससे वह कांग्रेस को परेशान कर सकती है लेकिन वह नहीं जानती कि उसके इसी अलोकतांत्रिक रवैये के कारण विपक्ष उसके ईर्द-गिर्द और मजबूती से संगठित हो रहा है। जनता तो यह सब कुछ देख ही रही है।

# मोदी सरकार में बेरोजगारी के भयावह आंकड़े



राहुल लाल

> बेरोजगारी बढ़ने के साथ श्रम भागीदारी दर का नीचे आना समस्या को बेहद जटिल बना देता है। यह दर श्रम शक्ति अर्थात अर्थात 15-64 साल की आयु के लोगों कुल संख्या में काम करने के इच्छुक लोगों तथा रोजगार में लगे या रोजगार पाने की कोशिश कर रहे लोगों की संख्या के अनुपात को इंगित करती है। इसका मतलब यह है कि घटते अवसरों की वजह से निराश लोग रोजगार की ओर उन्मुख नहीं हैं।

अर्थव्यवस्था के अनुपात में रोजगार के अवसरों का नहीं बढ़ना लंबे समय से चिंता का विषय है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां देने का भरोसा दिया था, लेकिन पिछले 10 वर्षों में नई नौकरियों का सृजन तो दूर, जो पहले से रोजगार में थे, वे भी बेरोजगार हो गए। नवंबर 2016 में नोटबंदी लागू करते हुए आतंकवाद, भ्रष्टाचार और कालाधन का देश में खात्मा करने का दावा किया गया था। लेकिन अजीज प्रेमजी यूनिवर्सिटी बंगलुरु के सेंटर फॉर ससटेनेबल इम्प्लॉयमेंट (सीएसई) की रिपोर्ट में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार नोटबंदी के बाद 50 लाख लोगों की नौकरियां छिन गई है। सीएसई के रिपोर्ट 'स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया-' के अनुसार न केवल नोटबंदी के बाद करोड़ों लोगों के बेरोजगार होने की बात कही गई है, अपितु यह भी कहा गया है कि पिछले एक दशक के दौरान देश में बेरोजगारी की दर में लगातार इजाफा हुआ है। 2016 के बाद यह अपने शीर्ष स्तर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार 20 से 24 वर्ष के लोगों पर इसका सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। अमित बसोले के नेतृत्व में तैयार किए गए इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 'सरकार ने राष्ट्रीय नमूना सर्वे कार्यालय (एनएसएसओ) द्वारा श्रम बल सर्वे (पीएलएफएस) की रपट अभी जारी नहीं की है। इसलिए इस रिपोर्ट में रोजगार स्थिति को समझने के लिए, सेंटर फॉर मॉनिटरिंग द इंडियन इकॉनामी के सीएमआईई-सीपीडीएक्स के आंकड़ों का प्रयोग हुआ है। पीएलएफएस और सीएमआईई-सीपीडीएक्स दोनों की रिपोर्ट में बेरोजगारी दर को करीब 8 फीसदी आंका गया है। यह 2000 से 2011 की औसत दर का दोगुना से अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उच्च शिक्षित वर्ग में बेरोजगारी तो बढ़ी ही है, कम शिक्षित श्रमिक जो प्राय: असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं, उनके भी रोजगार के अवसर घटे हैं।

आर्थिक परिदृश्य पर नजर रखने वाली भरोसेमंद संस्था सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकॉनामी की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर 2023 में बेरोजगारी दर मई 2021 के बाद सबसे अधिक 10.05 फीसदी हो गई। इस दौरान ग्रामीण बेरोजगारी 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 10.82 फीसदी हो गई, जबकि शहरी बेरोजगारी 8.44 फीसदी हो गई।

बेरोजगारी बढ़ने के साथ श्रम भागीदारी दर का नीचे आना समस्या को बेहद जटिल बना देता है। यह दर श्रम शक्ति अर्थात अर्थात 15-64 साल की आयु के लोगों कुल संख्या में काम करने के इच्छुक लोगों तथा रोजगार में लगे या रोजगार पाने की कोशिश कर रहे लोगों की संख्या के अनुपात को इंगित करती है। इसका मतलब यह है कि घटते अवसरों की वजह से निराश लोग रोजगार की ओर उन्मुख नहीं हैं। नवंबर 2017 से ही रोजगार में गिरावट आती जा रही है। सबसे चिंताजनक मामला यह है कि रोजगार में गिरावट तब जारी है, जब लेबर फोर्स बढ़ती जा रही है। लेबर फोर्स बढ़ने से आशय है कि काम के लिए ज्यादा लोगों की उपलब्धता होते जाना। नोटबंदी के बाद लेबर फोर्स सिकुड़ गया था। लोगों को काम मिलने की उम्मीद नहीं रही थी, इसलिए वे लेबर मार्केट से चले गए थे।

इसी सप्ताह एयर इंडिया में 180 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया है। स्पाइसजेट 15 फीसदी कर्मचारियों की छंटनी करने वाला है। वर्ष 2019 में स्पाइसजेट के पास 16,000 कर्मचारियों का समूह था, लेकिन भयावह छंटनी के बाद अब कर्मचारियों की संख्या केवल 9 हजार रह गई, जिसमें पुन: 15 फीसदी छंटनी होने वाली है। कुछ वर्ष पूर्व जेट एयरवेज के बंद हो जाने से करीब 16000 कंपनी के पे-रॉल कर्मचारी और 6,000 अनुबंध वाले कर्मचारी बेरोजगार हो थे। रोजगार को लेकर कुछ और भी आंकड़े हैं, जो और भी डरावने हैं।

वेदांता ने 49,141 लोगों की छंटनी की, तो फ्यूचर एंटरप्राइज ने 10,539 लोगों की। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र की सुप्रसिद्ध कंपनी फोर्टिस हेल्थकेयर ने 18,000 लोगों की छंटनी की। टेक महेंद्रा ने 10,470 कर्मचारी कम किए हैं। सेल सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है, इसने 30,413 लोगों की छंटनी की है, तो बीएसएनएल ने 12,765 लोगों को काम से निकाला। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने भी 11,924 लोगों की छंटनी की। इस तरह केवल तीन सरकारी कंपनियों ने करीब 55,000 नौकरियां कम की हैं। सरकार अपने लाभांश वाली कंपनियों में रोजगार सृजन के स्थान पर विनिवेश करने के लिए ही गंभीर रही।

सीएमआईई नामक संस्था लगातार रोजगार के आंकड़ों पर नजर रखती है। इस संस्था के अनुसार 2013-14 में 1443 कंपनियों ने 67 लाख रोजगार देने का आंकड़े दिए, जबकि 2016-17 में 3,441 कंपनियों ने 84 लाख रोजगार देने का डेटा दिया है। इस हिसाब से देखें तो कंपनियों की संख्या में दुगुनी से भी ज्यादा वृद्धि के बावजूद रोजगार के आंकड़ों में खास वृद्धि नहीं दिखती है। इस तरह सरकार के कार्यकाल के प्रारंभ में भी 2 करोड़ प्रति वर्ष रोजगार सृजन को लेकर गंभीर नहीं रही।

लघु एवं मध्यम उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। नोटबंदी व लॉकडाउन ने लघु एवं मध्यम उद्योगों की कमर तोड़ दी। आरबीआई के अनुसार लघु व मध्यम उद्योग भयावह कर्ज में डूब गई। केवल नोटबंदी के असर से मार्च 2017 तक लोन न चुकाने का मार्जिन 8,249 करोड़ था, जो मार्च 2018 तक बढ़कर 16,111 करोड़ हो गया।

माना जा रहा है कि नोटबंदी एवं जीएसटी से ही केवल करीब 2 करोड़ से ज्यादा लोग बेरोजगार हुए है। ऑल इंडिया मेन्युफेक्चरिंग आर्गेनाइजेशन के अनुसार जीएसटी से केवल लघु एवं मध्यम उद्योगों में 35 लाख लोग बेरोजगार हुए हैं, जबकि इसमें असंगठित क्षेत्र के बेरोजगार लोगों को जोड़ दिया जाए तो आंकड़ा 2 करोड़ पहुंच सकती है।

अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाने के लिए आवश्यक है कि हमारी अर्थव्यवस्था निर्यातोन्मुखी बने, लेकिन भारत का निर्यात लंबे समय से ठहराव की दशा में है। इस स्थिति में देश का कपड़ा उद्योग संपूर्ण अर्थव्यवस्था में प्राण फूंक सकती थी। भारत में कृषि के बाद सबसे बड़ा रोजगार प्रदान करने वाला कपड़ा उद्योग लगभग 3.5 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करता था, जबकि निर्यात क्षेत्र में इसकी भागीदारी 24.6फीसदी थी। इस तरह कपड़ा उद्योग न केवल निर्यातोन्मुखी अर्थव्यवस्था अपितु रोजगार देने वाले अर्थव्यवस्था के लिए भी अपरिहार्य है। मौजूदा वर्ष देश के वस्त्र निर्यात के लिए अच्छा साबित नहीं हो रहा है। क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमआई) के आंकड़ों के अनुसार इस वित्त वर्ष अप्रैल और मई में वस्त्र निर्यात पिछले वर्ष के समान महीनों की तुलना में क्रमश: 23 और 17 प्रतिशत गिरा। सरकार इसके कमजोर प्रदर्शन के लिए यूरोप और अमेरिका में मांग में कमी को मानती है। लेकिन अगर उदाहरणों को देखा जाए तो समस्या वैश्विक बाजारों की स्थिति की नहीं है, बल्कि उसका संबंध देश के परिस्थितियों से है।

उदाहरण के लिए जरा वियतनाम पर विचार कीजिए, जिसके वस्त्र निर्यात में इस वर्ष अब तक 14 फीसदी की वृद्धि दर्ज की जा चुकी है। पिछले वित्त वर्ष में जहां भारतीय वस्त्र निर्यात में 4 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, वहीं बांग्लादेश ने इसी अवधि में तैयार वस्त्रों के निर्यात के जरिए 9 फीसदी की राजस्व वृद्धि हासिल की। इसके पहले बांग्लादेश में कपड़ा एवं वस्त्र मिलों के बुनियादी ढ़ांचे में जबरदस्त सुधार किया गया ताकि उच्च सुरक्षा मानकों का पालन किया जा सके। मई 2018 में जब देश का वस्त्र निर्यात 17फीसदी गिरा तो इसी अवधि में श्रीलंका का वस्त्र निर्यात में सालाना आधार पर 9फीसदी की वृद्धि हुई। अप्रैल में जरूर उसके वस्त्र निर्यात में 4फीसदी की गिरावट आई थी, लेकिन फिर भी वह भारत की 23फीसदी गिरावट से बहुत कम थी। उद्योग जगत एवं सरकार ने कपड़ा उद्योग के घटते निर्यात के लिए अंतरराष्ट्रीय स्थितियों को जिम्मेवार माना है। लेकिन वियतनाम व बांग्लादेश के उदाहरणों से स्पष्ट है कि भारत में कपड़ा उद्योग के प्रतिस्पर्धा की ढांचागत कमी है और इसकी मांग की परिस्थितियों से कोई लेना-देना नहीं है। वियतनाम के कपड़ा उद्योग के निर्यात वृद्धि के लिए हम लोग तर्क दे सकते हैं कि आसियान के टाइगर इकॉनामी के कारण यह संभव है। लेकिन बांग्लादेश से भी भारतीय कपड़ा उद्योग का पिछड़ जाना, इसके कई गंभीर मूलभूत समस्याओं की ओर हमारा ध्यानाकर्षण कर रहा है।

सरकार का कहना है कि अब प्रत्येक दिन देशभर में 27 किमी राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण होता है, जो पिछले सरकार से काफी ज्यादा है, ऐसे में रोजगार कम कैसे हो सकता है। यहां पर यह भी ध्यान देना आवश्यक है कि अब सड़कों के निर्माण प्रक्रिया का काफी हद तक मशीनीकरण हो चुका है। ऐसे में भले ही सड़कों के निर्माण की गति तीव्र हुई है, परंतु रोजगार के अवसर नहीं बढ़े हैं। बेरोजगारी दूर करने के लिए चीन की तरह हमें भी श्रम प्रधान उद्योगों को बढ़ावा देना होगा और सरकार को कुछ ऐसा करना होगा कि, जिससे श्रमप्रधान उद्योगों के प्रति उद्योगपतियों की भी दिलचस्पी में वृद्धि हो।

दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान से पूर्व जनता को समझना होगा कि रोजगारविहीन विकास हमें आर्थिक असमानता के गहरी खाई की ओर अग्रसर कर रही है। 10 वर्षों में सरकार को 2 करोड़ प्रति वर्ष के दर से कम से कम 20 करोड़ रोजगार देना था, परंतु इस सरकार में बेरोजगारी गंभीर समस्या बनी रही। हमें विकास को रोजगारपरक बनाना होगा। इसके लिए आवश्यक है कि सरकार रोजगार प्रदान करने वाले विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान करे तथा उसे प्राथमिकता भी प्रदान करें। उद्योग जगत की यह शिकायत भी है कि वस्तु एवं सेवा कर के आगमन के बाद से करों की मामलों में उसकी स्थिति थोड़ी कमजोर हुई है। कपड़ा और वस्त्र उद्योग के साथ दिक्कत यह भी है कि हमारी फैक्टरियां प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में निहायत छोटी है। इससे लागत बढ़ती है और छोटे ऑर्डर से निपटने या नई तरह की इन्वेंट्री तैयार करने में दिक्कत होती है। आंकड़े बताते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था के स्वरोजगार में खासी कमी आई है और उसके स्थानों पर दिहाड़ी मजदूरों की संख्या में वृद्धि हुई है। एक तरफ जीडीपी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन रोजगार में वृद्धि तो दूर कमी ही दिखाई दे रही है। तो फिर, इसे रोजगारविहीन विकास कहना अनुचित नहीं होगा। आवश्यक है कि हम लोग अपने विकास को रोजगारोन्मुखी भी बनाएं। इस संदर्भ में कांग्रेस द्वारा जारी युवा न्याय महत्वपूर्ण समाधान हो सकता है, जहां केंद्र सरकार में रिक्त 30 लाख पद भर्ती की जाएगी। युवाओं के लिए 500 करोड़ का स्टार्ट-अप कोष का गठन भी एक ऐतिहासिक कदम होगा। कांग्रेस द्वारा गिग इकॉनामी में सामाजिक सुरक्षा की बात भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। वास्तव में रोजगार सृजन मोदी सरकार के प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं, जिस कारण अभी देश स्वतंत्रता के बाद का सबसे भयावह बेरोजगारी दंश झेल रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व आर्थिक मामलों के जानकार हैं)**

# लोकसभा चुनाव में धन और बाहुबल पर अंकुश लगाना चुनौतीपूर्ण

■ **कल्याणी शंकर**

> धन और बाहुबल के बढ़ते प्रयोग से भारतीय लोकतंत्र को खतरा है। राजनेताओं ने अपने काम के लिए बाहुबलियों का उपयोग करना शुरू कर दिया, लेकिन 1980 के दशक के बाद से, इन अपराधियों ने कार्यालय के लिए दौड़ना शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों को भी यह आसान लगता है क्योंकि वे अपने अभियानों के लिए फंडिंग करते हैं और लोग डर के मारे उन्हें वोट देते हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 19 अप्रैल से शुरू होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। उन्होंने चार प्रमुख समस्याओं की पहचान की है जो भारत के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को प्रभावित करती हैं। ये हैं : बाहुबल, धनबल, गलत सूचना और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन। वे नये नहीं हैं।

2014 में अपने अभियान के दौरान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति के अपराधीकरण को समाप्त करने और काले धन के उपयोग को नियंत्रित करने का वायदा किया था। हालांकि, सवाल यह है कि क्या आदर्श आचार संहिता के अनुचित उपयोग को रोकना और धन और बाहुबल के उपयोग को नियंत्रित करना संभव है?

एक चुनाव निगरानी संस्था एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने पाया है कि भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, एनसीपी, राजद, आप, सीपीआई (एम) और वाईएसआरसीपी सहित कई प्रमुख भारतीय राजनीतिक दलों ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वर्तमान संसद सदस्यों के पास रुपए 29,251 करोड़ की संपत्ति है और उनकी औसत संपत्ति रुपए 38.33 करोड़ है। रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 44 प्रतिशत केंद्रीय मंत्रियों का आपराधिक रिकॉर्ड है, और 25 प्रतिशत सांसदों के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं। कुल सांसदों में से 53 अरबपति और 475 करोड़पति हैं।

धन और बाहुबल के बढ़ते प्रयोग से भारतीय लोकतंत्र को खतरा है। राजनेताओं ने अपने काम के लिए बाहुबलियों का उपयोग करना शुरू कर दिया, लेकिन 1980 के दशक के बाद से, इन अपराधियों ने कार्यालय के लिए दौड़ना शुरू कर दिया है। राजनीतिक दलों को भी यह आसान लगता है क्योंकि वे अपने अभियानों के लिए फंडिंग करते हैं और लोग डर के मारे उन्हें वोट देते हैं।

अपराध और राजनीति के बीच सांठगांठ एक स्थायी मुद्दा है जो जल्द ही खत्म नहीं होगा। यह कड़ी देश के लोकतंत्र और शासन व्यवस्था पर असर डालती है। दोनों कारकों के बीच संबंध उच्च लागत वाले चुनावों और मतदाता रिश्वत की ओर ले जाता है। जिनके पास वित्तीय संसाधन हैं वे अपने पैसे का उपयोग राजनीति में अपना रास्ता खरीदने और प्रतिस्पर्धी बनने के लिए करते हैं।

सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले के तहत मार्च 2003 से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्व-शपथ हलफनामे में अपने आपराधिक आरोपों, वित्तीय स्थिति, वैवाहिक स्थिति, आय के स्रोत और मात्रा, धन और शिक्षा के बारे में जानकारी देनी होगी। हालांकि, कुछ उम्मीदवारों को अपनी शिक्षा और संपत्ति के बारे में अधिक सुसंगत जानकारी देने की आवश्यकता है।

चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को मिलने वाली फंडिंग के नियमों में बदलाव किया है। नये नियमों में नकद दान की सीमा को 20,000 रुपये से घटाकर 2,000 रुपये करना और गुमनाम चुनावी बांड (जिसे अब सर्वोच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है) योजन के तहत योगदान शुरू करना शामिल किया था।

हालांकि, कंपनियां अभी भी एक निश्चित राशि तक धन के स्रोत का खुलासा किए बिना राजनीतिक दलों को दान दे सकती हैं। पारदर्शिता बढ़ाने के लिए कानून नकद दान की संख्या को सीमित नहीं करता है।

सर्वोच्च न्यायालय ने इस साल चुनावी बांड की बिक्री पर रोक लगा दी। सरकार ने 2018 में बांड प्रणाली शुरू की थी। व्यक्ति या कंपनियां इन बांडों को 1,000 रुपये से एक करोड़ रुपये तक के मूल्य पर खरीद सकती थी, जिसमें अधिकतम राशि की कोई सीमा नहीं थी। पिछले पांच विधानसभा चुनावों में 6,128 करोड़ रुपये के चुनावी बांड बेचे गये, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। भाजपा और कांग्रेस समेत केवल कुछ ही पार्टियों को फायदा हुआ और भाजपा की हिस्सेदारी अच्छी खासी रही। अदालत ने पाया कि बांड में पारदर्शिता की कमी है और हाल ही में उन पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

चुनाव अधिकारियों ने रुपये से अधिक मूल्य की दवाएं, नकदी और शराब जब्त की। पांच चुनावी राज्यों में 1760 करोड़ रुपये की जब्ती हुई, जो पिछले विधानसभा चुनावों में हुई 239.15 करोड़ रुपये की जब्ती से सात गुना अधिक है।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने 2024 के चुनावों के लिए नये नियमों के तहत सूर्यास्त के बाद बैंक वाहनों में नकद परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जब्ती के प्रयासों में सहायता के लिए आयोग नकदी, शराब और नशीली दवाओं की आवाजाही के लिए गैर-अनुसूचित चार्टर्ड उड़ानों की भी निगरानी करेगा।

अशिक्षा, गरीबी और अन्य चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र 75 वर्षों से अधिक समय से फल-फूल रहा है। पड़ोसी देशों के विपरीत, सत्ता 17 बार सुचारू रूप से स्थानांतरित हुई है। भारत के चुनाव आयोग ने 17 लोकसभा, 16 राष्ट्रपति चुनाव और 400 से अधिक विधानसभा चुनाव सफलतापूर्वक आयोजित किये हैं। 97.8 करोड़ योग्य मतदाताओं के साथ ऐसा करने का श्रेय जनता को जाता है।

भारत में कई समितियों, जैसे गोस्वामी, वोहरा और इंद्रजीत गुप्ता समिति, विधि आयोग, संविधान की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय आयोग, भारत का चुनाव आयोग और प्रशासनिक सुधार आयोग ने चुनाव सुधारों का प्रस्ताव दिया है। उन्हें तत्काल लागू किया जाना चाहिए।

समितियों ने सरकारी पदों पर अवांछित लोगों के प्रवेश की समस्या के समाधान के उपाय प्रस्तावित किये हैं। हालांकि, इन सुझावों को अभी भी लागू करने की आवश्यकता है।

चुनाव आयोग ने चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों के पालन के लिए एक आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) स्थापित की है। हालांकि, पार्टियां चुनाव आयोग की फटकार के डर के बिना खुलेआम एमसीसी की अवहेलना कर रही हैं। एमसीसी को लागू करने और राजनीतिक दलों से पालन करना सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग को अधिक शक्ति की आवश्यकता है।

एक अन्य समस्या चुनाव के दौरान गलत सूचना और फर्जी खबरों का प्रसार है। पोल बॉडी को इस पर और अंकुश लगाने की जरूरत है। गलत सूचना और फुसफुसाहट अभियान एक समान अवसर प्रदान करने में बाधा डालता है।

लोकतांत्रिक सिद्धांतों को बनाये रखने के लिए व्यक्तियों, राजनीतिक दलों और सरकार को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। संसद को राजनीतिक वित्त नियमों को बढ़ाने के लिए नीतियां लागू करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि महत्वपूर्ण आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ सकें। इसके अतिरिक्त, सरकार को राजनीतिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिक व्यवहार को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# पावन प्रसंग

## स्नेह और अपनापन बांटिए

गलती करने के बाद हमने कभी किसी को गले लगाना नहीं सीखा, गलती करने वाले को आत्मीयता-अपनापन देना नहीं जाना, गलतियों को कभी हमने माफ नहीं किया और इसी का परिणाम है कि समाज में प्राचीन जमाने से लेकर आज तक अंगुलिमाल और उसके परिवर्तित रूप पैदा होते रहे हैं। गलतियों के लिए क्षमा के प्रावधान के बदले उसे दंड देने की व्यवस्था बना दी। आज अपराधियों के लिए जितने कैदखाने हैं, क्या उनमें से कोई अपराधी सुधरकर आया? गलती करने वाला तो अपराध कर ही रहा है; साथ में हम भी उसे अपराध करने के लिए मजबूर कर अपराधी बना रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि हम गलतियों के पीछे की विवशता को नहीं देखते कि आखिर ऐसा हुआ तो हुआ क्यों?

इंसान गलतियों का पुतला है। दार्शनिक के इस मत से स्पष्ट है कि इंसान से त्रुटियां संभव हैं। त्रुटिहीन श्रेणी में इंसान देवता की श्रेणी में आ जाता है, परंतु वह देवता नहीं है, वरन इस ओर विकसित होने की प्रक्रिया में है। यदि इंसान की त्रुटियों को माफ कर दिया जाए तथा इसके पीछे उसकी विवशता का बड़ी गहराई से निरीक्षण किया जाए तो संभव है कि वह ऐसी गलती दोबारा न दोहराए या फिर कम गलतियां करे। गलतियां सबसे होती हैं और हर गलती करने वाला दूसरों से माफी की उम्मीद करता है, परंतु विडंबना है कि कोई माफ करता नहीं है। हम औरों से अपने लिए क्षमा की उम्मीद रखते तो हैं, पर दूसरों को इन्हीं परिस्थितियों में पीड़ित करते हैं।

गलतियों पर पीड़ित करने से व्यक्ति अंदर से टूट जाता है और टूटा हुआ व्यक्ति स्वयं तथा औरों के लिए अत्यन्त घातक होता है, क्योंकि वह पीड़ित करने वालों के प्रति तीव्र प्रतिहिंसक हो जाता है और यही वजह है कि समाज में अपराध और अपराधियों की संख्या दिन- दुगनी बढ़ती जा रही है। अंगुलिमाल को उंगली दिखाकर उसे तीखा व्यंग्य किया जाता था। उंगली दिखाकर उसे बताया जाता था कि वह कितना बड़ा अपराधी है और उसे क्यों तथाकथित समाज के बीच नहीं आना चाहिए। जिस दिन उसकी सहनशीलता का पैमाना छलक गया उसी दिन से उसने अन्य सभी व्यक्तियों की उंगलियों को काटकर माला में पिरोकर पहनाना शुरू कर दिया। इस भोलेभाले बालक के अंतर्मन में प्रतिहिंसा की ज्वाला किसने भड़काई? जिसने ऐसा किया उसे उसका खामियाजा भी भुगतना पड़ा।

निम्न वर्ग का एक और लड़का, जिसे मंदिर में माथा नवाने के लिए जाते समय अपमानित करके भगा दिया जाता था। उसका धैर्य चुकने पर वह मंदिरों को तोड़ने के लिए आमादा हो गया। कालापहाड़ के नाम से कुख्यात इस घोर अपराधी को इसी समाज ने जन्म दिया और इसी समाज को उसकी करतूतों का दंश झेलना पड़ा। वस्तुत: इंसान सब कुछ बर्दाश्त करता है, सब कुछ सह लेता है, परंतु वह भावनात्मक आघात,, विश्वासघात को कभी नहीं सहन कर पाता। इससे उसके गहरे अचेतन में मनोग्रंथियां पनपती हैं, जिनसे वह खुद पीड़ित रहता है तथा औरों को भी पीड़ा पहुंचाने की कोशिश करता है। अत: किसी भी व्यक्ति का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए।

कोई भी व्यक्ति इस संवेदनशील एवं मर्मबिंदु को नहीं समझता है। बच्चों एवं किशोरों में भावनात्मकता उफान पर होता है। बच्चे तो केवल भावनाओं से विनिर्मित होते हैं। बच्चों की बुद्धि किशोरावस्था में अत्यन्त संक्रमणशील होती है, क्योंकि इसी उम्र में शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तन का दौर प्रारंभ होता है। विकासशील उम्र को इसी वजह से अत्यधिक संवेदनशील माना जाता है। यदि इस उम्र के किशोरों की गलतियों को माफ न कर उनके कारण को न समझकर उन्हें पीड़ित और प्रताड़ित किया जाता है तो परिणाम अत्यन्त घातक होते हैं। ऐसे में ये किशोर या तो आत्महत्या जैसे घोर कृत्य करते हैं या फिर अपराध करते हैं।

यदि उनके दिल के गहरे जख्म को अपनेपन से मरहम लगाया जाए तो श्रेष्ठ इंसान पैदा होंगे यदि व्यक्ति और समाज में बड़ा परिवर्तन करना हो तो उसके भावनाओं की तृप्ति और तुष्टि से ही व्यक्ति का समग्र विकास संभव है। अत: समाज में इसकी व्यवस्था करनी होगी, जिससे फिर कोई अंगुलिमाल तिरस्कृत न हो और कालापहाड़ अपमानित न हो। बच्चों में भावनात्मक तृप्ति होती है अपनेपन से प्यार बांट कर परिवार और अपने आसपास अपनेपन का खुशनुमा माहौल पैदा करें।

**युग निर्माण योजना**

# आपके पत्र

## पुरुषों की विशेषताओं के क्षेत्र में अब महिलाओ का एकाधिकार

भारत में हर क्षेत्र में पुरुषों की दुनिया मानी जाती थी। लेकिन अब मर्दों का एकाधिकार टूट रहा है। महिलाओं ने अब सम्भव किया है चाहे वह बैंकिग क्षेत्र हो या होटल क्षेत्र, अस्पताल बनाने का मामला हो या दुपहिया वाहन या ट्रैक्टर का उत्पादन हो महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। ऊर्जा और पर्यावरण इंजीनियरिंग और जैव प्रौद्योगिकी जैसी विशेषज्ञता का क्षेत्र हर तरह के उद्योग जगत में महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित किया है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की इस राष्ट्रव्यापी मुहिम ने महिलाओं को समाज में एक मुकाम दिया है। महिलाएं उद्योग चला रही है। वे अपने पारिवारिक व्यवसाय को आगे बढ़ा रही हैं साथ ही परिवार में भी हाथ बंटा रही हैं। अबला कही जाने वाली अब अबला नही, सबला है। देश मे ये वे महिलाए हैं जिन्होंने उद्योग को बढ़ाया है। देश में प्रतिभाशाली महिलाएं आज शक्ति का प्रतीक बन गई हैं। महिलाओं को आगे लाने के लिए वर्तमान सरकार प्रयत्नशील है। आधी आबादी विश्व का तकदीर बदलने में समर्थ है। उन महिलाओं के फैसले अक्सर सभी पक्षों के लिए बेहतर पाए गए हैं। चाहे वे कम्पनी के कर्मचारी हों या उपभोक्ता या पर्यावरण। लेकिन भारत में महिलाओं के प्रति रवैया अभी भी बदला नही है। महिलाएं प्रबंधन के वरिष्ठ पदों पर कार्य कर रही हैं। कैम्पस प्लेसमेन्ट में अब 40 फीसदी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। लैंगिक समानता के नजरिये से महिला कर्मियों को अवसर देने का रुझान बढ़ा है। आईटी में दिशा खुली है। महिलाओं के लिए आईटी सैक्टर सबसे आगे बना हुआ है। इस क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए महिलाओं को भर्ती करने का रुझान दिखाई दे रहा है। अभी हाल ही में सीए में 48 प्रतिशत महिलाओं को आगे बढ़ाया है। कॉलेजों में भी महिलाओं की 116 प्रतिशत भागीदारी बढ़ी है। हर क्षेत्र में महिलाओं ने एकाधिकार स्थापित किया है। कैम्पस प्लेसमेंट में एक तिहाई महिलाओं से रौनक बरकरार है। यह भारत का सुनहरा अवसर है कि महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर देश की महिमा को आगे बढ़ा रही हैं।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## कीव में रूसी मिसाइल हमले में आठ लोग घायल, इलाज जारी

**कीव,** 21 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन की राजधानी कीव में गुरुवार तड़के रूसी मिसाइल के हमलों में कम से कम आठ लोग घायल हो गए। यूक्रेनफॉर्म की रिपोर्ट के अनुसार, कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम पर पोस्ट किया, हमले में आठ लोग घायल हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें मौके पर ही सहायता प्रदान की। कीव में कई विस्फोट हुए। कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने कहा कि हवाई रक्षा शहर और क्षेत्र में काम कर रही है। मिसाइल के टुकड़े कीव में सिवातोशिन्स्की जिले के एक किंडरगार्टन और पोडिल्स्की जिले में भी गिरे।

# अफगानिस्तान के साथ सशस्त्र संघर्ष नहीं चाहता पाकिस्तान : ख्वाजा आसिफ

**इस्लामाबाद,** 21 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने गुरुवार को कहा कि इस्लामाबाद काबुल के साथ किसी तरह का सशस्त्र संघर्ष नहीं चाहता है। आसिफ ने वॉयस ऑफ अमेरिका से कहा कि हम अफगानिस्तान के साथ सशस्त्र संघर्ष नहीं चाहते हैं और बल प्रयोग अंतिम उपाय है। रक्षा मंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अफगानिस्तान में स्थित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य प्रतिबंधित संगठनों द्वारा पाकिस्तान में बढ़ते आतंकवादी हमलों के कारण दोनों पड़ोसी देशों के द्विपक्षीय संबंधों में तनाव बढ़ गया है।

पाकिस्तान ने सोमवार को खुफिया सूचना के आधार पर अभियान (आईबीओ) चलाकर टीटीपी के हाफिज गुल बहादुर समूह को निशाना बनाया, जो 16 मार्च को मीर अली, उत्तरी वजीरिस्तान में किए गए हमलों और देश में कई अन्य आतंकवादी हमलों के लिए जिम्मेदार है। इस्लामाबाद ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी बलों पर किए गए घातक हमले के बाद की, जिसमें पाकिस्तान के एक लेफ्टिनेंट कर्नल और कैप्टन सहित सात सैनिकों की मौत हो गई। अफगानिस्तान में पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई को सीमा पार बढ़ते आतंकवाद के खिलाफ जरूरी संदेश बताते हुए, मंत्री ने



**अगर टीटीपी पाकिस्तान के खिलाफ हमले जारी रखता है तो हमें जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा : आसिफ**

अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार से टीटीपी को नियंत्रित करने और अफगानिस्तान में रहते हुए उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध शुरू नहीं करने देने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हम इसे जारी नहीं रहने दे सकते हैं और अगर टीटीपी पाकिस्तान के खिलाफ अपने हमले को जारी रखता है तो इस्लामाबाद को जवाबी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

चारों ओर से जमीन से घिरा देश होने के कारण काबुल के लिए एक आर्थिक गलियारा उपलब्ध कराने की संभावनाओं एवं द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाओं पर विस्तार से बात करते हुए आसिफ ने सवाल किया कि अगर पड़ोसी देश उसके साथ दुश्मन जैसा व्यवहार जारी रखता है तो इस्लामाबाद को ऐसी संभावना पर क्यों विचार करना चाहिए।

## पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में दो जवान शहीद, 15 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में गुरुवार को एक आत्मघाती हमले में दो सैनिक मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट के सूत्रों के हवाले से बताया कि यह घटना प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में हुई जब कुछ अज्ञात आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के काफिले पर गोलीबारी की। सूत्रों ने बताया कि गोलीबारी के बाद आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें दो सैनिक मारे गए। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने की चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात

**बीजिंग,** 21 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने कैनबरा में चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत की। बैठक के दौरान, अल्बानीज़ ने टिप्पणी की कि ऑस्ट्रेलिया-चीन संबंधों ने पिछले दो वर्षों में व्यापार, निवेश और लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान को फिर से सक्रिय करने के साथ सकारात्मक प्रगति की है। उन्होंने चीन की गरीबी उन्मूलन और विकासात्मक उपलब्धियों की सराहना की और उच्च स्तरीय आदान-प्रदान के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई।

अल्बानीज़ ने मतभेदों के बजाय साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करते हुए ऑस्ट्रेलिया और चीन के बीच आम जमीन तलाशने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की एक-चीन नीति के पालन की पुष्टि की।

मुलाकात में, वांग यी ने दोनों देशों के नेताओं के रणनीतिक मार्गदर्शन के तहत चीन-ऑस्ट्रेलिया संबंधों में शेष मुद्दों को हल करने के लिए बाधाओं को हटाने और चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने



चीन-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने, बेहतर संबंधों के ठोस लाभों को रेखांकित किया।

वांग यी ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ऑस्ट्रेलिया की सफल राजकीय यात्रा की 10वीं वर्षगांठ और द्विपक्षीय आदान-प्रदान को गहरा करने, संवाद तंत्र बहाल करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए चीन-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी की स्थापना की 10वीं वर्षगांठ का लाभ उठाने की चीन की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने चीन और ऑस्ट्रेलिया के बीच अधिक परिपक्व, स्थिर और उपयोगी साझेदारी को बढ़ावा देने, आपसी सम्मान के साथ मतभेदों को प्रबंधित करने के महत्व पर जोर दिया।

## सुडोकू 6503

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 22 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12

### राशिफल

मेष - आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे।

वृषभ - आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। उसमें सफलता भी मिलेगी। पिता की तरफ से आपको लाभ मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

मिथुन - नई योजनाएं शुरू करने के लिए आज अनुकूल दिन है। व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी।

कर्क - आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है।

सिंह - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा।

कन्या - शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्रवाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

तुला - आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा। गृहस्थ जीवन में सुख- शांति का अनुभव होगा।

वृश्चिक - आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी- व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा।

धनु - शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

मकर - खान-पान पर ध्यान नहीं रखने से आज तबीयत खराब होने की आशंका है। मरीज़ की चिकित्सा, प्रवास या व्यापारिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार और क्रोध को दूर रखने से बहुत सी मुसीबतों से बच जाएंगे।

कुंभ - भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ प्रेम और रोमांस आपके आज के दिन को अच्छा बनाएंगे। नए लोगों के साथ परिचय और मित्रता होगी। सार्वजनिक मान- सम्मान में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी।

मीन - घर में सुख- शांति और आनंद का वातावरण बने रहने से आप अपने दैनिक कामों को आत्मविश्वास से कर सकेंगे। आपको स्वाभाविक उग्रता और वाणी की आक्रामकता पर संयम रखने की जरुरत है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## रूस में ढही खदान में 13 लोग अब भी फंसे

**मॉस्को,** 21 मार्च (एजेंसियां)। रूस के सुदूर पूर्वी अमूर क्षेत्र में पायनियर खदान में चट्टान ढहने से 13 लोग अब भी मलबे में फंसे हुए हैं। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने गुरुवार को स्पूतनिक को यह जानकारी दी। स्थानीय आपातकालीन सेवाओं ने गुरुवार को स्पूतनिक को बताया कि 18 मार्च को स्थानीय समयानुसार सोमवार रात करीब 11:40 बजे अमूर क्षेत्र के जेस्की जिले में एक खदान ढह गई और मलबे में कई लोग दब गये। घटना के बाद, क्षेत्र में आपातकालीन व्यवस्था लागू की गई।

आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता ने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार, खदान में दुर्घटना स्थल पर गिरी चट्टान की कुल मात्रा लगभग 1,94,500 क्यूबिक मीटर थी। प्रारंभ में, आपातकालीन सेवाओं ने चट्टान की मात्रा नौ हजार घन मीटर होने का अनुमान लगाया था। इनमें से तीन हजार को सतह पर उठा लिया गया था। विशेषज्ञों ने खदान में मंगलवार को फंसे 13 खनिकों के स्थान का पता लगाने के लिए सुरंग बनाना शुरू कर दिया है।

# बदायूं हत्याकांड पर भारत को मिला इजराइल का साथ

**नई दिल्ली**, 21 मार्च (एजेंसियां)। इजराइल ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में दो भाइयों की निर्मम हत्या के बारे में आई जानकारी से वह बहुत दुखी है। इजराइल ने इस घटना को दिल दहला देने वाला बताया है।

13 और छह साल की उम्र के बच्चों की कथित तौर पर एक स्थानीय नाई ने काट कर हत्या कर दी, जब वे मंगलवार शाम को बदायूं की बाबा कॉलोनी में अपने घर की छत पर खेल रहे थे। भारत में इज़राइल के डिप्टी अंबैसेडर ओहद नकाश कयनार ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बदायूं में आयुष और अहान की नृशंस हत्या के बारे में सामने आई जानकारी से हम बहुत दुखी हैं।

हमास द्वारा इजरायली बच्चों के खिलाफ किए गए अपराधों पर ओहद नकाश कयनार ने कहा कि वे सभी बच्चों के लिए रोते हैं जैसे वे अपने बच्चों के लिए



रोते हैं, चाहे दुनिया में कहीं भी इस तरह की घटना हो। इजरायली दूतावास के संदेश में कहा गया है कि हमने दक्षिणी शहर में असहाय बच्चों के खिलाफ जघन्य अपराध देखे हैं, हम अपने बच्चों की तरह ही सभी बच्चों के लिए रोते हैं।

हत्या के दो घंटे बाद मुख्य आरोपी साजिद को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हमास के आतंकवादियों ने 7 अक्टूबर, 2023 को देश पर हमला कर 30 से अधिक इजरायली बच्चों को मार डाला था।

## हैती में फंसे अपने नागरिकों को निकालने के लिए तैयार : क्यूबा

**हवाना,** 21 मार्च (एजेंसियां)। क्यूबा सरकार हैती में फंसे अपने नागरिकों के साथ संपर्क में है और पोर्ट-ऑ-प्रिंस के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जैसे ही परिचालन फिर से शुरू होगा देश की ध्वजवाहक क्यूबाना डी एविएशन देश के नागरिकों को घर वापस लाने के लिए तैयार है। क्यूबा के दुतावास ने गुरूवार को यह जानकारी दी।

पोर्ट -ऑ-प्रिंस में क्यूबा दूतावास ने कहा कि जैसे ही टूसेंट लौवरचर पर हवाई परिचालन फिर से शुरू होगा, हैती में फंसे सभी क्यूबावासियों के लिए क्यूबा में सुरक्षित वापसी की योजना तैयार है। उड़ानें दो दिशाओं कैमागुए और सैंटियागो डी क्यूबा में संचालित की जाएंगी। बयान में कहा गया है कि राजनयिक मिशन हैती में रहने वाले क्यूबाई लोगों के संघ और उन लोगों के साथ संपर्क में है जो सनराइज एयरवेज एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानें रद्द होने के कारण हैती छोड़ने में असमर्थ है।

# अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश को माना भारत का ही हिस्सा

### पूर्वोत्तर राज्य हमेशा भारत का अविभाज्य हिस्सा बना रहेगा

**वाशिंगटन,** 21 मार्च (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा के रूप में मान्यता देते हुए अमेरिका ने चीन द्वारा वास्तविक नियंत्रण रेखा की सीमा को बढ़ाने की दिशा में उठाए गए हर कदमों की आलोचना की है। यह टिप्पणी तब आई, जब बीजिंग ने कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राज्य की हालिया यात्रा के बाद भारत द्वारा अवैध रूप से स्थापित तथाकथित अरुणाचल प्रदेश को स्वीकार नहीं करता है।




विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम एलएसी पर नागरिक घुसपैठ या अतिक्रमण के किसी भी एकतरफा प्रयास का दृढ़ता से विरोध करते हैं। बीते दिनों भारतीय नेताओं की यात्राओं पर आपत्ति जताने के बाद चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा कि वह पीएम मोदी की यात्रा की कड़ी निंदा करते हैं। भारत ने वेनबिन की टिप्पणियों को खारिज करते हुए कहा कि भारत ने कई मौकों पर अरुणाचल पर स्थिति से चीन को अवगत कराया है।

### ब्लिंकन का तेल अवीव का दौरा आज

**तेल अवीव।** अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन शुक्रवार को इजरायल का दौरा करेंगे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। ब्लिंकन गुरुवार को काहिरा और रियाद में मिस्र और सऊदी के वरिष्ठ नेताओं से भी मिल रहे हैं। ब्लिंकन की इजरायल सहित मध्य पूर्वी देशों की यात्रा बंधकों की रिहाई के साथ-साथ रफा में इजरायल के संभावित जमीनी हमले के संबंध में सभी पक्षों से बातचीत करने के लिए है।


## वराडकर ने दिया आयरलैंड के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा



**डबलिन,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने व्यक्तिगत और राजनीतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है।

वराडकर, जो 2017 में आयरलैंड के अब तक के सबसे कम उम्र के ताओसीच (सरकार के प्रमुख) बने, ने बुधवार को अपने दोनों राजनीतिक रूप से सक्रिय पदों सत्तारूढ़ गठबंधन बनाने वाले केंद्रीय-दक्षिणपंथी दलों में से एक फाइन गेल के प्रमुख और प्रधानमंत्री के पद से इस्तीफा देने के निर्णय का खुलासा किया।

## वर्ग पहेली 6503



**बायें से दायें:-**

१. के कारण... के सौजन्य से (उर्दू)
३. जिसे सुना न गया हो
५. निश्चय
६. करबद्ध नमन
७. कर आदि से बचने के लिए शासन से छिपाकर रखा गया रुपया
९. दक्ष, निपुण (उर्दू)
१०. जो घबराया या डरा हुआ न हो
१२. कथोपकथन
१३. प्रण
१४. पूरी तरह, नितांत
१६. झुका या गिरा हुआ
१८. देह, तन
२०. दृश्य काव्य, अभिनय
२१. दुर्बल, कमजोर
२३. रिसाव होने वाला

**ऊपर से नीचे:-**

१. शक्तिदायक
२. वश में या नियंत्रण में रखना
३. अभिनेता (मुहावरा)
४. सुगंध
५. उपयोग
८. जो चारों ओर से केंद्र की ओर झुका हो
१०. अपूर्ण, अनामुकम्मल
११. शहजादा, पुत्र
१२. जानकारी होना
१३. पहरेदार
१४. पयार्यवाची
१५. समान कोटि का
१७. मग्न, लीन
१८. पनाह
१९. एक प्रकार की ज्योतिष
२२. होंठ (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6502



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1739 – फ़ारस (अब ईरान) के बादशाह नादिरशाह ने भारत पर हमला किया और अपनी सेना को दिल्ली में जनसंहार की इजाजत दी।
1873 – प्यूर्टो रिको में दास प्रथा की समाप्ति।
1882 – संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान हुई।
1890 – रामचंद्र चटर्जी पैराशूट से उतरने वाले पहले भारतीय व्यक्ति बने।
1894 – चटगांव विद्रोह का नेतृत्व करने वाले महान क्रांतिकारी सूर्य सेन का जन्म।
1917 – रूस की नयी सरकार को मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश बना।
1942 – सर स्टैफर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में क्रिप्स मिशन भारत पहुंचा।
1946 – ब्रिटेन ने जॉर्डन को आजाद करने के लिए संधि पर हस्ताक्षर किया।
1947 – लॉर्ड माउंटबेटन आखिरी वायसराय के रूप में भारत आए।
1956 – अमेरिका में रंगभेद विरोधी नेता मार्टिन लूथर किंग को नस्लवादी कानून का विरोध करने पर जेल।
1957 – शक संवत पर आधारित राष्ट्रीय कैलेण्डर अंगीकार किया गया।
1964 – कलकत्ता में पहली विंटेज कार रैली निकाली गयी।
1969 – भारतीय पेट्रोकेमिकल्स निगम लिमिटेड का उद्घाटन।
1977 – इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दिया।
1978 – फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1979 – इजरायल की संसद ने मिस्र के साथ शांति संधि को मान्यता दी।
1982 – नासा का अंतरिक्ष यान कोलंबिया तीसरे मिशन पर रवाना।
1993 – पहली बार विश्व जल दिवस मनाया गया।

**तैयारी** — *29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त तक चलेगी अमरनाथ यात्रा*

# यात्रा में शामिल होने वाले को तंदरूस्त होना जरूरी

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 21 मार्च (देशबन्धु)। इस बार भी अमरनाथ यात्रा में करीब 10 लाख लोगों को न्यौता दिया गया है। इस बार यह यात्रा 52 दिनों तक चलेगी जबकि पिछले साल यह 62 दिनों तक चली थी जबकि वर्ष 2018 में 46 दिन। इस बार भी 29 जून को आरंभ होने वाली अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वाले का तंदरूस्त होना जरूरी होगा। अर्थात बिना मेडिकल फिटनेस और मेडिकल सर्टिफिकेट के कोई भी इसमें शामिल नहीं होगा। इस बार दोनों रास्तों पर यात्रियों की संख्या पर फिलहाल कोई बंदिश लागू नहीं की गई है।**

अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू कर दिए जाएंगे। यात्रियों को किस तरह और कितने दलों में भेजा जाएगा, इसका प्लान भी तैयार हो गया है। इस बार अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी और यह 19 अगस्त तक चलेगी। सूत्रों के अनुसार, यात्रा से पूर्व 22 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर प्रथम पूजन का आयोजन किया जाएगा।

श्रद्धालुओं के लिए अप्रैल में देशभर की विभिन्न बैंक शाखाओं में यात्री अग्रिम पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। उप राज्यपाल ने यात्रा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल अमरनाथ यात्रा के प्रति आधिकारिक घोषणा होना बाकी है।

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले



■ **इस बार भी 10 लाख को न्यौता**
■ **मेडिकल सर्टिफिकेट लेकर शामिल होना पड़ेगा**

कई श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण हर साल मौत के बढ़ते मामलों को देखते हुए यात्रा का प्रबंधन करने वाले श्राइन बोर्ड ने फैसला किया है कि यात्रा के लिए पंजीकरण कराने के समय श्रद्धालुओं को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिखाना होगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि आज श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) की एक उच्च स्तरीय बैठक में यह फैसला लिया गया। इस बैठक की अध्यक्षता उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने की। बैठक में हृदयाघात से मरने वाले श्रद्धालुओं के संबंध में चर्चा की गयी। प्रवक्ता ने कहा कि बोर्ड ने हृदय संबंधी समस्याओं के कारण मारे जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या पर चर्चा की।

बोर्ड ने तय किया कि यात्रा के लिए पंजीकरण कराने के समय श्रद्धालुओं को किसी पंजीकृत चिकित्सक द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। देशभर के राज्यों/केंद्र शासित राज्यों में पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू कश्मीर बैंक और येस बैंक की नामित बैंक शाखाओं में यात्री पंजीकरण की सुविधा दी जा रही है। पंजीकरण 15 अप्रैल से आरंभ होगा जिसमें प्रतिदिन 20 हजार लोगों का पंजीकरण किया जाएगा।

## दुनिया को जानें

### रैंसमवेयर भारत में टॉप साइबर खतरे के रूप में उभरा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। रैंसमवेयर और मैलवेयर भारत में 2024 के सबसे बड़े साइबर खतरे के रूप में उभरे हैं। 42 प्रतिशत आईटी और सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स ने उन्हें सबसे तेजी से बढ़ते खतरे के रूप में पहचाना है। आईटी कंपनी थेल्स के अनुसार, सॉफ्टवेयर-एज-ए-सर्विस (सास) एप्लिकेशन, क्लाउड-बेस्ड स्टोरेज और क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर मैनेजमेंट सहित क्लाउड एसेट्स ऐसे हमलों के लिए प्राइमरी टारगेट बने हुए हैं। आशीष सराफ ने कहा कि भारत और दुनिया भर में डेटा गोपनीयता नियमों में लगातार बदलाव के साथ, उद्यमों को अनुपालन में बने रहने के किसी भी अवसर के लिए अपने संगठन में अच्छी विजिबिलिटी की जरूरत है। रिपोर्ट में 37 इंडस्ट्रीज में 18 देशों के लगभग 3 हजार आईटी और सिक्योरिटी प्रोफेशनल्स का सर्वे किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, 11 प्रतिशत जवाबकर्ताओं ने माना कि वे भारत में पिछले साल रैंसमवेयर हमले का शिकार हुए, जिनमें से 10 प्रतिशत ने फिरौती का भुगतान किया। रैंसमवेयर को देश में टॉप बढ़ते खतरे के रूप में जगह दिए जाने के बावजूद केवल 20 प्रतिशत के पास औपचारिक रैंसमवेयर योजना है।

# प्रादेशिकी

**पंजाब में 120 साल से ज्यादा उम्र के हैं 205 मतदाता : सिबिन सी**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने गुरुवार को बताया कि पंजाब में 100 से 119 साल की उम्र तक के 5004 वोटर हैं, जबकि 205 वोटरों की उम्र 120 साल से ज़्यादा है। सिबिन सी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के हिदायतों के अनुसार 85 साल से ज़्यादा की उम्र वाले सभी मतदाता अपने घर से ही मत डाल सकते हैं, और इस उद्देश्य के लिए पहले ही सभी ज़िला निर्वाचन अधिकारियों-सह-जिला उपायुक्तों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। सिबिन सी ने बताया कि एक मार्च 2024 तक 100 से 109 साल की उम्र वाले 1917 पुरुष और 2928 औरतें वोटर हैं। इसी तरह 110 से 119 साल तक के 59 पुरुष और 100 औरतें मतदाता हैं। इस तरह 100 से 119 साल की उम्र तक के कुल वोटरों की संख्या 5004 बनती है।

### चुनाव को लेकर इनकम टैक्स विभाग ने कसी कमर

## लोकसभा चुनाव में धन की खपत रोकने को 100 अफसरों की टीम तैनात

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 21 मार्च (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव में प्रति उम्मीदवार चुनाव खर्च की सीमा 95 लाख रुपए रखी हुई है।

■ चुनाव में उम्मीदवार खर्च कर सकता है 95 लाख

■ एयर इंटेलिजेंस यूनिट हवाई अड्डों की कर रही निगरानी




इससे एक पैसा भी ज्यादा खर्च करने पर चुनाव आयोग कार्रवाई करता है। प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में पैसों के खर्च का हिसाब रखना आसान नहीं होता। कई बार प्रत्याशी कालेधन और बिना रिकॉर्ड के रुपयों को खर्च करके चुनाव आयोग की आंखों में धूल झोंकने का काम कर बैठते हैं। ऐसे में प्रत्याशियों द्वारा अवैध रूप से धन खर्च करने पर लगाम लगाने के लिए आयकर विभाग मैदान में डटा हुआ है। लोकसभा चुनाव में कालेधन और बेहिसाबी नकदी पर लगाम लगाने के लिए आयकर विभाग ने उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर 100 आयकर अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम तैनात की है। इसके साथ ही 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम से चुनाव की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। एयर इंटेलिजेंस यूनिट हवाई अड्डों की निगरानी कर रही है। इसके साथ ही रेलवे स्टेशनों और सीमा चौकियों पर विशेष टीमें तैनात की गई हैं। आयकर विभाग की जांच शाखा के अतिरिक्त निदेशक डॉ। टीएस मपवाल को चुनाव के लिए राज्य का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि बेहिसाब नकदी को लेकर प्रदेश के हर जिले में टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। ये टीमें सूचना मिलने पर नकदी को कानूनी तौर पर जब्त करने की कार्रवाई कर रही हैं।

### उत्तराखंड की 5 सीटों पर है चुनाव

**देहरादून।** गौरतलब है कि उत्तराखंड में लोकसभा की 5 सीटें हैं। इन सभी पांच सीटों पर 19 अप्रैल को पहले चरण में एक साथ मतदान होना है। उत्तराखंड में 20 मार्च से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन भी शुरू हो चुके हैं। हालांकि उत्तराखंड की दो सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों के प्रत्याशियों ने अभी तक नामांकन नहीं किया है। कांग्रेस ने तो अभी तक हरिद्वार और नैनीताल-उधमसिंह नगर सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भी नहीं की

## भाजपा की तुलना में चुनाव प्रचार में पिछड़ रही कांग्रेस

**देहरादून,** 21 मार्च (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उत्तराखण्ड की पांचों सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। उसके बाद हरिद्वार संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रचार के लिए मोर्चा संभाल लिया है। उधर, गढ़वाल संसदीय सीट पर अनिल बलूनी भी प्रचार में उतर गए हैं, लेकिन कांग्रेस में हरिद्वार और नैनीताल सीट पर प्रत्याशियों के नामों को लेकर सहमति नहीं बन रही है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस प्रचार में पिछड़ रही है। अगर गढ़वाल की बात करें तो सिर्फ पौड़ी सीट पर गणेश गोदियाल भाजपा प्रत्याशी से शुरू से ही टक्कर लेते नजर आ रहे है।

कांग्रेस में आपसी खींचतान के कारण केंद्रीय चुनाव समिति ने दोनों सीटों पर टिकट प्रतीक्षा में रख दिया है। हरिद्वार सीट से पूर्व सीएम हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं, जबकि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा इस बात पर अड़े हैं कि यहां से हरीश रावत खुद चुनाव लड़े या फिर उन्हें मौका दिया जाए। नैनीताल सीट पर कई दावेदार होने से आपसी खींचतान चल रही है। यहां से यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, महेंद्र पाल, रणजीत रावत, प्रकाश जोशी के नामों की चर्चा है। इन नामों में यशपाल आर्य के नाम पर तकरीबन सहमति है, पर आर्य चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं बताए जा रहे हैं। हालांकि, पार्टी में एक बड़ा वर्ग नैनीताल-ऊधम सिंह नगर सीट के जातीय समीकरण के हिसाब से आर्य को मजबूत प्रत्याशी के तौर पर देख रहा है।

## उत्तराखंड के राज्य सभा सांसदों ने खर्च नहीं की 92 प्रतिशत सांसद निधि

**देहरादून,** 21 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड के राज्यसभा सांसदों की 92 प्रतिशत सांसद निधि दिसम्बर 2023 तक खर्च नहीं हो सकी। उसमें से 65 प्रतिशत से अधिक की सांसद निधि भारत सरकार से जारी ही नहीं करा सके हैं।

राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी सांसद निधि खर्च करने में राज्य सभा सांसदों में सबसे आगे तथा डॉ. कल्पना सैनी सबसे पीछे रही हैं। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड के ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्धी सूचना मांगी थी जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी, उपायुक्त, प्रशासन व हेमंती गुंजियाल द्वारा अपने पत्रांक 2623 के साथ सांसद निधि खर्च के दिसम्बर 2023 के विवरण उपलब्ध कराए गए है जिसमें दिसम्बर 2023 के अंत तक की उत्तराखंड के राज्य सभा सांसदों की सांसद निधि खर्च का विवरण दिया गया है। नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार उत्तराखंड के 3 राज्यसभा सांसद कुल 41.50 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने के पात्र है लेकिन उन्हें पिछली सांसद निधि किस्त के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, ऑडिट रिपोर्ट आदि प्राप्त न होने के कारण 27 करोड़ जो कुल सांसद निधि का 65 प्रतिशत है जारी ही नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 14.50 करोड़ की सांसद निधि में 44.69 लाख ब्याज जोड़कर कुल 41 करोड़ 94 लाख 69 हजार की सांसद निधि में से दिसम्बर 2023 तक केवल 3 करोड़ 7 लाख 40 हजार की सांसद निधि ही खर्च हो सकी। कुल 92 प्रतिशत से अधिक 38 करोड़ 87 लाख 29 हजार की सांसद निधि खर्च होने को शेष है।




**65 प्रतिशत से अधिक निधि भारत सरकार से जारी नहीं करा सके**

31 दिसम्बर 2023 तक राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी की 22 करोड़ में से 5 करोड़, नरेश बंसल 12 करोड़ में से 2 करोड़, डॉ. कल्पना सैनी सभी 7.5 करोड़ की सांसद निधि भारत सरकार से जारी हो चुकी है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार राज्यसभा सांसद अनिल बलूनी ने भारत सरकार से जारी 500 लाख की सांसद निधि व उस पर 40.13 लाख ब्याज सहित कुल उपलब्ध 540.13 लाख से 142.98 लाख रूपये अधिक 683.10 लाख के प्रस्ताव तो स्वीकृत करा दिये है लेकिन इनके प्रस्तावों में से 467.36 लाख की धनराशि अवमुक्त नहीं हो सकी है, इनकी 11.75 लाख की धनराशि कार्यदायी संस्थाओं पर भी शेष है। सांसद निधि खर्च होने को शेष कुल धनराशि 2036.13 लाख.1/4 कुल की 90.89 प्रतिशत1/2 है। नरेश बंसल ने भारत सरकार से जारी 2 करोड़ की सांसद निधि में से 173.47 लाख के प्रस्ताव ही स्वीकृत कराये हैं तथा 26.53 लाख स्वीकृति हेतु शेष है जबकि 14.25 लाख अवमुक्त होने को शेष है।

**सार संक्षेप**

### सिलक्यारा में डिवाटरिंग की कवायद फिर शुरू

**उत्तरकाशी।** यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा-पोलगांव सुरंग में पिछले साल भूस्खलन हुआ था। इस भूस्खलन में 41 श्रमिक सुरंग के अंदर फंस गए थे। हादसे के बाद से सुरंग के सिलक्यारा वाले छोर से निर्माण कार्य बंद है। 23 जनवरी को केंद्र ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति दी। जिसके बाद फरवरी में यहां पहली बार डिवाटरिंग के लिए काम शुरू किया गया। उस दौरान एसडीआरएफ और इंजीनियरों की टीम भी ऑगर मशीन से डाले गए पाइपों से अंदर गई थी। लेकिन फिर बीच में ये काम बंद कर दिया गया। गत माह में एनएचआईडीसीएल के नए प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने भी सिलक्यारा का दौरा कर सुरंग का जायजा लिया था। अब डिजाइनर और अथॉरिटी इंजीनियर की देखरेख में सुरंग के सिलक्यारा छोर से दोबारा डिवाटरिंग की कवायद शुरू हो गई है। यहां निर्माण कंपनी के कर्मचारी और श्रमिकों का 16 सदस्यीय दल ऑगर मशीन से डाले गए पाइपों से अंदर गया है। बताया जा रहा है कि यह दल सुरंग के अंदर अतिरिक्त सुरक्षा पुख्ता करने के लिए काम करेगा। अंदर गए दल के लोगों के लिए पाइपों से ही खाना भेजा जा रहा है। इसके अलावा मलबे में ड्रिफ्ट तैयार करने के लिए भी सुरक्षात्मक कार्य किए जा रहे हैं। दो से तीन दिन में डिवाटरिंग शुरू होने की उम्मीद है। एनएचआईडीसीएल के अधिशासी निदेशक कर्नल संदीप सुदेहरा ने बताया कि डिवाटरिंग के लिए काम जारी है। साइड से ड्रिफ्ट भी बनाया जा रहा है। डिजाइनर व अथॉरिटी इंजीनियर भी यहां हैं। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए बोल्टिंग, स्पेशल ग्राउंटिंग और कंसोलिडेशन ग्राउंटिंग भी की गई है।

### कुल्लू में मकान में लगी आग, 30 लाख का नुकसान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में कुल्लू जिला के पिरडी में गुरुवार को एक मकान में आग लगने से 30 लाख की सम्पत्ति का नुकसान हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला पिरडी के समीप का है, जहां मकान में आग लगने से अंदर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू न पा सके। जिसके बाद घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी गई। दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कुछ देर के बाद आग पर काबू पाया। तब तक मकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया था। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार 30 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

### सुडोकू 6503 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |

## उत्तराखंड में 3 रैलियां करेंगे पीएम मोदी, स्टार प्रचारक संभालेंगे मोर्चा

**देहरादून,** 21 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा ने स्टार प्रचारकों की लिस्ट पार्टी आलाकमान को भेज दी है। हाईकमान से स्वीकृति के बाद जल्द ही उत्तराखंड लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि उत्तराखण्ड में पीएम मोदी तीन रैलियां करेंगे। उत्तराखंड में भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियों के लिए तैयारी शुरू दी गई हैं। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए विशेष रथ देहरादून पहुंच चुका है। भाजपा का यह विशेष प्रचार वाहन अभी पार्टी मुख्यालय में खड़ा है। जल्द ही कुछ औपचारिकताओं के बाद भाजपा प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तिथियों और स्थान की घोषणा करेगी। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री उत्तराखंड में तीन रैलियां कर सकते हैं। जिसके लिए बीजेपी प्लानिंग कर रही है। पीएम मोदी दो रैली गढ़वाल मंडल और एक कुमाऊं मंडल में कर सकते हैं। गढ़वाल में पीएम मोदी की रैली हरिद्वार और श्रीनगर में करवाने पर विचार किया जा रहा है। कुमाऊं में उधमसिंह नगर में इसकी योजना बनाई जा रही है। पीएम मोदी के अलावा लोकसभा चुनाव में पार्टी स्टार प्रचारकों को भी मैदान में उतारेगी। जिसके लिए पार्टी ने हाईकमान को नाम भेजे हैं।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी से की मुलाकात

**गोदियाल को इनकम टैक्स का नोटिस**



**देहरादून,** 21 मार्च (देशबन्धु)। आयकर विभाग की ओर से गढ़वाल लोकसभा सीट से प्रत्याशी गणेश गोदियाल को नोटिस भेजने के मामले को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल को ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रत्याशी गणेश गोदियाल को आयकर विभाग महाराष्ट्र की ओर से समन दिए जाने और उत्पीड़न करने की शिकायत की। दरअसल, आयकर विभाग के महाराष्ट्र स्थित कार्यालय की ओर से गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेसी प्रत्याशी गणेश गोदियाल को समन भेजा गया है। इसके विरोध में आज उत्तराखंड कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल से मुलाकात की और उन्हें इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महामंत्री महेंद्र सिंह नेगी, सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी, प्रदेश संयोजक विशाल मौर्य शामिल रहे। मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा का कहना है कि गणेश गोदियाल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने गढ़वाल संसदीय सीट से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, लेकिन केंद्र की बीजेपी सरकार के दबाव में आकर महाराष्ट्र आयकर विभाग ने चुनावी प्रक्रिया के दौरान उनको व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने का समन भेजा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर नॉमिनेशन की तारीख आ चुकी है और ऐसे वक्त में प्रत्याशी को इनकम टैक्स का नोटिस दिया जा रहा है। उन्होंने इसे दबाव की राजनीति बताते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लोकसभा सीटों को प्रभावित करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। करन माहरा ने कहा कि गणेश गोदियाल पर दबाव की नीयत से यह कार्रवाई की गई है। ठीक चुनाव के वक्त केंद्रीय एजेंसियों को जांच की याद क्यों आती है? ऐसे में कांग्रेस के गढ़वाल लोकसभा प्रत्याशी गणेश गोदियाल को चुनाव के दौरान आईटी की तरफ से नोटिस भेजा जाना कहीं न कहीं यह दर्शाता है कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने मांगा विधानसभा अध्यक्ष का इस्तीफा

■ ऋतु खंडूड़ी के साथ बीजेपी पर बोला हमला

**श्रीनगर,** 21 मार्च (देशबन्धु)। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव का प्रचार चरम पर है। बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही दलों ने पांचों लोकसभा सीटों पर बंपर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। चुनाव प्रचार के साथ ही प्रदेश की पॉलिटिक्स में आरोप प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने बीजेपी के साथ ही विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी पर जमकर हमला बोला। गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा बीजेपी चुनाव जीतने के लिए धर्म और कर्म को ताक पर रख सकती है। गणेश गोदियाल ने कहा विधानसभा अध्यक्ष अनिल बलूनी के रोड शो में शिरकत कर प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है। गणेश गोदियाल ने कहा बीजेपी ने नैतिकता की मर्यादा को तार तार किया है। उन्होंने कहा विधानसभा अध्यक्ष अगर वाकई में लोकतंत्र पर विश्वास करती हैं तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। गणेश गोदियाल ने कहा अगर विधानसभा अध्यक्ष अपने पद से इस्तीफा नहीं देती हैं तो राज्यपाल, राष्ट्रपति को इस मामले का संज्ञान लेकर उन्हें बर्खास्त करना चाहिए। बता दें बीते दिनों कोटद्वार में बीजेपी कैंडिडेट अनिल बलूनी ने कोटद्वार में रोड शो किया। इस रोड शो में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भी शामिल हुई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी ने बीजेपी की टोपी लगाई थी। इसके साथ ही उन्होंने अनिल बलूनी के पक्ष में वोट करने की अपील की। विधानसभा अध्यक्ष के संवैधानिक पद पर बैठी ऋतु खंडूड़ी के पार्टी के प्रचार पर कांग्रेस ने हमला शुरू किया। कांग्रेस के तमाम नेताओं ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए उनके इस्तीफे की मांग की।

## भाजपा की कांगड़ा और मंडी संसदीय सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा अटकी

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 21 मार्च (देशबन्धु)। राज्य सभा चुनाव में क्रास वोटिंग के बाद हिमाचल में भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों की घोषणा अटक गई है। बेशक दोनों ही दल उम्मीदवारों की घोषणा में देरी की वजह प्रदेश में लोक सभा चुनाव जून माह में सातवें चरण में होना बता रही हैं, मगर राजनीतिक प्रेक्षकों का मानना है कि टिकट अटकने की वजह सियासी उथल पुथल है। सियासी उथल पुथल के बीच बागियों के भाजपा में शामिल होने की भनक लगने के बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस के साथ साथ विपक्षी भाजपा को भी रणनीति बदलनी पड़ी है। संभवतः यही वजह है कि भाजपा ने कांगड़ा व मंडी संसदीय सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा अटका दी है, वहीं पीसीसी चीफ प्रतिभा सिंह के चुनाव लड़ने से मनाही व लोक सभा के साथ ही विधान सभा के उप चुनाव की घोषणा से कांग्रेस को नए सिरे से रणनीति तय करनी पड़ रही है। भाजपा ने हिमाचल से हमीरपुर व शिमला संसदीय सीटों से प्रत्याशी घोषित किए हैं। कांग्रेस इस मामले में पिछड़ गई है। हालांकि कांग्रेस ने चारों संसदीय क्षेत्रों से टिकट के दावेदारों से आवेदन मांग लिए हैं। तीन दर्जन आवेदक भी हैं। मगर एक आवेदक कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रमुख बिक्रम चौधरी अपने पद से त्याग पत्र दे चुके हैं। प्रतिभा सिंह ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। विधान सभा उप चुनाव को देखते हुए कांग्रेस व भाजपा किसी भी विधायक को चुनावी रण में नहीं उतार सकती। लिहाजा मौजूदा हालत में दोनों ही दलों के रणनीतिकार एक दूसरे की राजनीतिक शतरंज की बिसात पर बिछाई चाल को पढ़ रहे हैं।

उधर कांग्रेस ने लोक सभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की घोषणा से पहले सर्वे करवाने का फैसला लिया है। भाजपा दो सर्वे करवा चुकी है। लोक सभा चुनाव के साथ कांग्रेस व भाजपा दोनों ही विधानसभा के छह उपचुनावों के लिए प्रत्याशी तय करने को लेकर आगामी दिनों में कांग्रेस मंथन शुरू करेंगी।

### मोदी सरकार ने हिमाचल में स्वास्थ्य सेवाओं को चमकाया : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली/शिमला,** 21 मार्च (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र को बदहाली से खुशहाली की ओर ले जाने वाली सरकार बताते हुए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश में अभूपतपूर्व मेडिकल सुविधाएं मिलने की बात कही है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों में पूरे देश में मोदी सरकार द्वारा मेडिकल क्षेत्र में लाए गए ऐतिहासिक परिवर्तनों का उल्लेख किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में हेल्थकेयर में हिमाचल को भी कई बड़ी सौगातें दीं हैं। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने पिछले 10 वर्षों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया है।

## विशाल हिमखंडों से ढका गोमुख ट्रैक

### पर्वतारोहियों को करना पड़ सकता है लंबा इंतजार

**उत्तरकाशी,** 21 मार्च (देशबन्धु)। बड़े-बड़े हिमखंडों के कारण गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र में स्थित गोमुख ट्रेक खुलने में इस बार दो माह का समय लग सकता है। पार्क की गश्त पर जा रही वन विभाग की टीम के कदम भी इन हिमखंडों ने रोक दिए हैं, जिसके चलते टीम देझवगाड़ से आगे गश्त के लिए नहीं जा सकी। गंगोत्री स्थित कनखू बैरियर की वन विभाग की टीम उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बीते सोमवार को गंगोत्री नेशनल पार्क के प्रतिबंधित क्षेत्र और करीब 22 किमी लंबे गंगोत्री-गोमुख-तपोवन ट्रेक की गश्त के लिए रवाना हुई थी। सोमवार शाम तक गंगोत्री नेशनल पार्क की टीम वन दरोगा राजवीर रावत के नेतृत्व में कनखू बैरियर से करीब सात किमी की दूरी देवगाड़ पर पहुंची। रावत ने बताया कि



देवगाड़ से आगे बड़े-बड़े हिमखंड आए हुए हैं। इस कारण टीम आगे नहीं बढ़ पाई। वन विभाग की टीम ने हिमखंडों के बीच रास्ता तलाशने की कोशिश की, लेकिन कई किमी तक फैले हिमखंडों को पार करना संभव नहीं हुआ। राजवीर रावत की मानें तो गोमुख-तपोवन ट्रेक पर बड़े हिमखंडों को देखकर स्थिति यही लग रही है कि यह ट्रेक मई माह तक ही खुल पाएगा।

**चुनावी बिगुल** चुनाव के लिए 7 मई से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू

## भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन के लिए कर रही मशक्कत

**शिमला,** 21 मार्च (देशबन्धु)। 21 मार्च। लोक सभा के चुनावी महासमर का बिगुल बज चुका है। हिमाचल में बेशक सातवें चरण में एक जून को लोक सभा चुनाव को लेकर मतदान होना है। मगर चुनाव के लिए 7 मई से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुरू होने से पहले भाजपा व कांग्रेस उम्मीदवारों के चयन के लिए मशक्कत कर रही हैं। यह दिगर है कि भाजपा ने हमीरपुर से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को पांचवीं तथा शिमला से मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप को दूसरी मर्तबा उम्मीदवार घोषित कर दिया है। मंडी संसदीय सीट की मौजूद सांसद प्रतिभा सिंह के चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद प्रदेश में कांग्रेस को उम्मीदवारों के चयन को



लेकर नए सिरे से मशक्कत करनी पड़ रही है।

उम्मीदवारों के चयन के बीच इन दिनों बॉलीवुड तारिका कंगना रनौत का नाम भी चर्चा में है। कंगना को भाजपा समर्थक माना जाता है। बेशक उन्होंने चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं जताई है, मगर मंडी संसदीय सीट से उनका नाम भाजपा टिकट के प्रबल दावेदारों में शामिल है। इससे पहले भी बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर के नाम की चर्चा चुनाव के वक्त होती रही है।

कंगना रणौत के मंडी से उम्मीदवार बनाए जाने से पहले ही हिमाचल में पैरा शूटी उम्मीदवारों को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है। प्रदेश के लोक सभा व राज्य सभा के चुनावी इतिहास पर नजर दौड़ाने से साफ प्रतीत होता है कि हिमाचल के मतदाता पैरा शूट से उतरे उम्मीदवारों को विजयी बनाने में विश्वास नहीं रखते है। जमीन से जुड़े कार्यकर्ता के साथ-साथ मतदाता ऐसे उम्मीदवार को वोट देना पसंद करते हैं जिसके वे बखूबी जानते हों। प्रदेश में पहले पहल पैरा शूटी उम्मीदवार की एंट्री 1996 के लोक सभा चुनाव में हुई थी। कांग्रेस ने स्व. मेजर जनरल बिक्रम सिंह को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया। हालांकि उस वक्त भी पैरा शूटी उम्मीदवार का मुद्दा खूब गरमाया, मगर कांग्रेस की लहर में बिक्रम हिंस ने भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मुख्यमंत्री प्रौ. धूमल को पराजित किया। 1996 के चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश का चारों लोक सभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। 1996 के बाद कांग्रेस ने साल 2009 के लोक सभा चुनाव में 1984 की विश्व कप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज मदन लाल को हमीरपुर से उम्मीदवार बनाने की सोची। मदन लाल पार्टी टिकट लेने से पहले हमीरपुर पहुंचे। उन्होंने रोड शो किया, मगर उन्हें कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा।

### हांसी नगर परिषद लिपिक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**हिसार,** 21 मार्च (एजेंसियां)। हरियाणा में हिसार जिले की हांसी नगर परिषद में एक लिपिक को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को पाँच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। एजेंसी ने बताया कि भूप सिंह के खिलाफ शिकायत मिली थी कि उनके भूखंड की प्रॉपर्टी आईडी के नाम पर उनसे दस हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। शिकायत की जांच के बाद ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर परिषद के सामने चाय की एक दुकान पर भूप सिंह को शिकायतकर्ता से पाँच हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

# प्रादेशिकी

## लोकसभा चुनाव में यूपी की भूमिका होगी निर्णायक : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश ही लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा। पार्टी दफ्तर में पत्रकारों से बातचीत में उन्होने कहा कि मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा की साजिश और षडयंत्रों से सतर्क और मतदान के साथ सावधान रहने की जरुरत है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा चंदा वसूली और चंदा चोरी में बेनकाब हो चुकी है। इसी तरह भाजपा ने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली दवा कम्पनी तक से चंदा वसूली की है। चंदा वसूली की पोल खुल जाने से बौखलाई भाजपा विपक्ष पर हमलावर है। देश की भोली भाली जनता को पता ही नहीं चला कि वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी चंदा वसूली कर ली गई।

### योगी सरकार की ओर से पहल

# होली पर शत-प्रतिशत ऑनरोड होंगी रोडवेज बसें




भारी आवागमन को देखते हुए परिवहन की बेहतर सुविधा सुनिश्चित किए जाने की तैयारी

**लखनऊ,** 21 मार्च (देशबन्धु)। होली पर्व के अवसर पर यात्रियों के भारी संख्या में आवागमन को लेकर परिवहन की बेहतर सुविधा के लिए योगी सरकार की ओर से पहल की गई है। इस क्रम में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को होली पर्व के दृष्टिगत शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च, 2024 को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके पश्चात विभिन्न गन्तव्यों के लिए जनसामान्य का भारी संख्या में आवागमन देखते हुए यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाएगा।

प्रत्येक क्षेत्र समस्त बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को सुदृढ़ व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित करेगा। समस्त सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि होली पर्व की अवधि में यात्रियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बसों का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। बस अड्डों पर बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। एमडी ने कहा कि एसी बसों के संचालन को निर्धारित कर आनलाइन बुकिंग/आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यात्रियों के बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था के साथ-साथ सभी बस अड्डों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, शौचालय एवं परिसर की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बसों में संचालन के दौरान यह भी सुनिश्चित करें, कि अवांछनीय, प्रतिबंधित व ज्वलन्तशील विस्फोटक सामग्री न ले जाई जाए।

## अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग के निर्देश

उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने सभी संभागीय/सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को होली पर्व के दृष्टिगत अनाधिकृत वाहनों की सघन चेकिंग कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24-25 मार्च को होली का पर्व मनाया जाना है। प्राय: महत्वपूर्ण अवसरों पर प्रदेश के अंदर आने वाली व प्रदेश से अन्य राज्य में जाने वाली अथवा प्रदेश के विभिन्न स्थानों से बहुतायत में संचालित होने वाले अनाधिकृत वाहनों से जहां एक ओर निगम की आय कुप्रभावित होती है, वहीं दूसरी ओर व्यापक कर चोरी से शासन को राजस्व की हानि होने के साथ-साथ यात्री सुरक्षा मानकों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता है। उन्होंने अनाधिकृत संचालन की रोकथाम के लिए जनहित में 21 मार्च से 1 अप्रैल तक सभी जनपदों में अनाधिकृत वाहनों के रोकथाम हेतु प्रभावशाली संयुक्त चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।



## प्रधानमंत्री ने महिलाओं से जुड़ी योजनाएं देश में लागू की

**मवाना,** 21 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी मवाना की नगर उपाध्यक्ष व भाजपा सभासद के आवास पर गुरुवार को भाजपा लोकदल संयुक्त गठबंधन बिजनौर प्रत्याशी चंदन चौहान की धर्मपत्नी यशिका चौहान ने मातृशक्ति की नुक्कड़ जनसभा को चुनावी भाषण से संबोधित किया। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी जनकल्याणकारी योजनाएं देश में लागू की है वो सभी महिलाओं से संबंधित है। चाहे वो राशन योजना हो, शौचालय योजना, उज्जवला योजना, पेंशन योजनाएं सभी में महिलाओं को प्राथमिकता दी है। जनसभा को हस्तिनापुर विधानसभा प्रभारी विकास पंवार, विधानसभा संयोजक सोमनाथ पपनेजा, पूर्व नगर अध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने भी संबोधित करते हुए भाजपा केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराया। सभा को संजू प्रधान ने भी संबोधित किया। संचालन महामंत्री चंद्रशेखर आजाद ने किया। नगर अध्यक्ष सचिन कौशिक ने सभी का आभार जताया। जनसभा में राजेन्द्र चौहान,महामंत्री विवेक रस्तोगी, दीपक कश्यप, पंकज बंसल, संदीप खटीक, विनय प्रजापति, बलराज सिंह, हरिओम शर्मा, रविकांत कंसल, राजू सैनी, भाजपा सभासद विशाल प्रजापति,दिनेश दिनकर, अभय दुबलिश, मनोज रस्तोगी, अनुभव दुबलिश, प्रीतिका राठी, डा.अर्चना चौधरी और नीतू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के बाद 1.12 करोड़ भक्तों ने किए श्रीरामलला के दर्शन

**अयोध्या,** 21 मार्च (एजेंसियां)। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को दो माह पूरे हो रहे हैं। इसके साथ ही यहां दर्शन-पूजन के लिए आने वाले भक्तों की संख्या में निरंतर वृद्धि देखी जा रही है। 22 जनवरी से लेकर 20 मार्च तक 1 करोड़ 12 लाख श्रद्धालुओं को भगवान रामलला के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो चुका है।

प्रतिदिन मंदिर में एक से सवा लाख रामभक्त दर्शन करने पहुंच रहे हैं। पर्यटन विभाग के मुताबिक 2017 में दीपोत्सव प्रारंभ हुआ है, उसके बाद से श्रीराम की नगरी में भक्तों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है। 2017 में कुल 1,78,57,858 श्रद्धालुओं ने रामनगरी में दर्शन-पूजन किए। इनमें 1,78,32,717 भारतीय एवं 25,141 विदेशी शामिल हैं। 2018 में 1,95,34,824 भारतीय एवं 28,335 विदेशियों ने रामनगरी में दर्शन किया। वर्ष 2019 में 2,04,63,403 भारतीय एवं 28,331 विदेशी को मिलाकर 2,04,91,724 श्रद्धालुओं ने अयोध्या में दर्शन किया। वर्ष 2020 में कोरोना के कारण श्रद्धालुओं की संख्या में कमी देखने को मिली और 61,93,537 भारतीय एवं 2,611 विदेशी मिलाकर कुल 61,96,148 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। वर्ष 2021 में 1,57,43,359 भारतीय एवं 431 विदेशी पर्यटकों ने अयोध्या में दर्शन पूजन किया। 2022 में 2,21,12,402 भारतीय एवं 26,403 विदेशी पर्यटक, 2022 में कुल 2,21,38,805 श्रद्धालु और 2023 में कुल 5,75,15,423 श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। इनमें 5,75,07,005 भारतीय श्रद्धालु और 8,418 विदेशी श्रद्धालु शामिल रहे। 2024 में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या इतनी तेजी से बढ़ी है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद से 20 मार्च के बीच 1 करोड़ 12 लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन कर चुके हैं।



**सार संक्षेप**

### विजेता महिला हॉकी टीम का किया गया सम्मान

**मेरठ।** एस इंटर कॉलेज में संपन्न हुई मंडलीय हाकी प्रतियोगिता की विजेता महिला हॉकी टीम का गुरुवार को एन ए एस कालिज मे प्राचार्य मनोज अग्रवाल द्वारा सम्मान किया गया। विजेता टीम की समस्त खिलाडियों को प्राचार्य द्वारा जलपान भी दिया गया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, क्रीड़ा सचिव संजय दलाल, अभिषेक भाटिया, शिवा भारद्वाज, मनोज कुमार, प्रदीप चिन्योटी, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहें।



### बदायूं में दोहरे हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के सिविल लाइंस क्षेत्र में दो बच्चों की हत्या के दूसरे आरोपी को पुलिस ने बरेली के बारादरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने गुरुवार को बताया कि बाबा कॉलोनी स्थित एक घर में दो बच्चों की निर्मम हत्या के एक आरोपी साजिद को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था जबकि उसका दूसरा भाई जावेद फरार था जिसे आज बरेली स्थित बारादरी थाना क्षेत्र के सैटेलाइट इलाके में उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होने बताया कि जावेद की गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा की गई है। उस पर जो इनाम कराया गया था, उसके दबाव में उसने आज बरेली के बारादरी थाना क्षेत्र के सैटेलाइट चौकी में जाकर आत्मसमर्पण पर किया है और अपना एक वीडियो भी वायरल किया था। वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय पुलिस ने बरेली में उच्चाधिकारियों से संपर्क किया और अब बदायूं पुलिस उसको लेकर वापस आ रही है। उससे पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बहराइच में वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़,21 बाइक बरामद

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले की रुपईडीहा पुलिस ने वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुये तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 21 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि नेपाल सीमा पर आईसीपी चौराहे पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ राहुल पांडेय के निर्देशन प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह की टीम बीती मध्य रात्रि वाहनों की जांच कर रही थी कि रात 12.40 बजे एक बाइक सवार आया, जिसके बारे में पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में एक युवक ने हरदी क्षेत्र से आने की बात कही। इस पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने बाइक चोरी की होने और जंगल से सटे चकिया रोड के करीबी बक्शी गांव में स्थित एक खंडहर में 20 अन्य बाइक रखने की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सभी बाइक बरामद की गई। पकड़े गए चोरों की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम एरिया शंकरपुर बभनौटी गांव निवासी प्रेम कुमार चौहान, लोनियनपुरवा गांव निवासी तीरथ राम और जय जय राम यादव पुत्र रंगलाल यादव के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बरामद बाईकों को सीज कर दिया गया है।



## पोस्टर प्रतियोगिता में सृष्टि प्रथम और पूर्वी द्वितीय रही

छात्र छात्राओं ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए स्लोगन लिखे

**मवाना,** 21 मार्च (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने पोस्टर के माध्यम से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। 19 अप्रैल 2024 को हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में मतदान कराया जाएगा जिसमें समस्त छात्र छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए स्लोगन लिखे। छात्र-छात्राओं ने बताया कि यदि हम अपने देश का विकास चाहते हैं तो हमें घर से निकलकर मतदान केंद्र जाकर अपने मत का प्रयोग करना है।

## निर्वाचन में स्वीप गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बैठक



**मेरठ,** 21 मार्च (देशबन्धु)। स्वीप मेरठ के अंतर्गत जनपद के समस्त विभागों की आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधियों को बढ़ाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता मे विकास भवन के सभागार में एक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पोस्टर, रंगोली, रैली के साथ राईट अप एवं 10 मोटिवेशनल प्रश्न उत्तर,एक पत्र कार्ड फॉर्मेट में बीएलओ के माध्यम से वोटर पर्ची के साथ भेजेंगे ,उच्च शिक्षा अधिकारी कचहरी परिसर में स्थित स्वीप वाटिका तथा मेरठ कॉलेज मेरठ के सामने आयुक्त मेरठ कार्यालय के बराबर में आई लव मेरठ में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगे ,डीपीआरओ प्रत्येक गांव में एक स्थान चिन्हित कर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगी,डी डी ओ प्रतिएक ब्लाक को चिन्हित कर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक एमडीए के नीचे बने चैपाल हाल में एनआईसी के पास सेल्फी स्टैंड तथा अन्य जगह स्वीप गैलरी का निर्माण कराएंगे नगर निगम मेरठ कार्यक्रम के आयोजन की वीडियोग्राफी का दायित्व निभाएंगे कूड़े की गाड़ियों पर प्रतिदिन ऑडियो के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेंगे। डीएसओ प्रत्येक गैस सिलेंडर पर एक स्टीकर के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करेंगे विद्युत विभाग सामान्य एलाउंसमेंट ,बिल ,पेमेंट इत्यादि के बिलों पर स्टैंप लगाकर भेजेंगे। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, अपर जिला अधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ मेघराज सिंह, दूरसंचार विभाग से विजेंद्र कुमार पोसवाल, वानिकी विभाग से एसडीओ अंशु चावला, उच्च शिक्षा क्षेत्रीय अधिकारी ज्ञान प्रकाश वर्मा, शैलेश राय दिव्यांगजन अधिकारी, योगेंद्र पाल सिंह आर एसओ मेरठ, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से संजीव कुमार सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय से शेवेंद्र सिंह, इरिगेशन विभाग से अनुष्का सिंह, सहायक पर्यटन अधिकारी यतिका सिंह, तकनीकी विभाग से राहुल शर्मा विद्युत विभाग से देवेश कुमार जायसवाल, डाक विभाग से धर्मेश गगंजा, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशा चौधरी, डीडीओ अमरीश कुमार, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, डॉ कौशर जहां, राकेश कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## तीन कॉलोनियों की मूलभूत सुविधाओं का किया सर्वे

**मवाना,** 21 मार्च (देशबन्धु)। एएस(पीजी) कॉलेज, मवाना के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई -1 व 2 के संयुक्त शिविर के छठें दिन का प्रारम्भ कार्यक्रम अधिकारी डा. कुलदीप मलिक ने ग्रुपों को सर्वे के लिए शिवपुरी, इकरामनगर व प्रेम नगर कालोनियों में जाना सुनिश्चित किया। इकाई-1 व इकाई-2 के सभी स्वंयसेवकों ने संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिये जागरूक किया तथा कालोनियों की मूलभूत सुविधाओं का विस्तारपूर्वक समझने के लिये सर्वे किया। स्वंय सेवको ने अपनी सर्वे रिपोर्ट तैयार कर कार्यक्रम अधिकारी के सम्मुख प्रस्तुत की। शिविर के द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डा.नीतू सिंह ने सभी स्वंय सेवकों का मवाना अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद कुमार तोमर व महाविद्यालय शिक्षिका अमरीता कुमारी से परिचय कर कार्यक्रम का संचालन किया। अग्नि शमन अधिकारी प्रमोद कुमार तोमर ने अग्नि से होने वाली हानि पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि अग्नि एक रसायनिक प्रक्रिया है ।

## जांच के बाद एसएसओ व संविदा लाइनमैन बर्खास्त

- मुख्य अभियन्ता ने किया स्थलीय निरीक्षण
- उपकेन्द्र उखलीना पर हुई थी साढ़े आठ लाख की चोरी
- केवल कॉपर को ही बनाया निशाना
- उपखण्ड अधिकारी व अधिशासी अभियन्ता को कारण बताओ नोटिस

**मेरठ,** 21 मार्च (देशबन्धु)। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0 के विभागीय कार्मिकों तथा बाहरी व्यक्तियों के द्वारा 33/11 केवी उपकेन्द्र उखलीना पर रखे क्षतिग्रस्त 5 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तक की दो फेस कॉपर वायन्डिग चोरी करने पर एस0एस0ओ0 व संविदा लाईनमैन को बर्खास्त एवं अपने कर्तव्यों के निर्वाहन में गंभीर लापरवाही बरतने पर अवर अभियन्ता को चार्जशीट एवं उपखण्ड अधिकारी तथा अधिशासी अभियन्ता को कारण बताओं नोटिस दिया गया है। इस चोरी की घटना में केवल कॉपर के तारों को ही निशाना बनाया गया। मुख्य अभियंता ने बताया कि करीब 8.5 लाख का कॉपर चोरी किया गया है, जिसे पुलिस की मदद से रिकवर करने का प्रयास किया जा रहा है।

33/11 केवी उपकेन्द्र उखलीना पर रखे 2.5 एम0वी0ए0 पर 19 व 20 मार्च की मध्य रात्रि में समय लगभग 11:30 बजे अज्ञात चोरों द्वारा कण्ट्रोल रूम के अटैच बाथरूम की दीवार में छेद कर कन्ट्रोल रूम में प्रवेश कर उपस्थित स्टॉफ को बन्धक बनाने एवं उपकेन्द्र में रखे निष्प्रयोज्य एवं क्षतिग्रस्त 5 एम0वी0ए0 पावर परिवर्तक की कॉपर बाईंडिंग एवं कॉपर बसबार चोरी करने सम्बन्धित प्रकरण के सन्दर्भ में प्रबन्ध निदेशक द्वारा मुख्य अभियन्ता मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ को स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये थे। निरीक्षण में पाया कि टॉयलेट की दीवार में जो छेद किया गया है वह अन्दर से बाहर की ओर किया गया है, क्योंकि जो दीवार का मलवा है वह बाहर गिरा हुआ है, अन्दर टॉयलेट शीट पर कोई मलवा दिखाई नहीं पड़ रहा है तथा छेद की परिधि अत्यन्त कम है, जिससे व्यस्क व्यक्ति के प्रवेश की सम्भावना काफी कम प्रतीत होती है। मुख्य अभियन्ता मेरठ क्षेत्र-द्वितीय, मेरठ द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह घटना विभागीय कार्मिकों तथा बाहरी व्यक्तियों के मेलजोल से षडयंत्रपूर्वक घटित की गयी है। इस सम्बन्ध में विभाग द्वारा सुरेश(एस0एस0ओ0) एवं नरेश शर्मा संविदा लाईनमैन को विभाग द्वारा बर्खास्त किया गया है तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में गम्भीर लापरवाही बरतने के कारण अवर अभियन्ता को चार्जशीट तथा साथ ही क्षेत्रीय उपखण्ड अधिकारी(भोला) एवं अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-तृतीय, मेरठ को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है तथा मुख्य अभियन्ता स्तर तक के अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## होलिका दहन 24 को और रंगों की होली 25 को मनेगी



- होलिका दहन 24 मार्च को रात 11:14 बजे के बाद होगा

**मवाना,** 21 मार्च (देशबन्धु)। होली एक सांस्कृतिक, धार्मिक और पारंपरिक त्योहार है। होली भाईचारे, आपसी प्रेम और सद्भावना का त्योहार है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंगों में सराबोर करते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जायेगा। घरों में गुंझिया और पकवान बनते हैं। हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर होलिका दहन होता है। इसके अगले दिन चैत्र प्रतिपदा को रंग वाली होली खेली जाती है, लेकिन इस बार होली की तारीख को लेकर लोगों में बड़ा कन्फ्यूजन फैला है। कोई 24 मार्च तो कोई 25 मार्च को होली बता रहा है। दिवाकर पंचांग के अनुसार इस साल फाल्गुन पूर्णिमा 24 मार्च को सुबह सात बजे से देर शाम आठ बजे तक पूजन किया जा सकेगा और होलिका दहन 24 मार्च दिन रविवार को रात 11रू14 बजे के बाद किया जायेगा। रंगों वाली होली 25 मार्च को खेली जाएगी।

मवाना फलावदा रोड स्थित शिव सरस्वती मंदिर के पुजारी मोहन जोशी कहते है कि होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है। बसंत का महीना लगने के बाद से ही इसका इंतजार शुरू हो जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा की रात होलिका दहन किया जाता है और इसके अगले दिन होली मनाई जाती है। 24 मार्च को होलिका दहन है। इस दिन होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 11 बजकर 14 मिनट से लेकर 12 बजकर 27 मिनट तक है। ऐसे में होलिका दहन के लिए लोगों को आपको कुल 1 घंटे 13 मिनट का समय मिलेगा।

**योजना** *वेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना की शुरुआत*

# महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा दे रहा वेंक्टेश्वरा समूह

**मेरठ, 21 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा समूह के मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पीटल विम्स में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की महिला सशक्तीकरण की मुहिम से प्रेरणा लेते हुए समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तरत अपने हॉस्पीटल में डिलिवरी के बाद बिटिया पैदा होने पर सम्पूर्ण नि:शुल्क उपचार एवं इकत्तीस सौ रुपये सम्मान राशि वाली महिला कल्याणकारी योजना वेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना-2024 का शानदार शुभारम्भ हो गया।**

एक अप्रैल 2024 से शुरू होने जा रही इस योजना के तहत न सिर्फ पश्चिमी उ.प्र. बल्कि देशभर से कोई भी गर्भधारक मातृशक्ति किसी दस्तावेज (आय/जाति/मूलनिवासी प्रमाणपत्र) के बिना सिर्फ आधार कार्ड दिखाकर इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठा सकती हैं। यह जानकारी आज इस योजना के पोस्टर लाँच होने के बाद अस्पताल सी.ई.ओ. डॉ. एच.पी. सिंह एवं गायनी विभाग की विभागाध्यक्षा विख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेहाना नजम ने संयुक्त रूप से दी। वेंक्टेश्वरा लाडो बिटिया सम्मान योजना-2024 के बारे में विस्तार से बताते हुए विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं सस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी ने बताया कि आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रेरित होकर अपने हॉस्पीटल में बेटी पैदा होने पर उसका सम्पूर्ण नि:शुल्क इलाज के साथ-साथ उसको उपहारध् सम्मान स्वरूप इकत्तीस सौ रुपए की नकद धनराशि वेंक्टेश्वरा की ओर से दी जायेगी। इससे जहां एक ओर महिला सशक्तीकरण की मुहिम को बढ़ावा मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेटियों को लेकर लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव आयेगा।



- नि:शुल्क उपचार के साथ 3100 रुपए सम्मान स्वरूप देगा ग्रुप : डॉ. सुधीर
- एक अप्रैल से शुरू होगी योजना, बिना किसी प्रमाणपत्र के मिलेगा लाभ : डॉ. राजीव

इस अवसर पर विम्स हॉस्पीटल के निदेशक मार्केटिंग डॉ. एम.ए. चौधरी, स्त्रीरोग विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अपराजिता सिंह, डॉ. प्राची त्यागी, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. अर्पिता श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिभा, डॉ. अन्विता, डॉ. नजरी, डॉ. शिवानी, डॉ. कोमल, डॉ. रितु सिंह, डॉ. जिकरा, डॉ. अनिभा एवं मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गोरखपुर में पुलिस हिरासत में युवक की मौत, तीन पुलिसकर्मियों पर मुकदमा

**गोरखपुर,** 21 मार्च (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में गोरखपुर जिले के गोला क्षेत्र में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत पर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने गुरूवार को बताया कि ग्राम बाढा बुजुर्ग गांव निवासी विनय कुमार पान्डेय (37) को सात साल की बच्ची से छेड़खानी के आरोप में पुलिस पूछताछ के लिए लेकर थाने लेकर गयी थी जहां तबीयत खराब होने पर तत्काल उसे अस्पताल पहुंचाया गया मगर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की जांच गोला के क्षेत्राधिकारी को सौपी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। गोला प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. एएन ठाकुर ने बताया कि अस्पताल आने से पहले ही शिक्षक की मौत हो गई थी।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## वर्षों के अनुभव के बाद आती है परिपक्वता : श्रेयस तलपड़े

**मुंबई।** एक्टर श्रेयस तलपड़े अपकमिंग फिल्म 'कपकपी' में एक बार फिर तुषार कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखाई देंगे। श्रेयस तलपड़े ने कहा कि उनका मानना है कि उम्र के साथ एक कलाकार के प्रदर्शन में परिपक्वता दिखाई देने लगती है। 'कपकपी' एक हॉरर-कॉमेडी फिल्म है। बता दें कि इस फिल्म में 'गोलमाल अगेन' के बाद दोनों कलाकार एक साथ नजर आएंगे। फिल्म का मोशन पोस्टर लॉन्च किया गया है, जिसमें दोनों कलाकार नजर आ रहे हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए श्रेयस ने कहा कि आजकल अधिकांश फिल्में थ्रिलर डार्क या देशभक्तिपूर्ण हैं। ऐसे में दर्शक वास्तविक हॉरर कॉमेडी की उम्मीद करते हैं।

वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

## धूम्रपान छोड़ने से आज ही पा सकते हैं पेट की चर्बी से छुटकारा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। एक अध्ययन में सामने आया है कि अगर आप पेट की छिपी हुई चर्बी को कम करना चाहते हैं, तो आज ही धुम्रपान छोड़ दें। धूम्रपान करने वालों के शरीर का वजन धूम्रपान न करने वालों की तुलना में कम होता है, लेकिन उनकी आंत में वसा होती है। साथ ही लिवर, दिल और गुर्दे जैसे अंगों के आसपास भी वसा होती है। यहां तक कि सपाट पेट वाले पतले व्यक्ति में भी आंत में वसा हो सकती है।वैज्ञानिक पत्रिका एडिक्शन में प्रकाशित नया अध्ययन इस बात का सबूत है कि धूम्रपान से शरीर में आंत की चर्बी बढ़ सकती है और हृदय रोग, मधुमेह, स्ट्रोक और डिमेंशिया जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।डेनमार्क में कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के प्रमुख लेखक डॉ. जर्मन डी. कैरासक्विला ने कहा कि इस अध्ययन में पाया गया कि धूम्रपान शुरू करने और जीवन भर धूम्रपान करने से पेट की चर्बी में वृद्धि हो सकती है, जैसा कि कमर से कूल्हे के अनुपात के माप से पता चलता है। आगे के विश्लेषण में हमने यह भी पाया कि आंत में जिस प्रकार की वसा होती है, वह त्वचा के ठीक नीचे की वसा से अलग होती है। टीम ने धूम्रपान शुरू करने वाले 1.2 मिलियन लोगों और 450,000 से अधिक आजीवन धूम्रपान करने वालों का अध्ययन किया। उन्होंने 600,000 से अधिक लोगों के शरीर में वसा वितरण पर भी एक अध्ययन किया।उन्होंने जांच की कि धूम्रपान की आदतों और पेट की चर्बी से जुड़े डीएनए वेरिएंट शरीर के विभिन्न हिस्सों में वसा से कैसे जुड़े हैं।उनके नतीजे बताते हैं कि 'धूम्रपान करने वालों में पेट की अतिरिक्त चर्बी मुख्य रूप से आंत की चर्बी है।डॉ. जर्मन ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से, ये निष्कर्ष सामान्य आबादी में धूम्रपान को रोकने और कम करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयासों के महत्व को सुदृढ़ करते हैं। इससे पेट की आंत की चर्बी और इससे संबंधित सभी पुरानी बीमारियों को कम करने में भी मदद मिल सकती है।



धूम्रपान से हृदय रोग, मधुमेह, स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा

## काशी में खेली गई विश्व प्रसिद्ध 'मसाने की होली'

■ जलती चिताओं के बीच 'चिता भस्म' की होली

**वाराणसी,** 21 मार्च (एजेंसियां)। काशी के मणिकर्णिका घाट पर गुरुवार को अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां बड़े ही उत्साह के साथ जलती चिताओं के बीच 'चिता भस्म' की होली खेली गई। मसाने की होली खेलने के लिए मणिकर्णिका घाट के महाश्मशान पर जन सैलाब उमड़ पड़ा।

ऐसी मान्यता है कि भगवान भोलेनाथ मणिकर्णिका के महाश्मशान में अपने गणों के साथ चिता भस्म की होली खेलते हैं। पूरे देश में रंगों और गुलालों से होली खेली जाती है, लेकिन शिव की नगरी काशी में चिता की राख के साथ भी होली खेली जाती है। ऐसी होली पूरे विश्व में सिर्फ काशी में मनाई जाती है। ऐसी मान्यता है कि भगवान शंकर भस्म की होली अपने प्रिय गण भूत, प्रेत, पिशाच शक्तियों के साथ खेलते हैं। चिता भस्म की होली शुरू करने से पहले बाबा मसान नाथ की पूरे विधि-विधान के साथ पूजा हुई। फिर बाबा की आरती करने के बाद चिता की राख से होली की शुरुआत की गई, जिसमें ढोल-नगाड़े और डमरू के साथ पूरा श्मशान घाट हर-हर महादेव के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

काशीवासियों के साथ-साथ विदेशी पर्यटकों ने भी इस उत्सव का जमकर लुफ्त उठाया। आयोजकों ने बताया कि पुरानी परंपरा के अनुरूप बाबा भोलेनाथ रंगभरी एकादशी के अगले दिन अपने गणों, भूत पिशाच और नंदी के साथ होली खेलने के लिए श्मशान पर पहुंचते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान शिव ने मसान की होली की शुरुआत की थी। ऐसा माना जाता है कि रंगभरी एकादशी के दिन भगवान शंकर माता पार्वती का गौना कराने के बाद उन्हें काशी लेकर आए थे।



तब, उन्होंने अपने गणों के साथ रंग-गुलाल के साथ होली खेली थी, लेकिन वे श्मशान में बसने वाले भूत, प्रेत, पिशाच, यक्ष, गन्धर्व, किन्नर, जीव-जंतु आदि के साथ होली नहीं खेल पाए थे, इसलिए रंगभरी एकादशी के एक दिन बाद भोलेनाथ ने श्मशान में रहने वाले भूत-प्रेत साथ होली खेली थी।

उसी समय से काशी में मसान की होली खेलने की परंपरा चली आ रही है। चिता की राख से होली खेलने की वजह से ये परंपरा देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी प्रसिद्ध है।

## माधुरी दीक्षित ने कहा, होली पर अपने बच्चों की बहुत याद आएगी

**मुंबई,** 21 मार्च (एजेंसियां)। फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने होली की तैयारियों पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि वह इस होली पर अपने बच्चों को बहुत मिस करेंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि वह यह पर्व अपने दोस्तों और 'डांस दीवाने' परिवार के साथ मनाएंगी। माधुरी ने लॉस एंजिल्स के कार्डियोवस्कुलर सर्जन श्रीराम माधव नेने से शादी की है। उनके दो बच्चे अरिन और रयान हैं। एक्ट्रेस वर्तमान में डांस दीवाने में जज हैं। होली को लेकर माधुरी ने कहा कि इस बार होली के दौरान, मुझे ऐसा लग रहा है कि मुझे अपने बच्चों की याद आएगी। वे इस समय विश्वविद्यालय में हैं। लेकिन मैं अपने दोस्तों के साथ यह जश्न मनाऊंगी। हम रंगों के साथ खेलेंगे या नहीं यह तो नहीं पता, लेकिन सभी एक साथ आएंगे।एक्ट्रेस ने कहा कि यही इस पर्व का महत्व है कि सभी लोग माता-पिता, बच्चों और दोस्तों के साथ मिलकर होली मनाएं। 'डांस दीवाने' के साथ होली मनाना अद्भुत लगता है क्योंकि पूरी टीम भी हमारा परिवार है। इसलिए, जब हम उनके साथ होली मनाते हैं तो बहुत मजा आता है। मैं अपने सभी प्रशंसकों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।इस शो के को-जज सुनील शेट्टी हैं और इसकी मेजबानी लाफ्टर क्वीन भारती सिंह कर रही हैं।



## एमएचयू ने बनाया फूलों से हर्बल गुलाल

**चंडीगढ़,** 21 मार्च (एजेंसियां)। महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय (एमएचयू) करनाल के वैज्ञानिकों ने गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार किया है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमएचयू का प्रमुख उद्देश्य है कि लोगों को किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ना है। जैसे-जैसे प्राकृतिक खेती बढ़ेगी उसी अनुरूप लोगों का रुझान भी प्राकृतिक खेती के उपजी फसलों की ओर जाएगा। उनके उत्पादों के फायदों के प्रति जागरूक करने के लिए एमएचयू तेजी से प्रयास कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि एमएचयू ने होली पर्व को देखते हुए गेंदे की फूल पत्तियों और चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार किया है जो केमिकल रहित है। बाकी कई प्रकार के फूलों से हर्बल गुलाल तैयार करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि आजकल लोगों में प्राकृतिक रंगों के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। ऐसे में एमएचयू द्वारा तैयार किये जा रहे हर्बल रंगों का रुझान एकदम बढ़ेगा।

प्रवक्ता ने बताया कि एमएचयू की टीम ने फूल पत्तियों और फलों को सुखाकर बारीक पिसाई करके यह रंग तैयार किए गए हैं। किसी तरह का दूसरा रंग या केमिकल्स का प्रयोग नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन फूलों से हर्बल गुलाल बनाया गया हैं, वे उन फूलों की पैदावार भी उद्यान विश्वविद्यालय द्वारा स्वयं की हैं। होली पर्व पर हर्बल गुलाल का प्रयोग करें।



■ गेंदे की फूल पत्तियों व चुकंदर से हर्बल गुलाल तैयार

## कर्म के प्रति सच्ची भावना, समर्पण से ही मानव, व सामाजिक विकास संभव : गुरु मां कंचन गिरि

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। अमेरिका के मिशिगन के प्रसिद्ध साईं मंदिर में गुरु मां कंचन गिरि का भव्य स्वागत हुआ मंदिर के पुजारी व ट्रस्ट से जुड़े लोगो ने गुरु मां कंचन गिरि जी का आदर सत्कार और भव्य स्वागत किया। यहां पहुंचकर गुरु मां कंचन गिरि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अच्छे कर्म करने चाहिए। अच्छे कर्म करने से ही मानवता और समाज का कल्याण संभव है। आज हम जो भी कर रहे है उसका फल है हमें भोगना पड़ता है।इसलिए अच्छे कर्मों की जरूरत हमेशा ही पड़ती है।



हमारे धार्मिक ग्रंथो जैसे गीता, पुराण और वेदो में इसका उल्लेख बड़े ही विस्तार से किया गया है।गीता में जिस प्रकार भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश देते हुए कहा है कि पार्थ कर्म करो फल की इच्छा मत करो।

यहां पर भगवान श्री कृष्ण का अर्थ था कि मनुष्य को अच्छे कर्म करते रहना चाहिए बुरे कर्मो से दूर रहना चहिए। क्योंकि अच्छे कर्मो का परिणाम यानी फल भी अच्छा होता है। शास्त्रों में कहा गया है कि अच्छे कर्म करने वाला इंसान मोक्ष की प्राप्ति करता है। इस आयोजन के आयोजक व मंदिर के ट्रस्टी श्री अशोक बड्डी जी रहे उन्होंने भी गुरु मां कंचन गिरि जी का स्वागत किया।

## फिल्म 'बंगाल 1947' की विशेष स्क्रीनिंग का होगा आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 21 मार्च (देशबन्धु)। बंगाल विभाजन पर केंद्रित फिल्म बंगाल 1947 की विशेष स्क्रीनिंग ग्रेटर नोएडा के सिनेमा हाल में 1 अप्रैल को की जाएगी। यूथ फार नेशन और आईआईएमटी के संयुक्त तत्वाधान में ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

प्रेस वार्ता आईआईएमटी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. मयंक अग्रवाल, फिल्म के कलाकार अंकुर अरमाम, सह प्रोड्यूसर ऋषभ पाण्डेय, यूथ फार नेशन के अध्यक्ष सुनील त्यागी और महामंत्री सुभाष तिवारी, आज्ञा राम पाण्डेय ने पत्रकारों को संबोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए आईआईएमटी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. मयंक अग्रवाल ने कहा कि सकारात्मक सिनेमा समाज को सार्थक दिशा देता है उसी को मद्देनजर रखते हुए हमने आईआईएमटी के सभी विद्यार्थियों के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन और फिल्म की स्क्रीनिंग सिनेमाघर में आयोजित की जा रही है। फिल्म के कलाकार अंकुर अरमान ने बताया कि 16 अगस्त 1945 को मोहम्मद अली जिन्ना के डायरेक्ट एक्शन डे के एलान के बाद क्या हुआ था, ये शायद कुछ लोगों को पता है, पर 1946 से 1971 के बीच और क्या हुआ था और क्यों हुआ था और इससे हमें आगे क्या सीख मिली है। उन्ही मुद्दों पर बात करती फिल्म बंगाल 1947 29 मार्च 2024 को रिलीज हो रही है। यूथ फार नेशन के अध्यक्ष सुनील त्यागी ने कहा कि भारतीय विचार भारतीय मूल्य और भारतीयता को स्थापित करने में मदद करता है।

इसी ध्येय के साथ यूथ फार नेशन सिनेमा के माध्यम से संस्कृति का संवर्धन करने में विश्वास रखता है। इसको पूरा करने के लिए ग्रेटर नोएडा लघु फिल्म समारोह का भव्य आयोजन अगस्त 2023 में किया गया था। इसी कड़ी के रूप में ग्रेटर नोएडा के निवासियों के लिए एक फिल्म स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जा रही है।




■ आगामी 1 अप्रैल को देशभर के सिनेमा हाल में रिलीज हो रही है फिल्म

## मिनी फॉर्मेट फिल्म फोटो स्लाइड रिलीज किया




**नई दिल्ली** 21 मार्च (एजेंसियां)। फूजी फिल्म इंडिया ने अपने फूजी फिल्म इंस्टैक्स मिनी 99 इंस्टेंट कैमरा (मिनी 99) के लांच के साथ एनालॉग इंस्टेंट कैमरों के फूजी फिल्म इंस्टैक्स रेंज में नया प्रोडक्ट लॉन्च करने की घोषणा की। इंस्टैक्स मिनी 99 इंस्टेंट कैमरा की एमआरपी 20,999/- है। यह प्रोडक्ट 4 अप्रैल से www.Insta&.in और अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसे विभिन्न ऑनलाइन रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगा। इसके अलावा देश भर में हमारे 2000 से ज्यादा स्टोर हैं,

फूजी फिल्म इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर कोजी वाडा ने इस नए प्रोडक्ट पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'हमारे ग्रुप का सिद्धांत 'Giving our World More Smiles' है इस सिद्धांत के लॉन्च के बाद से अपने पहले लॉन्च के रूप में भारत में हम इंस्टैक्स मिनी 99 का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं।

हम इस नए प्रोडक्ट द्वारा प्राप्त होने वाले आनंददायक अवसरों को देखने के लिए उत्साहित हैं और क्योंकि इससे हमारे यूजर्स को मुस्कुराहट और यादों को संजोने में काफी सुविधा प्रदान करेगा। हमें उम्मीद है और विश्वास है कि यह प्रोडक्ट हमारी दुनिया में और ज्यादा मुस्कुराहट फैलाएगा।

## बोरवेल की सच्ची घटनाओं को गेब्रियल वत्स ने 'गौरेया लाइव' में पर्दे पर उतारा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। देशभर से छोटे बच्चों के बोरवेल में गिरने की खबरें सामने आती रही है, जिसमें बच्चों के साथ कई बड़े भी अपनी जान गवां चुके हैं। ऐसी ही घटनाओं को युवा फिल्म मेकर गेब्रियल वत्स ने पर्दे पर उतारा है। सच्ची घटना पर आधारित फिल्म 'गौरेया लाइव' 29 मार्च को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म का टीजर पहले ही लॉन्च किया जा चुका है। इन दिनों फिल्म की टीम 'गौरेया लाइव' की प्रमोशन में व्यस्त है। ऐसे में फिल्म की स्टार कास्ट से खुलकर बात की। यह फिल्म गौरैया नामक 10 साल की बच्ची के बोरवेल में गिरने की सच्ची कहानी पर आधारित है। गौरैया में बच्ची के बोरवेल में गिरने के बाद के संघर्ष को दिखाया गया है।




फिल्म की पूरी टीम को दिल्ली में फिल्म की प्रमोशन करते हुए देखा गया। मध्यप्रदेश में भोपाल की पृष्ठभूमि पर आधारित 'गौरैया' में एक मजदूर रामपाल की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म में लीड एक्टर की भूमिका निभाने वाले एक्टर विनय झा ने बताया कि यह मुझे एक जादू की तरह लगा, जैसे भगवान हमसे यह सब करवा रहे हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म मेकर गेब्रियल वत्स ने उन्हें खुलकर काम करने का मौका दिया। विनय ने गेब्रियल वत्स को जहाज का कैप्टन कहकर संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह सबको साथ लेकर चले हैं। विनय ने आगे कहा कि उन्हें इस फिल्म में काम करने में बहुत मजा आया।

फिल्म के डायरेक्टर गेब्रियल वत्स ने कहा कि हाल ही में हमने फिल्म का टीजर लॉन्च किया है। इस फिल्म को बनाने में हमे महज 8 दिनों का समय लगा। फिल्म में काफी बेहतर कलाकारों की एक टोली है, साथ ही इसमें लगभग 600 जूनियर कलाकारों ने भी काम किया है। आज के दर्शकों को स्टोरी में दिलचस्पी है। वो सच्ची घटनाओं को ज्यादा तवज्जो देते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मैंने दिग्गज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली और अनुराग कश्यप से ही काम करने का तरीका सीखा है। यह आपको इस फिल्म में नजर आएगा। साढ़े चार करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म को लगभग 700 थिएटरों में रिलीज किया जाएगा।

फिल्म की लेखक सीमा सैनी ने बताया कि हमारे पास इसके अलावा भी कई तरह की कहानियां थी। हमारा मकसद इस तरह की घटनाओं को सामने लाना था। यह सब बिल्कुल भी आसान नहीं था। हमने फिल्म में इस तरह की घटना को विस्तार से दिखाया है। शूटिंग के दौरान काफी परेशानी सामने आई, लेकिन हमने इसे अच्छे से किया। निर्माण करने वालों को ऐसे खुले बोरवेल के बारे में सोचना चहिए।

फिल्म में लगातार 30 घंटे जिंदगी की जंग की कहानी दिखाई गई है। रेयर फिल्म्स और टी एंड पोएट्री फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण राहुल रंगारे, डॉ. निशांत जैन, रोहित राज सिंह चौहान और राजीव जैन ने किया है। फिल्म गौरैया लाइव में अदा सिंह, ओंकार दास मानिकपुरी, सीमा सैनी, पंकज झा, शगुफ्ता अली मुख्य किरदार में नजर आएंगी। इनके साथ गणेश सिंह, बलराम ओझा, नरेंद्र खत्री और आलोक चटर्जी जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी प्रमुख भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म में पीपली लाइव फेम ओंकार दास मानिकपुरी ने बच्ची के मजदूर पिता का किरदार निभाया है।

## कश्मीर में आ गया जश्ने बहार का मौसम

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 21 मार्च (देशबन्धु)। कश्मीर में जश्ने बहार का मौसम आ गया है। अगर मौसम ने साथ दिया तो आप 17 लाख से अधिक ट्यूलिप के फूलों को शनिवार से निहार सकते हैं। वैसे बादामबाड़ी में बादाम के पेड़ों पर फूल समय से पहले आ चुके हैं जिन्हें निहारने को भीड़ उमड़ने लगी है।



दरअसल जैसे-जैसे सर्दियों की ठंड धीरे-धीरे बसंत की हल्की गर्मी की जगह ले रही है, कश्मीर का प्रतिष्ठित बादामवाड़ी गार्डन बादाम के फूलों की लुभावनी सुंदरता के साथ जीवंत हो गया है, जो स्थानीय लोगों के लिए बहुत खुशी की बात है जो उत्सुकता से इस वार्षिक दृश्य का इंतजार करते हैं। जाफरान कालोनी श्रीनगर के निवासी अजान का कहना था कि हम कश्मीरियों के लिए, बादामवाड़ी गार्डन में बादाम के पेड़ों का खिलना एक पोषित और सुंदर दृश्य है जो बसंत की शुरुआत का प्रतीक है। यह एक ऐसा दृश्य है जो हमारे दिलों को खुशी से भर देता है और हमें हमारी भूमि की लचीलापन की याद दिलाता है। मुंबई से कश्मीर घूमने आए एक पर्यटक राहुल ने बताया कि बादामवाड़ी गार्डन के बादाम के खिलने की मनमोहक सुंदरता और बसंत का आगमन आपकी नग्न आंखों से स्वर्ग को देखने जैसा है। बर्फ से ढके पहाड़ों की पृष्ठभूमि के खिलाफ गुलाबी और सफेद फूलों की जीवंत छटा लोगों में आश्चर्य और श्रद्धा की भावना पैदा करती है।

■ बादामबाड़ी में बादाम के पेड़ों पर फूल देखने उमड़ी भीड़

■ 23 से ट्यूलिप गार्डन में खिलेंगे ट्यूलिप

बादाम के फूलों को निहारने बादामवाड़ी गार्डन में आए एक अन्य स्थानीय निवासी साहिल के बकौल, यह सुंदरता अद्वितीय है, यह एक परी कथा में कदम रखने जैसा है, जहां हर पेड़ नाजुक फूलों से सजा हुआ है। बसंत के आगमन का जश्न मनाने के लिए परिवार फूलों के बीच इकट्ठा होते हैं, और हवा एक उत्सव के रूप से भर जाती है।

### बादामबाड़ी का इतिहास

एक जमाने में धूम मचाने वाला यह ऐतिहासिक बाग तकरीबन 28 साल तक सही देखरेख न मिलने के कारण अपनी साख खो चुका था, यहां तक कि उस समय की सरकार की गलत नीतियों के कारण बादामवाड़ी जो 309 वर्ष पहले 750 कनाल जमीन पर फैली थी सिमटते-सिमटते केवल 280 कनाल तक ही सीमित रह गई क्योंकि सरकार ने वहां पर तिब्बती कालोनी का निर्माण किया। इसको नए सिरे से सजाने संवारने के लिए जेके बैंक ने इसके निर्माण की जिम्मेदारी संभाली थी। वर्ष 2006 में इसका दोबारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था।

तकरीबन 280 कनाल तक फैले हुए इस बाग को बड़ों के साथ-साथ बच्चों के आकर्षण के हर सामान से सजाया गया है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 3.55 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 3.40 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.99 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.93 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 2.57 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 0.83 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 0.24 प्रतिशत |
| मारुति | 0.23 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## स्टार्टअप महाकुंभ : मझौले व छोटे शहरों से इकोसिस्टम के लिए बढ़ावा




■ नवाचार व विकास के दौर से गुजर रहा स्टार्टअप इकोसिस्टम

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम इस समय अभूतपूर्व नवाचार और विकास के दौर से गुजर रहा है। उद्योग विशेषज्ञों ने तीन दिवसीय विकसित भारत स्टार्टअप महाकुंभ 2024 के समापन के मौके पर गुरुवार को कहा कि मझौले और छोटे शहरों के नवोद्यमी इस बात के उदाहरण हैं कि किस प्रकार समावेशी विकास के रास्ते टिकाऊ विकास की तरफ बढ़ा जा सकता है।

देश के सबसे बड़े स्टार्टअप उत्सव में 1,306 एग्जिबिटर और 48,581 से अधिक व्यावसायिक आगंतुक शामिल हुए। इन तीन दिनों में 392 से अधिक वक्ताओं ने 165 से अधिक सत्रों में अपने विचार रखे। इसके अलावा, यह आयोजन 3,868 से अधिक भविष्य के उद्यमियों के लिए केंद्रीय-मंच था, जो बेहतरीन क्लास और टीमवर्क के माध्यम से उद्योग विशेषज्ञों और निवेशकों तथा उद्यमियों से बातचीत करने के लिए एकत्र हुए थे। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन के प्रमुख और सह-संस्थापक अरविंद गुप्ता ने कहा कि 10 साल के दौरान हमने कुछ सौ स्टार्टअप्स से शुरू करके एक लाख से अधिक स्टार्टअप्स के जीवंत पारिस्थितिकी तंत्र तक के वदलाव को देखा है, जिससे इनक्यूबेटर, यूनिकॉर्न और एक संपन्न डिजिटल अर्थव्यवस्था में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि हमारे स्टार्टअप दुनिया में अग्रणी हैं, जो जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हैं, जिससे विश्व मंच पर भारत की स्थिति एक नेता के रूप में सुनिश्चित होती है।

> हमारे स्टार्टअप दुनिया में अग्रणी हैं, जो जटिल चुनौतियों को हल करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाते हैं : अरविंद गुप्ता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप महाकुंभ के उद्घाटन के मौके पर बुधवार को कहा था कि देश एआई में विश्व नेता बन जाएगा और इसके युवा नवप्रवर्तक देश को आगे ले जाने के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में उभरेंगे। उन्होंने कहा था कि एआई में भारत का पलड़ा भारी रहेगा और हम इस अवसर को जाने नहीं देंगे। स्टार्टअप महाकुंभ ने उपस्थित लोगों को विचारों का आदान-प्रदान करने, साझेदारी बनाने और अनुभवी पेशेवरों से अनमोल सलाह प्राप्त करने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान किया।

टीआईई ग्लोबल की इकाई टीआईई बैंगलोर के अध्यक्ष और ट्रस्टी मदन पदाकी ने कहा, स्टार्टअप महाकुंभ में 3,800 से अधिक भावी उद्यमियों को एक साथ देखना वास्तव में प्रेरणादायक था।

## अब भारत पर ध्यान दे रहीं वैश्विक खिलौना कंपनियां

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 15 और वित्त वर्ष 23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में चीन के लिए जो बात नुकसान वाली हो सकती है, वह भारत के लिए फायदे का सौदा साबित हो रही है। भारत के खिलौना उद्योग ने वित्त वर्ष 15 और वित्त वर्ष 23 के बीच तेजी से प्रगति की है और निर्यात में 239 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई तथा आयात में 52 प्रतिशत तक की गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप देश शुद्ध निर्यातक बन गया।

■ 60 प्रतिशत उत्पाद किए जा रहे निर्यात

भारत में खिलौनों की बिक्री के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की मंजूरी जरूरी होना, संरक्षणवाद, चीन-प्लस-वन रणनीति और मूल सीमा शुल्क बढ़ाकर 70 प्रतिशत किए जाने से भारत के खिलौना उद्योग में तेजी आई है।

उद्योग के भागीदारों के अनुसार हालांकि हैस्ब्रो, मैटल, स्पिन मास्टर और अर्ली लर्निंग सेंटर जैसे वैश्विक ब्रांड आपूर्ति के लिए देश पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन इटली की दिग्गज कंपनी ड्रीम प्लास्ट, माइक्रोप्लास्ट और इंकास जैसी प्रमुख विनिर्माता अपना ध्यान धीरे-धीरे चीन से भारत पर केंद्रित कर रहीं हैं।



> मैं नहीं मानता कि चीनी क्षमता को बीआईएस द्वारा स्वीकृत किया गया है। आयात पर घरेलू भारतीय उत्पादों का दबदबा है : आर जसवंत

बीआईएस के नियमन से पहले खिलौनों के लिए भारत की चीन पर 80 प्रतिशत निर्भरता थी, जो अब कम हो गई है।

टायर निर्माता एमआरएफ के स्वामित्व वाली चेन्नई की फंसकूल के मुख्य कार्याधिकारी आर जसवंत ने कहा, 'मैं नहीं मानता कि चीनी क्षमता को बीआईएस द्वारा स्वीकृत किया गया है। आयात पर घरेलू भारतीय उत्पादों का दबदबा है। 10 साल पहले, भारत से मुश्किल से ही किसी तरह की खरीदारी होती थी।

## मांग सुस्त रहने से जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख़ के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अप्रैल का पाम ऑयल वायदा तीन रिंगिट फिसलकर 4361 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायद 0.06 सेंट की तेजी के साथ 49.07 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## नियोक्ताओं को नहीं मिल रहे एआई दक्ष कामगार

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। देश में हर दस में से नौ से ज्यादा नियोक्ता नियुक्तियों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के कौशल को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन 79 प्रतिशत नियोक्ताओं को अपनी जरूरत के मुताबिक एआई कौशल वाले लोग नहीं मिल पा रहे हैं जबकि एआई कौशल से काम करने वाले लोगों का वेतन 54 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ सकता है और एआई अपनाने में होती वृद्धि के साथ करियर में तेजी आ सकती है।

एमेज़ॉन डॉटकॉम कंपनी एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ (एडब्लूएस) ने आज अपनी नई शोध जारी की है, जिसमें सामने आया है कि जब एआई का पूरा उपयोग होने लगेगा, तब एआई कौशल और विशेषज्ञता वाले लोगों के वेतन में 54 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि हो सकती है जबकि आईटी (65 प्रतिशत), शोध एवं विकास (62 प्रतिशत) में वेतन में सर्वाधिक वृद्धि होती है।



■ एआई अपनाने में वृद्धि से करियर में आएगी तेजी


कार्यस्थलों में एआई के उपयोग के विकसित होते रूझानों और कौशल की जरूरतों को बेहतर रूप से समझने के लिए एडब्लूएस ने 'एक्सेलरेटिंग एआई स्किल्स: प्रिपेयरिंग द एशिया-पैसिफिक वर्कफोर्स फॉर जॉब्स ऑफ द फ्यूचर' शीर्षक से एक क्षेत्रीय अध्ययन किया जिसमें 1600 से ज्यादा कर्मचारियों और 500 नियोक्ताओं को शामिल किया गया।

भारत में सर्वेक्षण में हिस्सा लेने वाले 97 प्रतिशत कर्मचारियों को अपेक्षा है कि उनके एआई के कौशल से वेतन में अच्छी वृद्धि के अलावा उनके करियर पर भी सकारात्मक असर होगा और उनका करियर आगे बढ़ेगा। भारत में काम करने वाले 95 प्रतिशत लोगों ने बताया कि वो अपने करियर में तेजी लाने के लिए एआई का कौशल विकसित करने में रुचि रखते हैं। यह रुचि विभिन्न पीढ़ियों में एक समान है। जैन ज़ी के 95 प्रतिशत, 96 प्रतिशत मिलेनियल्स, और 93 प्रतिशत जैन एक्स कर्मचारी एआई कौशल हासिल करना चाहते हैं, जबकि 90 प्रतिशत बेबी बूमर्स, जो आम तौर से रिटायरमेंट की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा कि यदि उन्हें एआई कौशल बढ़ाने वाला कोर्स पेश किया जाएगा, तो वो इसमें दाखिला लेंगे। इसमें यह भी पता चला है कि भारत में एआई कौशल रखने वाले कार्यबल द्वारा उत्पादकता में भी काफी वृद्धि हो सकती है।

## फेड के ब्याज दर में कटौती के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई,** 21 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में तीन बार कटौती किए जाने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 539.50 अंक की छलांग लगाकर 72,641.19 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 172.85 अंक उछलकर 22,011.95 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह लगातार बिकवाली का दबाव झेल रही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने आज मज़बूत प्रदर्शन किया। इससे बीएसई का मिडकैप 2.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,652.42 अंक और स्मॉलकैप 2.01 प्रतिशत मजबूत होकर 42,321.99 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3926 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2758 में तेजी जबकि 1061 में गिरावट रही। वहीं 107 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 40 कंपनियां हरे जबकि शेष 10 लाल निशान पर बंद हुईं। विश्लेषकों के अनुसार, फेडरल रिजर्व ने संकेत दिया कि मुद्रास्फीति पर थोड़ी धीमी प्रगति के अनुमान के बावजूद वह अभी भी इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में तीन बार कटौती की उम्मीद करता है। फेड अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने कहा कि हाल की उच्च मुद्रास्फीति ने धीरे-धीरे कीमतों के दबाव को कम करने की अंतर्निहित कहानी को नहीं बदला है। हालांकि उन्होंने कहा कि हालिया आंकड़ों ने भी केंद्रीय बैंक के विश्वास को मजबूत नहीं किया है कि मुद्रास्फीति की लड़ाई जीत ली गई है।

■ सेंसेक्स 539.50 अंक की छलांग लगाकर 72,641.19 पर
■ निफ्टी 172.85 अंक उछलकर 22,011.95 पर बंद




फेड के ब्याज दर में कटौती किए जाने की संभावना को बरकरार रखने के संकेत से विश्व बाजार हरे निशान पर रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.87, जर्मनी का डैक्स 0.47, जापान का निक्केई 2.03 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.93 प्रतिशत उछल गया ।

इससे बीएसई के सभी 20 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.98, सीडी 1.67, ऊर्जा 1.44, एफएमसीजी 0.76, वित्तीय सेवाएं 1.09, हेल्थकेयर 0.94, इंडस्ट्रियल्स 2.81, आईटी 0.84, यूटिलिटीज 2.70, ऑटो 1.42, कैपिटल गुड्स 2.77, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.39, धातु 2.73, तेल एवं गैस 1.41, पावर 3.06, रियल्टी 2.96 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.99 प्रतिशत मज़बूत रहे।

इसी तरह निफ्टी भी 151 अंक उछलकर 21,989.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,080.95 अंक के उच्चतम जबकि 21,941.30 अंक के निचले स्तर पर रहा।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन प्रमुख कंपनियों के शेयर बढ़त में रहे उनमें एनटीपीसी 3.55, पावरग्रिड 3.40, टाटा स्टील 2.99, इंडसइंड बैंक 2.93, टाटा मोटर्स 2.57, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.36, टेक महिंद्रा 1.67, एलटी 1.48, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.44, विप्रो 1.44, एसबीआई 1.02, एचसीएल टेक 1.00, एचडीएफसी बैंक 0.98, रिलायंस 0.50, एक्सिस बैंक 0.26, टीसीएस 0.09, इंफ़ोसिस 0.04 और नेस्ले इंडिया 0.03 प्रतिशत शामिल रहे।

वहीं, भारती एयरटेल 0.83, आईसीआईसीआई बैंक 0.24, मारुति 0.23 और एशियन पेंट के शेयर 0.06 प्रतिशत के नुक़सान में रहे।

## डेक्कन गोल्ड माइंस को तंजानिया में मिली सोने की खान

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड (डीजीएमएल) की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी डेक्कन गोल्ड तंजानिया प्राइवेट लिमिटेड ने तंजानिया में खनिज सोने के भंडार का पता लगाया है। कंपनी ने कहा कि यह भंडार के नेजेगा-ताबोरा ग्रीनस्टोन क्षेत्र में एक प्रखंड पीएल ब्लॉक 11524 में है। कंपनी ने कहा कि इसके अलावा, डेक्कन गोल्ड तंजानिया प्राइवेट लिमिटेड को 100.49 वर्ग किमी के क्षेत्र में लिथियम और उससे संबंधित धातुओं की खान की संभावनाओं का पता लगाने का प्रॉस्पेक्टिंग लाइसेंस (पीएल) दिए जाने की भी सिफारिश की गई है और लाइसेंस के आदेश की प्रतीक्षा है। डेक्कन गोल्ड तंजानिया को नेजेगा-ताबोरा ग्रीनस्टोन बेल्ट में सोने के भंडार की खोज के लिए चार पीएल और गीता-सुकुमालैंड ग्रीनस्टोन में सोने के लिए एक पीएल मिले हैं।



> भारत की सोने की खोज व खनन करने वाली एकमात्र कंपनी है डीजीएमएल

डीजीएमएल भारत की सोने की खोज और खनन करने वाली एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी है। इसकी खननयां भारत के अलावा, किर्गिस्तान, फिनलैंड और तंजानिया तक में हैं। ये लाइसेंस उसे 2021 के अंत में दिए गए थे। डीजीएमएल के प्रबंध निदेशक हनुमा प्रसाद मोदाली ने कहा तंजानिया में नेज़ेगा-ताबोरा ग्रीनस्टोन पट्टी में सोने के भंडार की खोज हमारी तकनीकी विशेषज्ञता को उजागर करती है क्यों कि वह इलाका विश्व में इस तरह के अन्वेषण की दृष्टि से सबसे जटिल इलाकों में गिना जाता है।

## सार संक्षेप

### किआ की कारें होंगी तीन प्रतिशत तक महंगी

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी किआ इंडिया ने एक अप्रैल, 2024 से सेल्टोस, सोनेट और कैरेंस सहित अपने सभी वाहनों की कीमतों में 3 प्रतिशत तक की वृद्धि करने की आज घोषणा की। कंपनी ने कहा कि लागत बढ़ने के साथ ही आपूर्ति श्रृंखला से संबंधित इनपुट में बढोतरी होने के कारण इस वर्ष कंपनी को पहली बार कीमतों में वृद्धि करने की जरूरत पड़ी है। कंपनी के बिक्री और विपणन प्रमुख हरदीप सिंह बराड़ ने कहा कि किआ में हम लगातार अपने ग्राहकों को प्रीमियम और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पाद देने का प्रयास करते हैं। हालांकि, लगातार वृद्धि के कारण हम आंशिक मूल्य वृद्धि को लागू करने के लिए मजबूर हैं। कंपनी वृद्धि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अवशोषित कर रही है, जिससे ग्राहकों को अपनी पसंदीदा किआ कारों को अपनी जेब पर कोई बड़ा बोझ डाले बिना चलाने की अनुमति मिल रही है।

### सौरभ वत्स बने निसान इंडिया के प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी निसान मोटर इंडिया ने श्री सौरभ वत्स को कंपनी का नया प्रबंध निदेशक आज नियुक्त किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उनका कार्यकाल 1 अप्रैल, 2024 से शुरू होगा। इसी साल 15 जनवरी को वत्स को कंपनी ने उप प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। अब एमडी के रूप में प्रोन्नत होने के बाद वह निसान इंडिया ऑपरेशंस के अध्यक्ष एवं बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन (एएमआईईओ) के रीजन डिवीजनल उपाध्यक्ष फ्रैंक टोरेस को रिपोर्ट करेंगे। वत्स मौजूदा एमडी राकेश श्रीवास्तव की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 31 मार्च, 2024 को पूरा हो रहा है।

### होंडा ने स्मार्ट वर्कशॉप ऐप किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने 'स्मार्ट वर्कशॉप' मोबाइल ऐप के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे उपभोक्ताओं को वाहन की सर्विस के बारे में रियल टाईम जानकारी उपलब्ध कराया जा सकेगा। कंपनी ने जारी बयान में कहा कि यह ऐप उपभोक्ताओं को सुविधाजनक एवं पारदर्शी सेवाएं उपलबध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। ऐप के माध्यम से उपभोक्ता सिंगल एसएमएस लिंक के माध्यम से अपने वाहन की सर्विस की हर अवस्था को ट्रैक कर सकेंगे। सर्विस सेंटरों में उपभोक्ता का वाहन कई चरणों -व्हीकल इन-व्हीकल रिपेयर- व्हीकल आउट- से होकर गुज़रता है। वाहन की सर्विस का हर चरण पूरा होने पर अब उपभोक्ता को एसएमएस के ज़रिए भेजे गए लिंक के माध्यम से प्रक्रिया पूरी होने का नोटिफिकेशन मिलेगा, इससे वे अपने वाहन के बारे में रियल-टाईम जानकारी पा सकेंगे। एचएमएसआई अगले साल के अंत तक, स्मार्ट वर्कशॉप मोबाइल ऐप को चरणबद्ध तरीके से देश भर में अपने सभी ऑथोराइज़्ड मेन डीलर सर्विस सेंटरों में विस्तारित करेगी।

## नथिंग इंडिया ने अपनी ऑफ्टर सेल्स सर्विस का विस्तार किया

**नई दिल्ली** 21 मार्च (एजेंसियां)। लंदन स्थित कंज्यूमर टेक ब्रांड, नथिंग ने आज एम-16, प्रथम तल, लाजपत नगर-2, नई दिल्ली-110024, में भारत में अपने दूसरे एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर का उद्घाटन करने की घोषणा की। लोकेशन पिन यह विस्तार भारतीय बाजार और कंपनी के बढ़ते उपभोक्ता आधार के प्रति नथिंग के समर्पण को दर्शाता है। दिल्ली में एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर 21 मार्च से चालू हो जाएगा और कंपनी आले दर्जे की ग्राहक सहायता और बेमिसाल ऑफ्टर सेल्स सर्विस देने की योजना बना रही है। जुलाई 2024 तक नथिंग अपने सर्विस सेंटर की संख्या 300 से बढ़ाकर 350 से अधिक करने जा रहा है, जो देश भर में 18000+ पिन कोड में उपलब्ध होंगे। अक्टूबर 2023 में बेंगलुरु में पहले एक्सक्लूसिव कस्टमर सर्विस सेंटर का शुभारंभ ब्रांड की यात्रा का एक अहम मोड़ था, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को उत्कृष्टता प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है।

बीते दिनों, नथिंग ने नथिंग फोन (2ए) की अपार सफलता की घोषणा की, इसके लॉन्च के केवल 60 मिनट के भीतर सभी चैनलों के माध्यम से 60,000 फोन बेचे गए। नथिंग और सीएमएफ ग्राहकों की बढ़ती संख्या को विश्व स्तरीय सेवा प्रदान करने के लिए दिल्ली में एक्सक्लूसिव सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया जा रहा है।

## पिछले दो चुनावी वर्षों में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। एनारॉक डॉट ग्रुप का कहना है कि डेटा रुझानों से संकेत मिलता है कि पिछले दो चुनावी वर्षों 2014 और 2019 में मकानों की बिक्री ने नए रिकॉर्ड बनाए।

रियलिटी क्षेत्र की कंपनी ने बताया कि 2014 में शीर्ष सात शहरों में बिक्री लगभग 3.45 लाख यूनिट तक पहुंच गई थी, जबकि नए लॉन्च लगभग 5.45 लाख यूनिट के साथ नए रिकॉर्ड पर थे।

एनारॉक ने कहा कि इसी तरह, 2016 और 2019 के बीच आवासीय अचल संपत्ति बाजार में सुस्ती के बाद 2019 में मकानों की बिक्री लगभग 2.61 लाख इकाई तक बढ़ गई, जबकि नए लॉन्च लगभग 2.37 लाख इकाई पर रहे। पिछले दो चुनावी वर्षों के डेटा संकेत देते हैं कि आम चुनाव और मकानों की बिक्री में करीबी संबंध है।

एनारॉक ने कहा कि 2016 और 2017 में पेश नोटबंदी, रेरा और जीएसटी जैसे प्रमुख संरचनात्मक सुधारों ने भारतीय रियल एस्टेट को अनियंत्रित बाजार से अधिक संगठित और विनियमित बाजार में बदल दिया।

एनारॉक ग्रुप के अध्यक्ष अनुज पुरी कहते हैं कि 2014 और 2019 में आवास बाजार के अभूतपूर्व प्रदर्शन का एक प्रमुख कारक निर्णायक चुनाव परिणाम रहे होंगे। घर खरीदने वालों के लिए यह सीमा-रेखा पर इंतजार का अंत था और खरीदने के लिए सक्रिय होने की दिशा में एक आश्वस्त कदम था। इन चुनावी वर्षों में कीमतों के रुझान की जांच करने पर पता चलता है कि 2014, 2019 की तुलना में बेहतर वर्ष था। डेटा बताता है कि 2014 मे शीर्ष सात शहरों में औसत कीमतें एक साल पहले की तुलना में छह प्रतिशत से अधिक बढ़ीं। एनारॉक ने कहा कि 2019 में औसत कीमतें सालाना केवल एक प्रतिशत बढ़ीं।



■ आम चुनाव व मकानों की बिक्री में है करीबी संबंध

### गर्मियों के लिए इस बार हर हफ्ते 24,275 उड़ानें : डीजीसीए

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने गुरुवार को कहा कि 31 मार्च से शुरू होने वाले गर्मियों के मौसम के लिए भारतीय ऑपरेटर कुल 24,275 साप्ताहिक घरेलू उड़ानें संचालित करेंगे। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग छह प्रतिशत ज्यादा है। विमानन नियामक के अनुसार, मौजूदा शीतकालीन कार्यक्रम की तुलना में साप्ताहिक उड़ानों की संख्या में केवल 2.30 प्रतिशत की वृद्धि है, जिसमें ऑपरेटरों ने 23,732 उड़ानें संचालित की।

डीजीसीए ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि फरवरी में हुई स्लॉट कॉन्फ्रेंस मीटिंग के बाद निर्धारित घरेलू एयरलाइनों के समर शेड्यूल 2024 (एसएस24) को अंतिम रूप दे दिया गया है, जो 31 मार्च से 26 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने कहा कि अंतिम स्लॉट की मंजूरी संबंधित हवाईअड्डा ऑपरेटरों से प्राप्त हो गई है। यह देखा गया है कि प्रति सप्ताह देश के 125 हवाई अड्डों से 24,275 उड़ानें संचालित होंगी। सर्दियों में 119 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह 23,732 उड़ानें थी।

# खेल जगत

## हरियाणा, झारखंड, मप्र और महाराष्ट्र हॉकी महिला टीम सेमीफाइनल में जीत को लेकर आश्वस्त


**पुणे।** चौदहवीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में आज होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र ने अपनी-अपनी जीत को लेकर आश्वस्त है। हरियाणा टूर्नामेंट में अब तक की सबसे प्रभावशाली टीम रही है और इसमें 11 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं। टीम क्वार्टर फाइनल में ओडिशा को 4-1 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची गयी है। इससे पहले हरियाणा ने असम को 15-0 से और पुड्डुचेरी को 22-0 से हराकर पूल डी में शीर्ष स्थान हासिल कर नॉकआउट दौर में प्रवेश किया था। हरियाणा टीम के कोच आजाद सिंह मलिक ने सेमीफाइनल मुकाबले से पहले कहा कि हमने ग्रुप चरण में काफी आसानी से जीत हासिल की।



### महेन्द्र सिंह का कप्तानी छोड़ना सीएसके लिए बड़ा झटका

# धोनी ने गायकवाड़ को सौंपी कप्तानी

### धोनी ने आईपीएल के249 मैचों में 235 मैचों में कप्तानी की





**आईपीएल में अब तक प्रदर्शन**

**आरसीबी**

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | शतक | अर्धशतक | सर्वोच्च | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ● विराट कोहली | 237 | 7263 | 7 | 50 | 113 | 130.02 |
| ● फाफ डू प्लेसी | 130 | 4133 | – | 33 | 96 | 134.14 |
| ● दिनेश कार्तिक | 242 | 4516 | – | 12 | 97* | 132.71 |
| ● मैक्सवेल | 124 | 2719 | – | 18 | 97* | 157.62 |

**सीएसके**

| बल्लेबाज | मैच | कुल रन | शतक | अर्धशतक | सर्वोच्च | स्ट्राइक रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ● धोनी | 250 | 5082 | – | 24 | 84 | 135.92 |
| ● जडेजा | 226 | 2692 | – | 2 | 62* | 128. 56 |

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (देशबन्धु)। सदाबहार विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह के दुनिया की सबसे महंगी और लोकप्रिय क्रिकेट टी-20 2024 की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 वें संस्करण में उसके आरसीबी के खिलाफ पहले मैच की पूर्व संध्या परं मौजूदा और पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी। सीएसके ने अपने एक्स पर आधिकारिक रूप से बयान जारी कर कहा कि एमएस धोनी ने ऋतुराज को सौंपी सीएसके की कप्तानी। धोनी भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को 2019 में ही अलविदा कह चुके हैं। धोनी ने आईपीएल में सीएसके 249 मैचों में 235 मैचों में उसकी कप्तानी की। धोनी का कप्तानी छोड़ना सीएसके लिए बड़ा झटका है। धोनी का 2023 के आईपीएल फाइनल के बाद घुटने के ऑपरेशन हुआ था। अब चेन्नै सुपर किंग्स नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में आरसीबी के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान का आगाज अपने घर चेन्नै के चिदांबरम स्टेडियम मे अपने पहले खिताब की बाट जोह रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के खिलाफ शुक्रवार को मैच खेलकर करेगी। धोनी धोनी 2008 में सीएसके की कप्तानी संभाली ने अपनी कप्तानी में सीएसके ने 2010, 2011, 2018, 2021 और 2023 में आईपीएल खिताब जिताए। धोनी की कप्तानी में सीएसके ने केवल 2020 और 2022 में ही शीर्ष चार में नहीं पहुंच पाई। धोनी ने सीएसके पर 2016 और 2017 में लगे प्रतिबंध के दौरान 14 मैचों राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स की कप्तानी की। धोनी ने 212 मैचों में सीएसके की कप्तानी की उसे 128 मैच जिताए और मात्र 82 हारे और दो बेनतीजा रहे।

- ■ कोहली तेज बल्लेबाजी कर आलोचकों को जवाब देने के मकसद से उतरेंगे
- ■ आरसीबी की मजबूत बल्लेबाजी और सीएसके के ऑलराउंडरों में मुकाबला

सीएसके ने आरसीबी से आईपीएल में अपने पिछले पांच में चार मैच जीते हैं। पिछले सीजन में आरसीबी चार सीजन के बाद पहली बार प्ले ऑफ में भी स्थान नहीं बना पाई थी। ऐसे में शुक्रवार को मुकाबला आरसीबी की मजबूत बल्लेबाजी और सीएसके ऑलराउंडरों के बीच होगा। ऐसे नए कप्तान 27 बरस के ऋतुराज गायकवाड़ के सामने अपनी टीम को आरसीबी को जिताने की मुश्किल चुनौती होगी। धोनी के सीएसके कप्तानी संभालने के बाद 2022 में कुछ समय कप्तानी के लिए हटे और तब रवींद्र जडेजा ने कप्तानी की बागडोर संभाली थी। धोनी ने इसके बाद 2023 में फिर सीएसके की कप्तानी संभाल उसे पांचवीं पार खिताब जिताया। इसके साथ ही सीएसके ने पांच बार आईपीएल खिताब जीतने के मुंबई इंडियंस के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। धोनी का कप्तानी छोड़ना सीएसके लिए बड़ा झटका और ऋतुराज गायकवाड़ के लिए कप्तानी की नई भूमिका संभालना एक बड़ी चुनौती होगा।

# आईपीएल के आगाज से पहले कमिंस ने भरी हुंकार



**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2016 की चैंपियन सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान पैट कमिंस चाहते हैं कि इस बार उनकी टीम आक्रामक क्रिकेट खेले।

सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी पहले एडेन मार्कराम के पास थी, लेकिन आईपीएल 2023 में 14 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ अंक तालिका में सबसे नीचे रहने वाली हैदराबाद को बदलाव के दौर से गुजरना पड़ा। कमिंस के लिए 2023 शानदार रहा, जिसने उनकी नेतृत्व क्षमता को बढ़ाया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतना, इंग्लैंड में एशेज बरकरार रखना और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान के रूप में रिकॉर्ड छठे वनडे विश्व कप ट्रॉफी पर कब्जा जमाना उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में, कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपये की मोटी रकम देकर खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए। इसके बाद, हैदराबाद ने कमिंस को अपना कप्तान बनाया, जिससे आईपीएल में वो पहली बार कप्तानी करते दिखेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद को डैनियल विटोरी द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा, जो ऑस्ट्रेलिया के लिए सहायक कोच के रूप में काम करते हैं। सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार के चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद वे अपना पहला घरेलू मैच 27 मार्च को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेलेंगे। कमिंस ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारे पास एक बेहतरीन मिश्रण है।

## एडम जम्पा आईपीएल से हुए बाहर



**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम जम्पा ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल 2024 से नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियन न्यूजपेपर के अनुसार, एडम जम्पा इस सीजन में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व करने वाले थे, लेकिन उन्होंने खेल से ब्रेक लेने का विकल्प चुना है। एजम जम्पा मिनी-ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स द्वारा खरीदे गए दो नए स्पिनरों में से एक थे। वो पहले राइजिंग पुणे सुपरजायंट (2016 और 2017 सीजन) और फिर 2020 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेल चुके हैं। एडम जम्पा को आईपीएल 2023 की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.5 करोड़ रुपये में खरीदा था। जम्पा ने आईपीएल 2023 में छह मैच खेले और आठ विकेट लिए।

## लखनऊ में अपनी आईपीएल टीम से जुड़े राहुल

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल शुक्रवार से शुरू हो रहा है। सभी टीमें मुकाबले के लिए तैयार हैं। इस बीच चोट के बाद कमबैक कर रहे केएल राहुल टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ जुड़ने के लिए लखनऊ पहुंच चुके हैं। कप्तान ने नए मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के तहत सीजन के लिए अपना उत्साह शेयर किया। राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे। बुधवार को फ्लाइट लेट होने के कारण अभ्यास मैच के बाद टीम से जुड़े। उन्होंने सोशल मीडिया पर लखनऊ से लैंगर के साथ एक फोटो शेयर की, जिसमें कप्तान ने लिखा, नए युग की शुभ सुबह! लैंगर पहले ऑस्ट्रेलिया की पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं। उन्हें इस सीजन में लखनऊ टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। उन्होंने टीम में एंडी फ्लावर की जगह ली, जिनका फ्रेंचाइजी के साथ दो साल का अनुबंध आईपीएल 2023 सीजन के बाद समाप्त हो गया था। 2022 में आईपीएल में डेब्यू करने के बाद, फ्लावर के मार्गदर्शन में दो बार अंक तालिका में लखनऊ तीसरे स्थान पर रही और प्लेऑफ में पहुंची, लेकिन वे 2022 और 2023 में एलिमिनेटर से आगे बढ़ने में विफल रहे।

■ राहुल पिछले साल चोट के कारण आईपील से लगभग बाहर रहे

राहुल को अपने दाहिने क्वाड्रिसेप्स में समस्या का सामना करना पड़ा था और वह जनवरी में हैदराबाद टेस्ट के बाद पूरी भारत-इंग्लैंड श्रृंखला से चूक गए थे। वह हाल ही में एक मेडिकल टीम से सलाह लेने के बाद लंदन से लौटे और एनसीए में रिहैब से गुजरे। पिछले साल, 1 मई को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ आईपीएल 2023 मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स के लिए फील्डिंग करते समय राहुल की दाहिनी जांघ में चोट लगने के बाद सर्जरी हुई थी।

## पंत का शामिल होना टीम के लिए बेहद खास : अक्षर पटेल

**चंडीगढ़,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल 2024 का आगाज शुक्रवार से होने वाला है। इस सीजन में कुछ ऐसे नाम हैं जिनके कमबैक का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसमें सबसे बड़ा नाम ऋषभ पंत का है, जो एक खतरनाक कार एक्सीडेंट और लंबे ब्रेक के बाद मैदान पर वापसी करेंगे। भारतीय टीम का ये स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज अब पूरी तरह फिट है और आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व करते हुए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए तैयार भी है।

इस बीच ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने अपने खास दोस्त की वापसी पर खुशी व्यक्त की और कहा कि एक बार फिर टीम में उनके आने से हंसी-मजाक और मौज-मस्ती शुरू हो गई, जिसकी शायद पिछले साल बहुत कमी खली थी। दिल्ली कैपिटल्स सीजन का पहला मैच पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलेगी, जिसके लिए टीमें चंडीगढ़ पहुंच चुकी हैं। अक्षय ने दिसंबर 2022 में एक जानलेवा कार दुर्घटना में कई चोटों से उबरने के 14 महीने बाद पंत की वापसी पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हर किसी ने कहा होगा कि टीम में उसका वापस आना बहुत अच्छा है, लेकिन व्यक्तिगत रूप से, मैंने उसे बहुत याद किया, पिछले साल मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह हमारी नोक-झोंक को मैंने काफी मिस किया। लेकिन, अब जब वह वापस आ गया है, तो खेल को लेकर गंभीर बातचीत के साथ-साथ हंसी-मजाक भी शुरू हो चुका है। मैं इस सीजन में उसके साथ और अधिक मौज-मस्ती करने की उम्मीद कर रहा हूं। 30 वर्षीय ऑलराउंडर ने आईपीएल के 17वें संस्करण में टीम के दृष्टिकोण पर भी बात की। अक्षर ने कहा कि हर कोई अपने-अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। टीम में बहुत अच्छा माहौल है। हमारे शुरुआती मैच से पहले विशाखापत्तनम में हमारे पास अच्छे प्रशिक्षण सत्र थे। अक्षर पटेल ने कहा कि यह एक नया सीज़न है, हम नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं। मुख्य रूप से कोचों के साथ बातचीत, योजनाएं बनाना और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि टूर्नामेंट में चीजों को कैसे सरल रखा जाए, इस पर खूब चर्चा हो रही है। दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल 2024 के अपने पहले मैच में 23 मार्च को महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी।



हर कोई अपने-अपने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है : अक्षर पटेल

## सार संक्षेप

### पाक महिला क्रिकेटर जावेरिया खान ने लिया संन्यास

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की अनुभवी बल्लेबाज जावेरिया खान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है, जिससे उनका 15 साल लंबा करियर खत्म हो जाएगा। जावरिया ने 6 मई, 2008 को श्रीलंका के कुरुनेगला में महिला एशिया कप मैच में श्रीलंका के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया और 2009 में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ टी20 डेब्यू किया। उन्होंने 228 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान महिला टीम का प्रतिनिधित्व किया और 4,903 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 25 अर्धशतक शामिल थे। जबकि, अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से 28 विकेट भी हासिल किए। जावेरिया ने कहा कि मैं अपनी सेवानिवृत्ति की घोषणा करना चाहती हूं। मैं लीग क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहूंगी। मैं अपने पूरे करियर में मिले अटूट समर्थन के लिए आभारी हूं। मैं अपने परिवार, टीम के साथियों, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड समेत सभी समर्थकों को हर कदम पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं, जिनकी सराहना मेरे अंदर सर्वश्रेष्ठ लाने में सहायक रही। मुझे पाकिस्तान का झंडा थामने का सौभाग्य मिला है, ये मेरे लिए सबसे खास है।35 वर्षीय पाकिस्तान महिला टीम के लिए वनडे और टी20 में दूसरे प्रमुख रन स्कोरर के रूप में सेवानिवृत्त हुईं और साथी बल्लेबाज बिस्माह मारूफ के अलावा पाकिस्तान की एकमात्र महिला क्रिकेटर हैं, जिन्होंने प्रत्येक प्रारूप में 2,000 से अधिक रन बनाए हैं।

### मियामी ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे एंडी मरे

**फ्लोरिडा,** 21 मार्च (एजेंसियां)। एंडी मरे ने मियामी ओपन 2024 में अच्छी शुरुआत की और हार्ड रॉक स्टेडियम में माटेओ बेरेटिनी को 2 घंटे, 48 मिनट के मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। बुधवार की जीत के साथ, मरे मियामी में नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के साथ 30 मैच जीतने वाले क्लब में शामिल हो गए। सर्बियाई खिलाड़ी ने दक्षिण फ्लोरिडा में 44 जीत दर्ज की हैं, जबकि नडाल के नाम 40 जीत दर्ज हैं। दो बार के मियामी चैंपियन ने शानदार कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया और बढ़त बनाए रखी। अपने प्रतिद्वंद्वी की 44 की तुलना में केवल 20 गलतियां की और चौथी बार पहले दौर की जीत हासिल की। बेरेटिनी फीनिक्स में एटीपी चैलेंजर टूर 175 इवेंट में फाइनलिस्ट बनकर मियामी पहुंचे, जहां वह छह महीने की चोट के बाद अपना पहला इवेंट खेल रहे थे। एंडी मरे का अगला मुकाबला टॉमस मार्टिन एचेवेरी से है, जिन्होंने उन्हें ऑस्ट्रेलियन ओपन में सीधे सेटों में हराया था। अर्जेंटीना ने अपने तीन मुकाबलों में से दो में जीत हासिल की है।

## ऑस्ट्रेलिया ने बंगलादेश को 118 रनों से हराया

**मीरपुर,** 21 मार्च (एजेंसियां)। एनाबेल सदरलैंड के नाबाद 58 रनों की अर्धशतकीय और अलाना किंग की 46 रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने गुरुवार को एकदिवीय मुकाबले में बंगलादेश की महिला टीम को 118 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया है। 214 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में मेगन शूट ने फरजाना हक को शून्य पर पवेलियन भेजकर बंगलादेश को पहला झटका दिया। इसके बाद शोबना मोस्तारी और मुर्शीदा खातून ने पारी को संभालने का प्रयास किया। मोस्तारी 17 रन को किंग ने बोल्ड आउट किया। मुर्शीदा 10 रन बनाकर आउट हुई। कप्तान निगार सुल्ताना ने टीम के सर्वाधिक 27 रनों की पारी खेली। वह लगातार दो और बल्लेबाजों फाहिमा खातून और ऋतु मोनी के रनआउट होने के बाद रनआउट हुई।

## महिला टी-20 विश्व कप क्वालीफायर के लिए कार्यक्रम का ऐलान

**दुबई,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आईसीसी ने गुरुवार को महिला टी20 विश्व कप 2024 क्वालीफायर के लिए कार्यक्रम का ऐलान कर दिया है। 25 अप्रैल से 7 मई तक अबू धाबी, यूएई में क्वालीफाइंग टूर्नामेंट खेले जाएंगे। इसमें दो स्थानों के लिए 10 टीमें हिस्सा लेंगी।

10 टीमों को पांच-पांच के दो ग्रुप में बांटा गया है। ये टीमें 25 अप्रैल से अबू धाबी में प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों ग्रुप के दो टेबल-टॉपर्स 5 मई को सेमीफाइनल में भाग लेंगे, जिसमें विजेता बांग्लादेश में होने वाले वर्ल्ड कप के लिए अपना टिकट बुक करेंगे। सितंबर-अक्टूबर में होने वालेआईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में मेजबान बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीमें खेलेंगी। क्वालीफायर 2024 के लिए, स्कॉटलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा और यूएसए ग्रुप ए में हैं। जबकि आयरलैंड, नीदरलैंड, यूएई, वानूआतू और जिम्बाब्वे ग्रुप बी में हैं। इस आयोजन में पांच आईसीसी वैश्विक विकास क्षेत्रों के साथ-साथ आयरलैंड और श्रीलंका को मिलाकर कुल 8 टीमें शामिल हैं, जिन्हें दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के शीर्ष छह में जगह नहीं मिली और आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में डायरेक्ट क्वालीफाई करने से चूक गए। क्वालीफायर का आयोजन जायद क्रिकेट स्टेडियम और टॉलरेंस ओवल में किया जाएगा, जो अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब का हिस्सा हैं। मोहन ओवल, जो उसी क्षेत्र में स्थित है, 21 और 23 अप्रैल को दो अभ्यास मैचों की मेजबानी करेगा। पहले दिन, श्रीलंका का मुकाबला थाईलैंड से होगा, जबकि स्कॉटलैंड टॉलरेंस ओवल में युगांडा से भिड़ेगा।



■ जायद क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड का मुकाबला यूएई से और जिम्बाब्वे का मुकाबला वानूअतू से होगा

## रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे केशव महाराज

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। आईपीएल के 17वें सीजन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स कैंप से जुड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर केशव महाराज गुरुवार को अयोध्या पहुंचे और राम लला के दर्शन कर विशेष पूजा अर्चना की। बाएं हाथ के अफ्रीकी स्पिनर ने सोशल मीडिया पर अयोध्या जाने की एक फोटो शेयर की, जो अब खूब वायरल हो रही है। केशव महाराज ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जय श्री राम, सभी को आशीर्वाद। केशव महाराज आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ टीम के साथ प्रशिक्षण लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन वह टीम के आधिकारिक सदस्य नहीं होंगे। दिसंबर 2023 में हुई आईपीएल नीलामी में महाराज पर किसी भी टीम ने बोली नहीं लगाई थी। उसके बाद हाल ही में लखनऊ ने एक बयान में कहा था कि केशव महाराज उनकी आधिकारिक टीम का हिस्सा नहीं होंगे, लेकिन पूरे सीजन उनके साथ रहेंगे। इससे पहले, महाराज ने 22 जनवरी को राम मंदिर के अभिषेक से पहले इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का इंतजार कर रहा हूं।



# सिंधू, लक्ष्य और किदांबी स्विस ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे

### पीवी सिंधू ने पहले गेम में अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की



**बासेल,** 21 मार्च (एजेंसियां) ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर स्विस ओपन 2024 के दूसरे दौर में पहुंच गये है। बुधवार को स्विट्जरलैंड के बासेल में सेंट जैकबशाले एरिना में खेले गए मुकाबले में विश्व रैकिंग में 11वें स्थान पर काबिज और चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने 34 मिनट तक चले इस मुकाबले में वर्ल्ड बैडमिंटन रैंकिंग में 43वें स्थान पर मौजूद थाईलैड की पोर्नपिचा चोएकीवोंग को सीधे गेम में 21-12, 21-13 से हराया।

पीवी सिंधु ने पहले गेम में अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए आसान जीत हासिल की। गेम की शुरुआत से ही उन्होंने थाईलैंड की खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी। 15-8 की बढ़त बनाने के बाद भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने अपना शानदार खेल जारी रखा और 21-12 से पहला गेम अपने नाम कर लिया। सिंधु दूसरे गेम में भी पोर्नपिचा पर हावी रहीं और बढ़त बना ली, लेकिन पोर्नपिचा चोएकीवोंग ने जल्द ही वापसी की और 9-9 से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद सिंधु ने 16-11 की बढ़त बनाई और थाईलैंड की खिलाड़ी को मैच निर्णायक तक पहुंचाने का कोई मौका नहीं दिया और उन्होंने 21-13 से दूसरा गेम जीत लिया इसके अलावा पुरुष एकल मुकाबले में वर्ल्ड रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज़ लक्ष्य सेन ने मलेशियाई बैडमिंटन खिलाड़ी लियोंग जून हाओ को 21-19, 15-21, 21-11 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में किदांबी श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग त्जु वेई को सीधे गेम में हराया। उन्होंने चीनी ताइपे शटलर को 21-17, 21-18 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। वहीं महिला युगल मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा ने इंडोनेशिया की मीलीसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज को 21-18, 12-21, 21-19 से शिकस्त देकर अगले राउंड में अपनी जगह बनाई। महिला युगल के अन्य मैच में प्रिया कोन्जेंगबम और श्रुति मिश्रा ने चीनी ताइपे की जोड़ी हुआंग यू-हसुन-लियांग टिंग यू को सीधे गेम में शिकस्त दी। भारतीय जोड़ी ने इस मुकाबले में 21-13, 21-19 के स्कोर से जीत हासिल कर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष युगल जोड़ी हरिहरन एम्सकरुणन और रुबन कुमार रेथिनसाबपति को पहले राउंड में जापान के केन्या मित्सुहाशी हिरोकी ओकामुरा से 21-19, 21-14 से हार का सामना करना पड़ा।

## बलात्कार के आरोप में रोबिन्हो को ब्राजील में काटनी होगी 9 साल की सजा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी स्टार रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए 9 साल की जेल की सजा काटनी होगी। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्ट्राइकर रोबिन्हो को इटली में गैंगरैप के आरोप में 9 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। यह घटना जनवरी 2013 की है। इससे पहले 2017 में, रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के गैंग रेप में शामिल होने के लिए इटली में 9 साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी ब्राज़ील चले गए, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। इसके बाद इटली ने ब्राज़ील से इस फुटबॉलर के खिलाफ एक्शन लेने की मांग की थी। स्काई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी। ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से वोट किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू सरजमीं पर सजा काटने के पक्ष में थे। रोबिन्हो के वकील, जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, इसका मतलब है कि वो सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। पूर्व ब्राज़ीलियाई अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियाल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीती।